

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


# दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 27 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 06 नवम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## कार्तिक पूर्णिमा पर हनुमान गढ़ी मंदिर में लगा भक्तों का तांता,

श्रद्धालुओं पर की गई पुष्प वर्षा

हिंदू धर्म के सबसे पवित्र त्योहारों में से एक कार्तिक पूर्णिमा 5 नवंबर यानी बुधवार को मनाई जा रही है। प्रयागराज, हरिद्वार, रायबरेली और कई धार्मिक स्थलों पर भक्त आस्था की डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं।

**कार्तिक पूर्णिमा पर हनुमान गढ़ी मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों का आगमन हुआ है**

प्रयागराज के घाटों पर तो श्रद्धालुओं का तांता लगा ही हुआ है, स्नान के बाद भक्त हनुमान गढ़ी मंदिर में भी पहुंच रहे हैं और पुलिस प्रशासन भक्तों पर पुष्प वर्षा कर रहा है। कार्तिक पूर्णिमा पर हनुमान गढ़ी मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों का आगमन हुआ है। बाबा हनुमान जी के दर्शन के लिए मंदिर के बाहर तक लाइन लगी है और पुलिस प्रशासन भक्तों को अलग-अलग कतारों के जरिए मंदिर के भीतर प्रवेश दे रहे हैं। भले ही मंदिर में भीड़ है, लेकिन भक्त लंबा इंतजार करने के साथ-साथ भगवान हनुमान के जयकारे भी लगा रहे हैं।

**सीएम योगी के नेतृत्व में मंदिर प्रशासन और पुलिस प्रशासन मिलकर सब कुछ संभाल रहे हैं**

मंदिर में दर्शन करने के लिए आई महिला भक्त ने बताया कि "भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन की व्यवस्था बहुत अच्छी है, सभी भक्तों को अच्छे से दर्शन कराया जा रहा है, भले ही भीड़ ज्यादा है लेकिन पुलिस-प्रशासन ने सब संभाल रखा है और दर्शन के समय किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हुई। सीएम योगी के नेतृत्व में मंदिर प्रशासन और पुलिस प्रशासन मिलकर सब कुछ कर रहे हैं।"

**सुबह लगातार 3 बजे से ही भक्त मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं और ऐसा शाम तक चलने वाला है**

एक अन्य महिला श्रद्धालु ने बताया कि दर्शन करके बहुत अच्छा लगा और दर्शन करने आए भक्तों पर फूलों की वर्षा भी की गई।

# नमो घाट पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया पहला दीप प्रज्वलित

## देव दीपावली समर्पित रही ऑपरेशन सिंदूर और शहीद जवानों को

समाज जागरण
रंजीत तिवारी, वाराणसी

वाराणसी। देवों के देव महादेव की नगरी काशी बुधवार की शाम लाखों दीपों की ज्योति से आलोकित हो उठी। देव दीपावली के पावन अवसर पर जब गंगा तट पर दीपों की सुनहरी आभा झिलमिलाई, तो पूरा शहर दिव्यता और भव्यता के अद्भुत संगम में डूब गया।

मां गंगा की गोद से निकलती आस्था की सीढ़ियों पर जलते दीपों ने ऐसा दृश्य प्रस्तुत किया, मानो स्वर्ग स्वयं धरती पर उतर आया हो।

### योगी आदित्यनाथ ने किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नमो घाट पर पहला दीप प्रज्वलित कर देव दीपावली महोत्सव का



शुभारंभ किया। उनके साथ पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, महापौर अशोक तिवारी और जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य मौजूद रहे।

सीएम योगी ने मां गंगा की आरती में भाग लिया और क्रूज से घाटों की दिव्यता का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच देखकर श्रद्धालुओं ने "हर हर महादेव" के जयकारों से पूरा घाट गूंजा दिया।

### अमर जवानों को नमन - ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित आयोजन

दशाश्वमेध घाट पर -अमर जवान ज्योति' की प्रतिकृति स्थापित कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस वर्ष देव दीपावली महोत्सव 'ऑपरेशन सिंदूर' को समर्पित रहा, जिसके माध्यम से देश की वीर माताओं और अमर जवानों के बलिदान को सम्मान दिया गया।

### 'काशी-कथा' और 'ग्रीन क्रैकर्स शो' रहे आकर्षण का केंद्र

चेत सिंह घाट पर आयोजित थ्रीडी प्रोजेक्शन शो 'काशी-कथा' में शिव-पार्वती विवाह, बुद्ध उपदेश, कबीर-तुलसी की भक्ति परंपरा और महामना मालवीय की काशी यात्रा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। वहीं गंगा पार रेत पर आयोजित ग्रीन क्रैकर्स शो ने पर्यावरणीय संदेश के साथ आकाश को रंगों से भर दिया।

### महाआरती में आध्यात्मिकता और राष्ट्रवाद का संगम

दशाश्वमेध घाट पर 21 अर्चकों और 42 देव कन्याओं ने 21 कुंटल फूलों और 51 हजार दीपों से सजी महाआरती की। शंखनाद और घंटा-घड़ियालों की ध्वनि से वातावरण में अद्भुत ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर वीर जवानों को 'भगीरथ शौर्य सम्मान' से सम्मानित किया गया।

### 15 लाख दीपों से जगमगाई काशी

*योगी सरकार द्वारा निर्धारित 10 लाख दीपों के लक्ष्य को जनता की सहभागिता से पार करते हुए लगभग 15 से 25 लाख दीप जलाए गए। इनमें एक लाख पर्यावरण-अनुकूल गोबर से बने दीप भी शामिल रहे। घाटों, तालाबों और मंदिरों पर दीपों की श्रृंखला ने काशी को स्वर्णमाला-सी शोभा दी।*

### विश्वनाथ धाम में विशेष सजावट, सुरक्षा रही अभेद्य

श्री काशी विश्वनाथ धाम को फूलों और दीपों से भव्य रूप में सजाया गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते शहर को नो-फ्लाई जोन घोषित किया गया। घाटों पर एनडीआरएफ, जल पुलिस, एंटी रोमियो स्क्वॉड और क्यूआरटी टीमों की तैनाती रही। जल, थल और नभ - हर दिशा में सुरक्षा व्यवस्था अभेद्य रही।

***काशी की देव दीपावली इस बार केवल भक्ति और सौंदर्य का नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति और मातृत्व के सम्मान का पर्व बन गई – जिसने पूरी दुनिया को भारतीय संस्कृति की उजास से आलोकित कर दिया।***

# पटना में गंगा सहित कई नदी घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने किया पवित्र स्नान, 'हर-हर गंगे' के जयकारों से गूंजा वातावरण

समाज जागरण / वेद प्रकाश

पटना। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार की सुबह पटना सहित आसपास के क्षेत्रों में गंगा, सोन और पुनपुन नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

भोर होते ही लोग स्नान-पूजन के लिए घाटों पर पहुंचने लगे। सूर्य की पहली किरण के साथ ही 'हर हर गंगे' और 'जय श्रीहरि' के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

### गंगा स्नान का पुण्य और आस्था का उत्सव

धार्मिक मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने से सभी पापों का नाश होता है और व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। लोगों ने थाल में दीप, फूल और गंगाजल लेकर भगवान



विष्णु का पूजन किया।

महिलाएं नदी तट पर दीपदान और तर्पण में लीन दिखीं।

कई परिवार छोटे बच्चों सहित सुबह-सुबह स्नान और पूजा के लिए पहुंचे।

### 30 से अधिक घाटों पर उमड़ी भीड़

बांकीपुर, पाटलिपुत्र, पटना सिटी, अजीमाबाद और नूतन राजधानी अंचल के करीब 30 घाटों पर स्नानार्थियों का तांता लगा रहा।

दानापुर, दीघा, नारियल घाट, शाहपुर घाट और फक्कड़ महतो घाट जैसे प्रमुख स्थलों पर भक्तों की अपार भीड़ रही।

कुछ घाटों पर स्नान के साथ दीपदान और भजन-कीर्तन के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

### धार्मिक महत्व और मान्यता

पुराणों के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा का दिन भगवान विष्णु और भगवान कार्तिकेय को समर्पित है।

**इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार धारण किया था।**

मान्यता है कि इस दिन स्नान, दीपदान, दान और हवन करने से दस यज्ञों के बराबर पुण्य फल प्राप्त होता है।

नारद पुराण में वर्णित है कि इस दिन भगवान कार्तिकेय की पूजा करने से व्यक्ति को सद्गुणों की प्राप्ति और शत्रुओं पर विजय मिलती है।

**कार्तिक मास को आत्मशुद्धि और साधना का महीना कहा गया है।**

पटना की गंगा घाटों पर उमड़ी आस्था की लहर ने कार्तिक पूर्णिमा को अद्भुत आध्यात्मिक उत्सव में बदल दिया – जहाँ भक्ति, श्रद्धा और संस्कृति का संगम देखने को मिला।

### सुरक्षा और यातायात व्यवस्था रही सख्त

भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए।

घाटों तक पहुंचने के लिए एप्रोच रोड बनाए गए और सुरक्षा के लिए तीन-स्तरीय बैरिकेडिंग की गई।

एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों के साथ पुलिस बल पूरी मुस्तैदी से तैनात रहा।

भीड़ की निगरानी ड्रोन कैमरों से की जा रही थी।

स्वास्थ्य विभाग ने घाटों पर मेडिकल टीम और एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की थी।

बिहार चुनाव

## पहले चरण का मतदान गुरुवार को, सम्राट, तेजस्वी, विजय समेत कई नेताओं का भविष्य दांव पर



समाज जागरण

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान गुरुवार को होगा। इस चरण में प्रदेश के 121 सीटों के 3.75 करोड़ से अधिक मतदाता 1314 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य को तय करेंगे। इस चरण में कई दिग्गजों की किस्मत का फैसला भी मतदाता तय करेंगे जो चुनावी समर में ताल ठोक रहे हैं।

**पहले चरण के 121 सीटों पर एनडीए के 121 और महागठबंधन के 126 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं**

पहले चरण के चुनाव में जिन 121 सीटों पर मतदान होना है, उनमें से एनडीए के 121 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, जबकि महागठबंधन के 126 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। एनडीए की ओर से भाजपा के 48 उम्मीदवार जबकि जदयू के 57, लोजपा (रामविलास) के 14 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के दो प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला होना है।

**महागठबंधन के 73 राजद, 24 कांग्रेस, 14 भाकपा माले, 5 वीआईपी, 3 माकपा, 5 भाकपा और 3 आईआईपी उम्मीदवारों का भविष्य मतदाता तय करेंगे**

जबकि महागठबंधन की ओर से इस चरण में राजद के 73, कांग्रेस के 24, भाकपा माले के 14, वीआईपी के पांच, माकपा के तीन और भाकपा के पांच सहित इंडियन इंकलाब पार्टी (आईआईपी) के तीन उम्मीदवारों का भविष्य मतदाता तय करेंगे।

**पहले चरण में 14 मंत्री उम्मीदवार हैं और 17 जिलों में मतदान होगा**

पहले चरण के चुनाव में कई दिग्गजों की किस्मत भी दांव पर लगी है। इनमें उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा और तेजस्वी यादव की किस्मत भी गुरुवार को मतदाता तय करेंगे। बताया गया कि इस चरण में 14 मंत्री भी उम्मीदवार हैं। पहले चरण में मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना और भोजपुर जिलों में मतदान होना है।

**पहले चरण के मतदान में कई पार्टियों के अध्यक्षों के भी भविष्य तय होंगे**

पहले चरण के मतदान में कई पार्टियों के अध्यक्षों के भी भविष्य तय होंगे। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा महनार से चुनावी मैदान में हैं जबकि रालोमो के अध्यक्ष मदन चौधरी पारू से और आईआईपी के इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता सहरसा से चुनावी मैदान में हैं।

**इस चरण में मैथिली ठाकुर, खेसारी लाल यादव और कई चर्चित नेताओं का राजनीतिक भविष्य तय होगा**

इसके अलावा इस चरण के चुनाव में कई चर्चित चेहरों के राजनीतिक भविष्य तय होंगे। इनमें लोकगायिका मैथिली ठाकुर, शत्रुघ्न कुमार उर्फ खेसारी लाल यादव, पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा, सीवान के पूर्व सांसद शहाबुद्दीन के पुत्र ओसामा शहाब, परसा से पूर्व सीएम दारोगा राय की पोती करिश्मा राय शामिल हैं।

इस चुनाव में मुख्य मुकाबला नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले एनडीए और तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले महागठबंधन के बीच माना जा रहा है

चुनाव में मुख्य मुकाबला नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले एनडीए और तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले महागठबंधन के बीच माना जा रहा है। हालांकि कई क्षेत्रों में जन सुराज और एआईएमआईएम के प्रत्याशी भी पूरा जोर लगा रहे हैं।(इनपुट-आईएएनएस)

# इस वर्ष शादियों के सीजन में मध्यप्रदेश में 1.85 हजार शादियां होंगी

## 30 हजार करोड का व्यापार होने की संभावना: कैट

**वोकल फोर लोकल अभियान के तहत भारतीय उत्पादों का होगा दबदवा।**

समाज जागरण

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की अनुसंधान शाखा 'कैट रिसर्च एण्ड ट्रेड डबलपमेंट सोसायटी"(सीआरटीडीएस) ने अनुमान लगाया है कि इस शादी सीजन 1 नबम्बर से 14 दिसम्बर 2025 के दौरान प्रदेश भर में लगभग 1.85 हजार शादियां होंगी जिनसे कुल 30 हजार करोड का व्यवसाय होगा।

कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने बताया कि व्यापक अध्यन 15 से 25 अक्टूबर 2025 के बीच प्रदेश के 12 प्रमुख शहरों में किया गया था। अध्यन से पता चला कि भारत की बेडिंग एकोनमी घरेलू व्यापार का एक मजबूत स्तम्भ बना हुआ है, जो परम्परा, आधुनिकता, आत्म निर्भरता का संगम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के वोकल फोर लोकल विजन के अनुरूप है।

कैट अध्यन के प्रमुख निष्कर्ष-सेटल शादियां 1.85 हजार, अनुमानित व्यापार 30 हजार करोड, 12 प्र्मुख शहरों से अध्यन किया गया। तुलनात्मक रूप से 2024 में 1.56 हजार शादियों से 27 हजार करोड का



व्यापार हुआ था। 2023 में 1.35 हजार शादियों से 22 हजार करोड का व्यापार हुआ था।

कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने कहा कि इस वर्ष शादियों की संख्या लगभग पिछले वर्ष के बराबर है। प्रति शादी खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसका कारण बढती आय, कीमती धातुओं की मूल्यों में वृद्धि और त्यौहारी सीजन में उपभोकता विश्वास का बढना है। अध्यन में यह भी सामने आया अब शादी से जुडे 70 प्रतिशत से अधिक सामान भारतीय निर्मित है। जैसे परिधान, आभूषण, सजावट सामग्री, वर्तन, केटरिंग आयटम आदि।

कैट प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया कि वोकल फोर लोकल वेडिंग अभियान ने चीनी लाइटिंग, कृतिम सजावट और गिफट एसेसरी, आयातित उत्पादों की मौजूदगी को काफी घटा दिया है।

कैट प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी ने बताया कि पारमपरिक कारीगरों, ज्वेलर्स और वस्त्र उत्पादों को भारी आर्डर मिल रहे हैं। जिससे मध्यप्रदेश की स्थानीय निर्माण क्षमता और हस्तकला को नया बल मिल रहा है।

कैट संभागीय अध्यक्ष जबलपुर दीपक सेठी ने बताया की इस वर्ष शादियों के सीजन में ज्यादातर लोग अपने प्रदेश अपने शहर में ही शादी कर रहे हैं, जिस तरह पहले लोग अपने शहर से बाहर जाकर (destination wedding) शादियां करते थे, इस तरह से बाहर जाकर शादियां करने वालों की कमी देखी जा रही है, इसे अपने शहर के होटल इंडस्ट्री, सोना चांदी का व्यापार, स्वीट्स मिठाइयां, गिफ्ट आइटम, टेंट, कैटर्स, डेकोरेटर, इवेंट मैनेजमेंट, बैंड, वाले एवं अन्य लोगों के व्यापार में बढ़ोतरी होगी,

कैट जबलपुर अध्यक्ष राजीव बड़ेरिया ने बताया कि इस वर्ष शादी होकर सीजन में वोकल फॉर लोकल को जन समर्थन मिल रहा है, अपने शहर में ही शादी जैसे बड़े इवेंट करने से लोकल व्यापारी का व्यापार मैं उन्नति के साथ-साथ लोकल लोगों को रोजगार भी मिलेगा एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी,

# *गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश उत्सव दुमदुमा में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया।

समाज जागरण गोरख नाथ गुप्ता।*

असम श्री गुरु सिंह सभा, तिनसुकिया जिले के गुरुद्वारा साहिब दुमदुमा में 1 से 5 नवम्बर तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन के साथ गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के अवसर पर असम श्री गुरु सिंह सभा, गुरुद्वारा साहिब दुमदुमा में पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला भक्ति और श्रद्धा के वातावरण में आयोजित किया गया।इस उपलक्ष्य में गुरूद्वारा प्रांगण में श्रद्धालु अपने परिवार सहित भाग लिया।कार्यक्रमों की शुरूआत शनिवार, 1 नवम्बर को प्रभात फेरी के साथ प्रातः 4 बजे हुई, जिसमें संगत ने कीर्तन और गुरु बाणी का गायन करते हुए नगर भ्रमण किया।रविवार, 2 नवम्बर को दरबार साहिब दी सेवा और सजावट सुबह 10 बजे से की गई, गुरुद्वारा परिसर को फूलों और रोशनी से सजाया।सोमवार, 3 नवम्बर को निशान साहिब पर अरदास और शबद कीर्तन सुबह 9 बजे से आरंभ हुआ। इसके पश्चात श्री अखंड पाठ साहिब का आरंभ 10 बजे हुआ।सोमवार से गुरु ग्रंथ साहिब का गुरुद्वारा के पांच ग्रंथों द्वारा 48 घण्टे का अखण्ड पाठ किया गया जिसकी समापन मंगलवार को किया गया। मंगलवार को गुरु के आदर्शों पर प्रवचन तथा बुधवार को भोग श्री अखंड पाठ साहेब एवं साहिब कीर्तन तथा गुरु लंगर लगाया गया जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष महिलाओं ने लंगर में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर असम श्री गुरु सिंह सभा के सेवादारों ने बताया कि गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव हमें "नाम जपो, किरत करो और वंड छको" का संदेश देता है – अर्थात सच्चाई के मार्ग पर चलकर परिश्रम करना और दूसरों के साथ बाँटकर जीवन बिताना ही सच्ची सेवा है। गुरुद्वारा परिसर में इस अवसर पर अखंड पाठ साहिब, शब्द कीर्तन, नगर कीर्तन और लंगर सेवा के माध्यम से भक्ति, प्रेम और भाईचारे का संदेश गूंजता रहा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष अमरजीत सिंह बेदी, सचिव सरजीत सिंह समेत दलविन्दर सिंह , विक्रम सिंह, रवि लाल, पविन्द्र सिंह आदि ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# बिहार में मतदान से पहले कत्ल की रात

कत्ल की रात एक मुहावरा है, कहावत है या जुमला है? इस फेर में मत पडिए. किसी भी परीक्षा से पहले के चौबीस घंटे कत्ल की रात में शुमार किए जाते हैं. बिहार विधानसभा की 121सीटों के लिए 6 नवंबर से पहले की रात इसीलिए कत्ल की रात कहा जा रहा है.

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार मंगलवार शाम थम गया. और उससे पहले हकीकत में एक बाहुबली




दुलारचंद यादव की मोकामा में हत्या भी हो गई. मोकामा से जेडीयू के बाहुबली प्रत्याशी अनंत सिंह हत्या के आरोप में जेल भी चले गए, लेकिन जेडीयू ने रातों-रात सैकडों अनंत सिंह पैदा कर लिए. खुद केंद्रीय मंत्री लल्लन सिंह ने अनंत सिंह का वेश धर लिया है, उन्होने फतवा जारी किया है कि 6 नवंबर को कोई भी विरोधी मतदातामतदान के लिए घर से न निकल पाए.

तय कार्यक्रम के मुताबिक 6 नवंबर को 18 जिलों की 121 सीटों के लिए वोटिंग होगी. पहले चरण में मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना, भोजपुर और बक्सर जिलों में वोटिंग होगी. इस फेज में 1314 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें कई हाई-प्रोफाइल सीटें हैं.

आपको बता दें कि पहले चरण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कैबिनेट के 16 मंत्रियों की किस्मत दांव पर है. इनमें बीजेपी कोटे से 11 और जेडीयू कोटे से 5 मंत्री शामिल हैं. भाजपा के मंत्रियों में मंगल पांडे (सीवान), नितिन नवीन (बांकीपुर), सम्राट चौधरी (तारापुर), विजय कुमार सिन्हा (लखीसराय), जीवेश मिश्रा (जाले), संजय सरावगी (दरभंगा शहरी) और सुनील कुमार (बिहारशरीफ) शामिल हैं. वहीं जेडीयू के प्रमुख मंत्रियों में विजय कुमार चौधरी (सराय रंजन), श्रवण कुमार (नालंदा), मदन सहनी (बहादुरपुर) और महेश्वर हजारी (कल्याणपुर) हैं.

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरीतारापुर सीट से मैदान में हैं. उनकी आरजेडी के अरुण कुमार साह से सीधी टक्कर मानी जा रही है. जन सुराज के संतोष कुमार सिंह और तेज प्रताप यादव की पार्टी जनशक्ति जनता दल के सुखदेव यादव भी चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं.

आरजेडी की पारिवारिक सीट राघोपुर से इस बार यहां से राजद नेता तेजस्वी यादव तीसरी बार मैदान में हैं. तेजस्वी ने यहां 2015 और 2020 में भाजपा के सतीश कुमार को हराया था. एनडीए की तरफ से सतीश यादव उन्हें चुनौती दे रहे हैं तो जनसुराज के चंचल कुमार भी सामने हैं.

मतदान से पहले रक्त रंजित हो चुकी मोकामा सीट पर दो बाहुबलियों की टक्कर है. एक तरफ अनंत सिंह तो दूसरी तरफ आरजेडी के टिकट पर सूरजभान सिंह की पत्नी वीणा देवी हैं. अलीनगर सीट पर बीजेपी ने लोकगायिका मैथिली ठाकुर को मैदान में उतारा है. ठाकुर का यह पहला चुनाव है. उनका मुकाबला आ-रजेडी के विनोद मिश्रा से माना जा रहा है. बीजेपी उनकी लोकप्रियता को वोट में बदलने की कोशिश में है.छपरा सीट से मशहूर भोजपुरी गायक खेसारी लाल यादव आरजेडी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं. यहां उनका मुकाबला बीजेपी की छोटी कुमारी के साथ माना जा रहा है. लेकिन निर्दलीय राखी गुप्ता भी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की पूरी कोशिश कर रही हैं.

बिहार के दूसरे उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा लखीसराय से 2010 से लगातार विधायक हैं. 2020 में उन्होंने कांग्रेस के अमरेश कुमार को हराया था. इस बार भी विजय सिन्हा के सामने अमरेश कुमार मैदान में हैं. लालू यादव द्वारा पार्टी और परिवार से निकाले जाने के बाद तेज प्रताप यादव महुआ से चुनाव लड़ रहे हैं. उनकी टक्कर आरजेडी विधायक मुकेश रोशन से मानी जा रही है. एनडीए की तरफ से एलजेपी के संजय कुमार सिंह ने मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है.

कभी वामपंथ का गढ़ माने जाने वाली बेगूसराय सीट पर 2020 में बीजेपी ने जीत दर्ज की थी. इस बार बीजेपी के कुंदन कुमार का मुकाबला कांग्रेस की अमिता भूषण से है. मंडल युग के बाद यहां की राजनीतिक गणित बदल चुकी है.

पटना की शहरी बांकीपुर सीट पर बीजेपी के नितिन नवीन लगातार जीतते आ रहे है. इस बार भी पार्टी ने उन पर भरोसा जताया है. उन्हें चुनौती देने के लिए आरजेडी ने रेखा गुप्ता को उतारा है.

मिथिलांचल की प्रमुख सीट दरभंगा (शहर)से बीजेपी के राजस्व मंत्री संजय सरावगी मैदान में हैं. उन्हें चुनौती देने के लिए जन सुराज ने पूर्व आईपीएस आरके मिश्रा और मुकेश सहनी की पार्टी ने उमेश सहनी को उम्मीदवार बनाया है.

पहले चरण में एनडीए की ओर से जदयू के 57 उम्मीदवार, बीजेपी के 48, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 13 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के 2 उम्मीदवार मैदान में हैं. वहीं महागठबंधन की तरफ से आरजेडी के 71, कांग्रेस के 24 और वाम दलों के 14 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं.

इनके अलावा विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) छह-छह सीट पर, सीपीएम तीन सीटों पर और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी) दो सीटों पर चुनाव लड़ रही है. इस चरण में प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के 118 उम्मीदवार भी किस्मत आजमा रहे हैं.

यदि पहले चरण के मतदान में वोट चोर कामयाब न हुए तो परिदृश्य बदल सकता है. आतंक, आशंका और नये तेवरों के साथ हो रहे ये चुनाव क्राइम, करप्शन और कम्युनिलिज्म से बिहार को मुक्ति दिलाने वाले हो सकते हैं.

@ राकेश अचल

# पलटूराम की अवसरवादी राजनीति का अंत होना तय

*(आलेख : संजय पराते)*

कांग्रेस की अहंकारी राजनीति से जो झटका महागठबंधन को लगने के आसार बन गए थे, महागठबंधन की जीत के बाद तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने की सहमति की घोषणा के बाद उस पर रोक लग गई है। दूसरी ओर, भाजपा ने एनडीए गठबंधन की ओर से यह साफ कर दिया है कि उसके मुख्यमंत्री का चयन चुनाव के बाद ही होगा। साफ मतलब है कि आज भले ही नीतीश के चेहरे को सामने रखकर भाजपा चुनाव लड़ रही है, लेकिन यदि एनडीए जीतता है, जिसके आसार बहुत कम नजर आ रहे हैं, तो नीतीश का मुख्यमंत्री बनना तय नहीं है। नीतीश कुमार अब जिस फंदे में फंस गए हैं, उससे बाहर निकलना अब उनके लिए संभव नहीं है और चुनाव के बाद यदि वे ऐसी कोशिश करते हैं, तो उनकी पार्टी ही उनको दूध में पड़ी मक्खी की तरह निकाल बाहर फेंकेगी। भाजपा ने जद(यू) को निगलने की पूरी तैयारी कर ली है। तेजस्वी के मुख्यमंत्री होने की घोषणा के बाद नीतीश कुमार के पलटी मारने के मौके भी खत्म हो गए है। नीतीश का भविष्य अब भाजपा-आरएसएस ने तय कर दिया है और चुनाव के नतीजे चाहे इस ओर जाएं या उस ओर, एक नतीजा बहुत ही स्पष्ट है कि बिहार को 'सुशासन बाबू' की 'पलटूराम की राजनीति' से मुक्ति मिलने जा रही है। बिहार की आम जनता ने भी यह तय कर लिया है, जो पिछले कई सालों से नीतीश कुमार की अवसरवादी राजनीति को झेल रही है। यह वही नीतीश कुमार हैं, जिन्होंने भाजपा जैसी सांप्रदायिक, भ्रष्ट और आपराधिक पार्टी को, जिसका रथ लालू ने रोक दिया था, को बिहार में पैर जमाने का मौका दिया है।

पिछले चुनाव में महागठबंधन और एनडीए के बीच मात्र 12-13 हजार वोटों का ही अंतर था, लेकिन इस अंतर के कारण एनडीए की 15 सीटें बढ़ गई थीं। कई सीटों पर मतगणना में प्रशासन द्वारा भाजपा के पक्ष में धांधली करने के आरोप भी लगे थे। लेकिन चुनाव आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची के एस-ाआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) करने के आदेश के बाद जो हो-हल्ला हुआ और पूरे देश भर से जो चीजें सामने आई, उससे यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि पिछले लोकसभा चुनाव सहित अभी तक भाजपा को मिली जीतों में चुनाव आयोग और विभिन्न प्रकार की सुनियोजित धांधलियों का बड़ा योगदान रहा है। इस पोल पट्टी के खुलने से भाजपा की चमक और धमक पर बहुत असर पड़ा है और आम जनता की नजरों में, वास्तव में, भाजपा की राजनैतिक साख गिरी ही है। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप और आम जनता में फैली जागरूकता के बाद अब सत्ता पक्ष द्वारा बिहार चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली किए जाने की संभावना कम ही हुई है। इसका सीधा असर भाजपा-जदयू खेमे के चुनाव नतीजों पर पड़ेगा।

इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी कि पांच साल पहले 12-13 हजार वोटों का अंतर इस बार महागठबंधन के पक्ष में 12-13 लाख वोटों के अंतर में बदला हुआ दिख जाएं। इन पांच सालों में गंगा में बहुत पानी बह चुका है। बिहार में गंगा नदी की लंबाई 445 किमी. है और यह नदी राज्य के बीचों बीच बहती है। जिन जिलों से होकर गंगा बहती है, उनमें राज्य के प्रमुख 12 जिले -- बक्सर, भोजपुर, सारण,




पटना, वैशाली, समस्तीपुर, बेगुसराय, मुंगेर, खगड़िया, कटिहार, भागलपुर और लखीसराय -- आते हैं। इन सभी जिलों में भाजपा-जद(यू) गठबंधन की हालत खराब है। हालत इतनी खराब है कि यदि प्रधानमंत्री मोदी यहां आकर "मां गंगा ने बुलाया है" का नारा लगाए, तब भी मां गंगा शायद ही उनकी कोई मदद करने को तैयार हो। इस बार मां गंगा का आशीर्वाद महागठबंधन के साथ दिख रहा है। अब इसे प्रधानमंत्री अपनी ओछी भाषा में महाठगबंधन कहे या महालठबंधन, या उसके साथ जुड़े दलों को अटक-झटक-भटक-लटक दल, या कुछ और ही क्यों न कहें। आम जनता जानती है कि आज नीतीश-मोदी का गठबंधन ही "महालूटबंधन" है, जो दाना और जाल फैलाकर शिकार की ताक में बैठा है।

पिछली बार महागठबंधन की हार का एक बड़ा कारण यह था कि कांग्रेस ने अपनी औकात से ज्यादा 70 सीटों पर चुनाव लड़ा था, लेकिन जीत हासिल की थी सिर्फ. 19 पर। वामपंथी दलों ने बहुत कम सीटों पर चुनाव लड़ा था और उसकी जीत की दर कांग्रेस से लगभग दुगुनी थी। संदेश साफ था कि वामपंथी दलों को यदि ज्यादा सीटें आबंटित की जाती, तो चुनाव के नतीजे महागठबंधन के पक्ष में पलट भी सकते थे। लेकिन कांग्रेस ने इस संदेश को ग्रहण नहीं किया और कुछ सीटों पर वामपंथी दलों के साथ और राजद के साथ टकराव की स्थिति बनी है। इससे भाजपा के खिलाफ लड़ने का और धर्मनिरपेक्षता के लिए लड़ने की कांग्रेस की समझदारी पर सवाल ही खड़े हुए हैं। बिहार में कांग्रेस और वामपंथ का चुनावी जनाधार लगभग बराबर है। लेकिन ज्यादा सीटों पर लड़ने की इस बार भी वामपंथ ने ललक नहीं दिखाई है और इस बार वामपंथ पहले से कहीं ज्यादा एकजुटता और मजबूती के साथ लड़ रहा है और पिछली बार की तुलना में वामपंथ की बहार और ज्यादा दिख रही है। वामपंथ की ज्यादा सफलता महागठबंधन के टिकाऊ भविष्य के लिए जरूरी है।

एसआईआर का मुद्दा चुनाव में गायब हुआ दिख रहा है, जबकि 'वोटर अधिकार यात्रा' में यही मुद्दा केंद्र में था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनाव आयोग को आधार कार्ड को स्वीकार करने का निर्देश देने और इस आधार पर काटे गए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के आयोग के फैसले के बाद यह मुद्दा पृष्ठभूमि में चला गया है। लेकिन एसआईआर के जरिए बड़े पैमाने पर पात्र मतदाताओं को, जिनमें से अधिकांश सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर आदिवासी, दलित और पिछड़े समुदाय के गरीब वर्ग के लोग हैं, मतदाता सूची से बाहर धकेलने का खतरा अभी टला नहीं है। आगामी विधानसभा चुनावों के साथ पूरे देश के पैमाने पर इस मुद्दे पर चुनाव आयोग के साथ एक और संघर्ष हमें देखने को मिलेगा, क्योंकि अब चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था न होकर, भाजपा-आरएसएस की जेबी संस्था के रूप में अपना कायापलट कर चुकी है। इसलिए बिहार चुनाव प्रचार के दौरान महागठबंधन को फिर से इस मुद्दे को केंद्र में लाना होगा, जिसके कारण उसने भाजपा-जद(यू) पर अपनी बढ़त हासिल की थी। बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, खेती-किसानी के मुद्दे तो हैं ही, जिसे पीछे धकेलने की भाजपाई साजिश से महागठबंधन को तो लड़ना ही है। लेकिन गठबंधन को ओछी व्यक्तिगत बातों को लेकर सत्ता पक्ष पर हमले से बचना होगा और उसे नजरअंदाज भी करना होगा, क्योंकि नीचता और ओछेपन में मोदी-शाह और पूरे एनडीए का मुकाबला नहीं किया जा सकता। उनके इस ओछेपन को और नीचे ले जाने के लिए गोदी मीडिया तो है ही।

इस बीच महागठबंधन ने अपना चुनाव घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इस घोषणा पत्र पर वामपंथ का स्पष्ट असर देखा जा सकता है। वामपंथी पार्टियों के लिए भूमि का मुद्दा बहुत महत्वपूर्ण होता है और घोषणापत्र में हदबंदी से प्राप्त अतिरिक्त जमीन का बंटवारा भूमिहीनों और गरीब किसानों के बीच करने का वादा किया गया है। यह वादा नीतीश कुमार ने भी किया था और इसके लिए उन्होंने बंद्योपाध्याय कमेटी भी बनाई थी, लेकिन बाद में वे इसकी सिफा-रशों को लागू करने से मुकर गए। यदि सामाजिक न्याय के वादे के प्रति महागठबंधन ईमानदार होगा, तो भूमि सुधार की नीतियों का क्रियान्वयन बिहार की सामाजिक-राजनैतिक-आर्थिक तस्वीर बदलकर रख देगा, क्योंकि भूमि सुधार कार्यक्रम से आम जनता की जो क्रय शक्ति बढ़ेगी, वह न केवल घरेलू बाजार का विस्तार करेगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। भूमि सुधार के एजेंडे में बिहार को बीमारू राज्य की श्रेणी के निकालने की ताकत है। महागठबंधन ने बेरोजगारी को मुद्दा बनाया है, जो आज बिहार की जनता की सबसे बड़ी समस्या है और अपने घोषणा पत्र में उसने इसका कल्पनाशील समाधान पेश करने की कोशिश की है।

पिछले 11 सालों से जिस विकास का दावा भाजपा कर रही थी, उस विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ने से वह बच रही है, तो इसका कारण भी स्पष्ट है। नीति आयोग की रिपोर्ट (2021) बताती है कि बिहार में आज 6.50 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी में जी रहे हैं, 6.58 करोड़ लोग कुपोषित हैं, जिनमें 43.9% बच्चे और 60.3% महिलाएँ भी शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के अनुसार, 2022 में भारत का मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) का औसत स्कोर 0.644 था, जबकि बिहार का 0.609 था। इन आँकड़ों में देश के 29 राज्यों की सूची में बिहार सबसे निचले पायदान पर खड़ा है।

यहां 41% महिलाएं ऐसी हैं, जिनकी शादी 18 वर्ष से कम उम्र में हो गयी थी। इस मानदंड पर बिहार 28वें स्थान पर है। बिहारी महिलाओं की यह स्थिति बच्चों के सेहत को भी प्रभावित करती है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, जहाँ भारत की शिशु मृत्यु दर (प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर) 35.2 है, वहीं बिहार 46.8 की दर के साथ 27वें स्थान पर है। उम्र के लिहाज से छोटे कद वाले सबसे ज्यादा 42.9% बच्चों के साथ 27वें और कद के हिसाब से कम वजन वाले बच्चों के मामले में 22.9% के साथ बिहार अंतिम 29वें स्थान पर खड़ा है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि 9वीं-10वीं कक्षा में स्कूल छोड़ देने वाले (ड्रॉपआउट) बच्चों के मामले में भी बिहार 20.5% के साथ 27वें स्थान पर और 11वीं-12वीं कक्षा में कुल नामांकन अनुपात मात्र 35.9% के साथ बिहार 28वें पायदान पर खड़ा है। स्कूली शिक्षा पूरी करने वाले केवल 17.1% बच्चे ही कॉलेज शिक्षा में प्रवेश ले पाते हैं, और वह 28वीं पायदान पर है। बिहार में केवल 14.6% परिवार (अंतिम 29वां स्थान) ही ऐसे हैं, जिन्हें स्वास्थ्य बीमा की किसी योजना का लाभ मिलता है।

बिहार में सुशासन के हाल का पता चुनाव प्रचार के दौरान लगातार हो रही हिंसा से ही चल जाता है। पकौड़ा तलने के बाद अब रील बनाकर रोजगार पाने के सपने बिहारी युवाओं को भाजपा दिखा रही है। यह बताता है कि भाजपा के पास न मुद्दे हैं और न उपलब्धियां। इसलिए, अब विपक्ष के गठबंधन के पास चुनाव के बहाने वह पूरे देश की आम जनता को संबोधित करने का भी अवसर है।

लोकसभा में इंडिया ब्लॉक की एकजुटता ने भाजपा को स्पष्ट बहुमत हासिल करने से वंचित कर दिया था। इससे देश की विपक्षी ताकतों में उत्साह का जो संचार हुआ था, उस लहर को महाराष्ट्र और दूसरे राज्यों में नियोजित धांधली के जरिए भाजपाई खेमे ने ठंडा कर दिया था। अब बिहार चुनाव फिर से इंडिया ब्लॉक को राष्ट्रीय स्तर पर उभरने का मौका दे रहा है, बशर्ते कांग्रेस अपने पार्टीगत हितों पर बिहार की गरीब जनता के हितों को तवज्जो दे। नीतीश का भविष्य मोदी ने तय कर दिया है। इंडिया ब्लॉक का भविष्य वाया महागठबंधन बिहार की आम जनता तय करेगी उसकी एकजुटता और आचरण को देखकर। फिलहाल, कयास लगाने के लिए पूरे दो सप्ताह बाकी हैं।

***(लेखक अखिल भारतीय किसान सभा से संबद्ध छत्तीसगढ़ किसान सभा के उपाध्यक्ष हैं। संपर्क : 94242-31650)***

# हवाई यात्रा होगी और आसान: टिकट रद्द करने पर नहीं देना होगा अतिरिक्त शुल्क

– महेन्द्र तिवारी



भारत में हवाई यात्रा अब कोई विलासिता नहीं रह गई है। पिछले एक दशक में हवाई सफर आम लोगों की पहुंच में आ चुका है। सस्ती उड़ानों, नई एयरलाइनों और बढ़ते मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति ने हवाई यात्रा को पहले से कहीं अधिक लोकप्रिय बना दिया है। लेकिन इस बढ़ती सुविधा के साथ एक असुविधा भी बराबर चलती रही है–टिकट रद्द करने या यात्रा की तारीख बदलने पर लगने वाले भारी शुल्क। कई बार यात्रियों को टिकट का आधा से ज्यादा पैसा सिर्फ कैंसिलेशन चार्ज के रूप में गंवाना पड़ता था। अब इस समस्या से यात्रियों को राहत देने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय ने एक बड़ा कदम उठाया है। DGCA ने एक नया प्रस्ताव जारी किया है, जो लागू होने के बाद देशभर के यात्रियों के लिए राहत की सांस लेकर आएगा।

DGCA के इस प्रस्ताव के अनुसार, अब यात्रियों को टिकट बुक करने के बाद 48 घंटे का "लुक-इन पीरियड" दिया जाएगा। इसका मतलब है कि बुकिंग के 48 घंटे के भीतर यदि कोई यात्री अपनी यात्रा रद्द करना चाहता है या यात्रा की तारीख में बदलाव करना चाहता है, तो उससे किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। यानी यदि यात्रा की योजना अचानक बदल जाती है, तो अब यात्रियों को भारी आर्थिक नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा। यह नियम लागू होने पर हवाई यात्रा पहले से कहीं अधिक लचीली और ग्राहक-अनुकूल बन जाएगी। फिलहाल अधिकांश एयरलाइंस टिकट कैंसिल करने या रि-शेड्यूल करने पर कई बार हजारों रुपये तक चार्ज वसूलती हैं, जिससे यात्रियों का बजट बिगड़ जाता है।

हालांकि यह नियम कुछ सीमाओं के साथ लागू होगा। यह केवल उन टिकटों पर लागू होगा जिनकी घरेलू यात्रा की तारीख बुकिंग के कम से कम पांच दिन बाद और अंतरराष्ट्रीय यात्रा की तारीख पंद्रह दिन बाद हो। इसका उद्देश्य यह है कि जिन यात्राओं की तारीख बहुत नजदीक है, उन पर एयरलाइनों के परिचालन प्रबंधन पर असर न पड़े। यदि कोई यात्री अपनी उड़ान में बदलाव करता है और नया टिकट पुराने से महंगा है, तो उसे केवल किराए का अंतर ही देना होगा। इस कदम से यात्रियों पर अनावश्यक शुल्क का बोझ नहीं पड़ेगा और उन्हें यात्रा योजनाओं में आवश्यक लचीलापन मिलेगा।

उऋछअ ने यह भी स्पष्ट किया है कि चाहे टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट से खरीदा गया हो या किसी ट्रैवल एजेंट या ऑनलाइन पोर्टल से, रिफंड की अंतिम जिम्मेदारी एयरलाइन की ही होगी। अब तक यात्रियों को एजेंट और एयरलाइन के बीच भटकना पड़ता था। कई बार एजेंट रिफंड की जिम्मेदारी एयरलाइन पर डाल देता था, और एयरलाइन एजेंट की ओर इशारा करती थी। इस नई व्यवस्था में एजेंट को एयरलाइन का अधिकृत प्रतिनिधि माना जाएगा, जिससे यात्रियों को सीधे एयरलाइन से रिफंड प्राप्त होगा। इसके अलावा, एयरलाइन को टिकट रद्द होने के बाद अधिकतम 21 कार्यदिवसों के भीतर राशि वापस करनी होगी। इससे यात्रियों को लंबे इंतजार से छु-टकारा मिलेगा और रिफंड प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी।

यह प्रस्ताव यात्रियों की शिकायतों और पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ते असंतोष का परिणाम है। अक्सर यात्रियों ने शि-ाकायत की है कि एयरलाइंस टिकट कैंसिल करने पर अत्यधिक शुल्क लेती हैं और पैसे की वापसी में महीनों का समय लगा देती हैं। DGCA ने इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यह सुधारात्मक कदम उठाया है ताकि यात्रियों के अधिकारों की रक्षा हो सके। यह प्रस्ताव केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। मेडिकल इमरजेंसी जैसी परिस्थितियों में यदि किसी यात्री को अपनी यात्रा रद्द करनी पड़े, तो एयरलाइन उसे पूरा पैसा लौटा सकेगी या भविष्य के लिए "क्रेडिट शेल" जारी कर सकेगी, जिसे बाद में उपयोग किया जा सकता है। इससे यात्रियों को कठिन परिस्थितियों में आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी।

इसके अलावा, यदि कोई यात्री टिकट बुक करने के 24 घंटे के भीतर अपने नाम की स्पेलिंग में सुधार कराना चाहता है और टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट से खरीदा गया है, तो इसके लिए भी कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह प्रावधान उन छोटी-छोटी मानवीय गलतियों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जिनसे यात्रियों को पहले बेवजह का नुकसान उठाना पड़ता था। DGCA का यह कदम यात्रियों के हितों को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है, जिससे ग्राहक अनुभव में सुधार आएगा और हवाई सेवाओं के प्रति लोगों का भरोसा और मजबूत होगा।

इस प्रस्ताव के लागू होने से न केवल यात्रियों को फायदा होगा, बल्कि पूरे विमानन उद्योग पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यह कदम उद्योग में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाएगा। एयरलाइंस को अपनी ग्राहक सेवा और रिफंड प्रक्रिया को अधिक सटीक और जिम्मेदारीपूर्ण बनाना होगा। प्रतिस्पर्धा के इस युग में, जो एयरलाइन अपने यात्रियों के साथ ईमानदार व्यवहार करेगी, वही लंबे समय तक भरोसेमंद बनी रहेगी। इस प्रकार यह नियम ग्राहक-केंद्रितता को प्रोत्साहित करते हुए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण भी बनाएगा।

सरकार और DGCA ने इस प्रस्ताव पर जनता और विशेषज्ञों से 30 नवंबर तक सुझाव मांगे हैं। यानी फिलहाल यह एक ड्राफ्ट नीति के रूप में मौजूद है। यात्रियों और संबंधित हितधा-रकों के सुझावों के आधार पर इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि यह नीति दिसंबर या 2026 की शुरूआत तक लागू हो जाएगी। इसके लागू होते ही भारत का हवाई यात्रा क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप और अधिक पारदर्शी बन जाएगा। यह बदलाव लाखों यात्रियों को राहत देगा जो कभी भी योजना में बदलाव या आपात स्थिति के कारण टिकट रद्द करने को मजबूर हो जाते हैं।

DGCA का यह प्रस्ताव न केवल यात्रियों के हितों की रक्षा करता है, बल्कि एक संवेदनशील और जवाबदेह शासन की दिशा में भी कदम है। यदि यह नियम लागू होता है, तो यात्रियों को यह भरोसा रहेगा कि उनकी मेहनत की कमाई कैंसिलेशन चार्ज में व्यर्थ नहीं जाएगी। अब लोग बेझिझक उड़ानें बुक कर सकेंगे, क्योंकि उन्हें यह विश्वास होगा कि अगर योजना बदल भी जाए, तो उन्हें अतिरिक्त चार्ज देने की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। यह पहल निश्चित रूप से भारतीय विमानन उद्योग को अधिक मानवीय, पारदर्शी और यात्री-अनुकूल बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगी।

मोबाइल: 9989703240

## गजल

न जाने क्या-क्या सोचते रहते हैं हम,
जाने कितनों ने ढाये हम पर सितम।

यूहीं हम तो मिलते ही रहते थे सनम,
जब भी चल पडते साथ-साथ कदम।

खामोशियां भी रहती थी यहां हरदम,
बोलती थी आंखें हम हो जाते थे नम।

यह मूक प्यार कभी ना देता था दुःख,
छूकर हाथ तुम्हारा मिलता रहा सुख।

अब लगता है डर यह क्षण न ले छीन,
हर पल दुआ न कटे जीवन तुझ बिन।

संजय एम तराणेकर
कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011
(मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

(स्व-रचित, मौलिक व अप्रकाशित)

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में लापरवाही पर बड़ी कार्रवाई

## निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और सहायक अधिकारियों के वेतन रोके, बीएलओ और सुपरवाइजरों पर FIR की संस्तुति

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 05 नवंबर 2025: विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के तहत निर्वाचन नामावलियों की समीक्षा के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट मेधा रूपम ने कई निर्वाचन क्षेत्रों में लापरवाही पाई।

04 नवम्बर 2025 से 04 दिसम्बर 2025 तक गणना प्रपत्रों के वितरण एवं प्राप्ति के कार्य के लिए कई अधिकारियों द्वारा अपेक्षित गति से कार्य प्रारंभ नहीं किया गया था।

इस गंभीर स्थिति पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्रवाई करते हुए:

03 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और 12 सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का वेतन रोकने के आदेश जारी किए।

130 BLO और 13 सुपरवाइजरों के खिलाफ FIR दर्ज कराने, विधिक कार्रवाई करने और वेतन रोकने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने चेतावनी दी कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

# अधर में लटके निर्माण कार्य को लेकर नागरिकों के बीच आक्रोश

## (समय रहते समस्या का समाधान नहीं होने पर नागरिकों ने दी नगर पालिका कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी)

**समाज जागरण**



लोनी, 5 नवंबर: नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 33 में स्थित अंकुर बिहार कॉलोनी में निमार्णाधीन मार्ग पिछले 2 माह से अधर पड़ा होने से लोगों को भारी मुसीबतें झेलनी पड़ रही है। नागरिकों ने समय रहते समस्या का समाधान नहीं होने पर नगर पालिका कार्यालय का घेराव करने की बात कही है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पशुपति नाथ मंदिर के निकट से पी.एन. बिहार, प्लॉट संख्या 46 तक नाली एवं खड़ंजा निर्माण कार्य 13 अगस्त को शुरू हुआ था। लेकिन कुछ ही समय बाद ठेकेदार द्वारा कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मार्ग का निर्माण कार्य पूरा किए बिना ठेकेदार अचानक पिछले दो महीनों से गायब है। बारिश और मिट्टी के कारण उबड़-खाबड़ स्थिति में मार्ग के अब ऐसे हालत है कि उसपर पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। जहां वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया, वहीं आए दिन दुर्घटनाये होना भी आम बात बनी हुई है।

क्षेत्रीय नागरिकों का आरोप है कि वे कई बार इस समस्या की सूचना नगरपालिका अधिकारियों व वार्ड सभासद को दे चुके हैं, लेकिन आज तक उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई हैं। स्थानीय नागरिको ने नगरपालिका प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहां है कि ठेकेदार के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं की, जिससे स्पष्ट होता है कि अधिकारियों की ठेकेदार के साथ साठ-गांठ है। कॉलोनी वासियों ने मामले में जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए अधर में लटके इस निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की अपील की है। साथ ही, दोषी ठेकेदार की जांच कर उसकी फर्म को ब्लैकलिस्ट करने के लिए भी मांग की है।

लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में हो रही देरी से जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है, यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह नगरपालिका के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# दिल्ली-सहारनपुर मार्ग के जल भराव ने पकड़ा तूल

## (भाजपा के दो गुट आमने-सामने, थाने पर तहरी देकर एक दूसरे पर घड़े गंभीर रूप)

**समाज जागरण**




लोनी, 5 नवंबर। कुछ दिन पूर्व शिव विहार मेट्रो स्टेशन के निकट दिल्ली-सहारनपुर मार्ग पर हुए जलभराव का मामला अब पूरी तरह सियासी तूल पकड़ता जा रहा है। बिना बारिश के अचानक हुए जलभराव और मार्ग के भारी जाम के बाद शुरू हुआ यह मुद्दा अब भाजपा नेताओं के बीच खुली गुटबाजी में उभर कर सामने आ गया है।

गौरतलब हो कि घटना के दिन भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रमेन्द्र जांगड़ा और सभासद अंकुश जैन मिंकु ने खुद मौके पर पानी में उतरकर ट्रैफिक सुचारु कराने की जहमत उठाई थी। जिसकी सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चा हुई, लेकिन इसीके बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता करतार सिंह घिठौरा ने फेसबुक लाइव के माध्यम से इन दोनों नेताओं पर तीखी टिप्पणी कर दी, जिससे विवाद बढ़ गया।

करतार सिंह की टिप्पणी से नाराज होकर डॉ. प्रमेंद्र जांगड़ा अपने समर्थकों के साथ लोनी बॉर्डर थाना पहुंचे और करतार सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं के अंतर्गत लिखित तहरीर देकर आए।

वहीं बुधवार को करतार सिंह भी अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंचे और डॉ. जांगड़ा व अंकुश जैन आदि के खिलाफ शिकायत सौंप दी। करतार सिंह का कहना है कि इन नेताओं ने भाजपा सरकार, विधायक और जनप्रतिनिधियों पर गलत आरोप लगाकर जनता को गुमराह किया है। जलभराव की असली जिम्मेदारी नगर पालिका अध्यक्ष और संबंधित अधिकारियों की है, जिन्होंने जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त नहीं की। उन्होंने कहा कुछ लोगों की मिलीभगत से जलभराव की स्थिति बनाई गई ताकि विधायक और भाजपा की छवि को नुकसान पहुंचाया जा सके। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर अनिल कसाना और अनूप फैसला जैसे लोगों ने उनके खिलाफ अभद्र टिप्पणियां कीं और उन्हें कुख्यात अपराधीहतथा चरित्रहीन कहकर उनकी साख को ठेस पहुंचाने की कोशिश की हैं।

उक्त पूरे घटनाक्रम ने लोनी क्षेत्र में भाजपा की आंतरिक कलह को उजागर कर दिया है। एक ओर डॉ. प्रमेन्द्र जांगड़ा और सभासद अंकुश जैन का समूह है, तो दूसरी ओर करतार सिंह और उनके समर्थकों का, दोनों पक्ष अब खुलकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं।

अब देखना है कि भाजपा के दो गुटों के बीच का यह सियासी विवाद आने वाले समय में क्या मोड लेता है, जिसका पार्टी के शीर्ष नेताओं को संज्ञान लेने की जरूरत है।

# ईओ को शिकायती पत्र देकर, गली को कब्जा मुक्त कराने की करी मांग

**समाज जागरण**



लोनी, 5 नवंबर: नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 30 में एक व्यक्ति ने अपनी दबंगता के चलते गली में 3 फुट चौड़ाई तक गाडर गाडकर हदबंदी कर ली और उसका खड़ंजा उखाड़ कर वहा अपना अवैध कब्जा बना लिया हैं। स्थानीय सभासद ने मामले में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी के.के. मिश्रा को शिकायती पत्र देकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए गली के इस अवैध अतिक्रमण को हटवाए जाने की मांग की है।

स्थानीय सभासद रूपेंद्र सिंह ने नगर पालिका के ईओ को प्रेषित शिकायती पत्र में उल्लेख करते हुए कहा है कि जवाहर नगर (दक्षिण) के ब्लॉक-एफ, नहर किनारे एक हिस्से जमीन खाली पड़ी है. जिसकी पश्चिम और दक्षिण की दोनों दिशाओ में गलिया हैं. जिनका इंटरलॉक निर्माण नगर पालिका द्वारा कराया जा चुका हैं। उक्त खाली पड़ी जमीन के मालिक ने एक गली में जबरन 3 फीट चौड़ाई की दूरी तक गार्डर गाडकर उसकी हदबंदी कर कब्जा कर लिया. और इस तरह सरकारी सार्वजनिक गली पर अतिक्रमण कर उसे संकरा कर दिया है।

सभासद ने जमीन स्वामी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करते हुए गली की जमीन को तत्काल प्रभाव से कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

# सम्राट मिहिरभोज समाज पार्टी ने जन संवाद एवं सम्मान समारोह के लिए वितरित किए निमंत्रण पत्र

**समाज जागरण / रमन झा**

गौतम बुद्ध नगर, 05 नवंबर 2025





सम्राट मिहिरभोज समाज पार्टी की टीम ने सोमवार को जन संवाद एवं सम्मान समारोह के लिए निमंत्रण पत्र वितरित किए। यह कार्यक्रम 7 दिसंबर 2025 को सेंट जॉर्ज स्कूल, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें शामिल हैं:

चौधरी हरेंद्र गुर्जर गुरुजी, संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष
चौधरी जगपाल सिंह भाटी, राष्ट्रीय सचिव
चौधरी जुगेंद भाटी, प्रदेश सचिव
चौधरी धीरज गुर्जर, अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश
चौधरी देवेंद्र गुर्जर, बुलंदखेड़ा अध्यक्ष मेरठ संभाग
चौधरी चंद्रपाल सूबेदार, शाहपुर उपाध्यक्ष मेरठ संभाग
चौधरी देवी राम भाटी, जिला अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक
चौधरी धर्मेंद्र नगर, जिला महामंत्री
चौधरी बलराज भाटी, जिलामहामंत्री
चौधरी श्याम सुंदर, नगर बरसात वाले जिला मंत्री सहित अन्य कार्यकर्ता।

पार्टी की टीम ने श्री सुनील कुमार सिंह, कअर, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण को निमंत्रण पत्र सौंपा, जिन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आश्वासन दिया। साथ ही, पार्टी टीम ने चौधरी श्यामवीर सिंह प्रधान, गांव रानी, ग्रेटर नोएडा को भी निमंत्रण पत्र प्रदान किया। प्रधान जी ने पूरे दिन कार्यक्रम में उपस्थित रहने और तन-मन-धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया।

पार्टी पदाधिकारीयों ने बताया कि यह कार्यक्रम समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है और इसमें जन संवाद के साथ-साथ सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

# जिलाधिकारी से बातचीत के बाद किसानों ने देर रात किया धरना स्थगित

## (11 तारीख को परिषद मुख्यालय पर आधिकारिक वार्ता करने संबंधी अपर जिलाधिकारी ने किया है पत्र जारी)

लोनी, 5 नवंबर: लोनी तहसील प्रांगण में पहुंचे अधिकारियों ने वहा धरना रत किसनो की मांगों को लेकर एक बैठक का आयोजन करते हुए बार-बार उनका धरना समाप्त करने का प्रयास किया गया। प्रथम चरण की इस बैठक के दौरान किसानों व अधिकारियों के बीच काफी नोक झोक हुई और वह बे नतीजा रही। अंत में किसान नेताओं की जिलाधिकारी गाजियाबाद से फोन पर बात हो जाने के उपरांत पुनः बैठक आयोजित की गई. जिसमें अपर जिलाधिकारी (भू अर्जन) विवेक मिश्रा, जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने किसानों की जिला अधिकारी के फोन पर बात करते हुए आगामी 11 तारीख को परिषद मुख्यालय पर आधिकारिक वार्ता करने संबंधी पत्र जारी किया, और इस तरह घंटो तक चली बैठक के बाद देर रात लगभग 11 बजे उन्होंने किसानों को धरना स्थगित करने के लिए राजी किया।



11 बजे उन्होंने किसानों को धरना स्थगित करने के लिए राजी किया।

### बैनर- झंडो की तकरार अभी बाकी

अधिकारियों संग हुई उक्त बैठक में किसानों की शर्तनुसार तहसील परिसर में लगे बैनर-झंडे आदि लखनऊ में होने वाली वार्ता तक तहसील में ही लगे रहने की बात तय की गई थी। इसकी निगरानी को लेकर किसानो द्वारा तहसील परिसर की स्थिति का जायजा भी लिया गया। मगर दूसरी ओर आवास विकास परिषद कार्यालय स्थित धरना स्थल पर अधिकारियों द्वारा भारतीय किसान यूनियन के झंडे हटवा देने से किसानों ने नाराजगी प्रकट की गई है। किसानों का कहना है कि कल आवास विकास परिषद के अधिकारियों संग किसान प्रतिनिधियों की वार्ता होगी। वार्ता में अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा के साथ-साथ, झंडे हटाने का मुद्दा भी रहेगा।

### 3 नवंबर को मंडोला से तहसील पहुंची पैदल यात्रा धरने में हो गई थी प्रवर्तित

उल्लेखनीय है कि भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले आवास एवं विकास परिषद की मंडोला विहार योजना के विरोध में किए जा रहे धरना प्रदर्शन के क्रम में 3 नवंबर की सुबह किसानों ने पैदल यात्रा निकाली. जो तहसील लोनी में पहुंचकर धरने में तब्दील हो गई थी। तहसील में अधिकारियो की गैर मौजूदगी से नाराज होकर किसानों ने उप जिलाधिकारी कार्यालय एवं नगर पालिका परिषद कार्यालय की तालाबंदी करके धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जो दो दिन तक जारी रहा। इस दौरान अधिकारियों से किसानों की नोंकझोंक ओर मान मन्नवल का सिलसिला चलता रहा। और आखिर बीती देर रात मोबाइल के माध्यम से जिला अधिकारी से हुई बातचीत के बाद धरना स्थगित करने पर सहमति बन पाई।

### यूपी में 8 से 11 नवंबर तक जमीनों की रजिस्ट्री पूरी तरह रहेंगी बंद

लोनी, 5 नवंबर: उत्तर प्रदेश: राज्य के सभी जिलों में 8 से 11 नवंबर तक भूमि रजिस्ट्री और लेखपत्र पंजीकरण का काम पूरी तरह रोक दिया गया है। इस दौरान न तो ऑनलाइन और न ही ऑफलाइन कोई रजिस्ट्री कार्य किया जा सकेगा।

महानिरीक्षक निबंधन आईएएस नेहा शर्मा ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। सभी सहायक महानिरीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि इस चार दिन की अवधि में रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी तरह बंद रहे। अधिकारियों के अनुसार, इस रोक का मुख्य उद्देश्य है स्टांप और रजिस्ट्री विभाग के डेटा को ठक्ळ के मेघराज सर्वर से नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड में सुरक्षित रूप से ट्रांसफर करना। इस तकनीकी प्रक्रिया के बाद ही 12 नवंबर से सभी सेवाएं फिर से सामान्य रूप से शुरू होंगी।

### ऑल इंडिया पत्रकार एकता एसोसिएसन का कार्यक्रम आगामी 15 नवंबर 2025 को बाबूपुरवा न्यू ईरा पब्लिक स्कूल में आयोजित होगा।

कानपुर विशेष संवाददाता। आपको बताते चले कि कानपुर नगर में ऑल इंडिया पत्रकार एकता एसोसिएसन का आगामी दिनांक 15 नवंबर 2025 को समय लगभग सुबह 10:00 बजे कानपुर नगर में बाबू पुरवा थाना क्षेत्र के न्यू ईरा पब्लिक स्कूल में आयोजित होगा जिसमें काफी पत्रकार भाग लेंगे और उपरोक्त कार्यक्रम में आल इंडिया पत्रकार एकता एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलशाद अली राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनवार अहमद नूर परदेश महामंत्री उत्तराखंड के वरिष्ठ पत्रकार नफीस खान एवं सलीम उमर खान व कार्यक्रम संयोजक शहआलम पत्रकार विनय प्रकाश मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहेंगे इस कार्यक्रम की जानकारी वरिष्ठ पत्रकार आमिर हुसैन कानपुर जिला अध्यक्ष ने मीडिया को जानकारी दी है, कि उपरोक्त संगठन में जुड़े और सभी पत्रकार साथियों से अनुरोध है कि कृपया समय से आने का कष्ट करें।

### बिठूर रोड पर दर्दनाक हादसा, गंगा स्नान जा रहे श्रद्धालुओं से भरा ऑटो नाले में गिरा – दो की मौत, नौ घायल।

कानपुर विशेष संवाददाता। बुधवार तड़के कल्याणपुर-बिठूर रोड पर श्री मंगलदीप अपार्टमेंट के पास बड़ा हादसा हो गया। गंगा स्नान के लिए जा रहा ऑटो सामने से आती ट्रक की तेज रोशनी से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खुले नाले में जा गिरा। हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि नौ लोग घायल हुए हैं, जानकारी के मुताबिक ऑटो में चालक समेत 11 सवारियां थीं, सभी कानपुर देहात के रहने वाले हैं। हादसे में मुकुटपुर गांव की संता 35 वर्षीय और बिलासपुर के गोलू 20 वर्षीय की मौत हो गई। दोनों की मौत दम घुटने से होने की आशंका जताई जा रही है। क्षेत्रीय थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया कि हादसा सड़क पर बने गड्ढे और ट्रक की तेज लाइट के कारण हुआ। ट्रक चालक ने गड्ढा देखकर अचानक साइड ली, जिससे सामने से आ रहे ऑटो चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और ऑटो पलटकर नाले में जा गिरा। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। नवशीलधाम चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। खास बात यह भी है कि ऑटो में क्षमता से कई गुना ज्यादा 11 सवारियां भरी गई थीं। गंगा स्नान जैसे मौकों पर लोगों द्वारा ऑटो और लोडर में भीड़ भरकर लेंजाने की यह लापरवाही एक बार फिर हादसे की वजह बन गई।

### माफिया अतीक अहमद के बेटे का एनकाउंटर करने वाले आईपीएस रमित शर्मा को सौंपी गई बड़ी जिम्मेदारी।

कानपुर विशेष संवाददाता। निलंबित सीओ ऋषिकांत शुक्ला की विभागीय जांच की कमान अब एडीजी जोन बरेली रमित शर्मा संभालेंगे,,वर्दी की आड़ में 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति अर्जित करने के आरोपों में ऋषिकांत शुक्ला पर विजिलेंस और विभागीय जांच जारी है। एसआईटी की जांच में सामने आई 12 संपत्तियों के ठोस साक्ष्य – करीब 92 करोड़ रुपये की अवैध संपत्तियां पाई गईं,,तीन संपत्तियों में ऋषिकांत के पैनकार्ड का इस्तेमाल भी हुआ था। पूर्व सीपी अखिल कुमार ने इस पूरे मामले पर डीजीपी और सीएम को भेजी थी रिपोर्ट। अब आईपीएस रमित शर्मा इस हाई-प्रोफाइल प्रकरण की जांच करेंगे – वही अधिकारी जिन्होंने अतीक अहमद के बेटे का एनकाउंटर किया था। जांच से खुल सकते हैं कई और बड़े राज!



# थाना फेस-1 पुलिस ने 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

## कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और अवैध शस्त्र बरामद

समाज जागरण / संवाददाता – नोएडा: थाना फेस-1 पुलिस ने सक्रिय सतर्कता और तत्परता के साथ की गई कार्रवाई के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।



पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की गई एक मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन और एक अवैध शस्त्र बरामद किया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उनसे पूछताछ जारी है।

थाना फेस-1 पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

# चक्रवर्ती सम्राट भरत की दिग्विजयी यात्रा के अभिनंदन को टीएमयू ने बिछाए पलक पांवडे

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के संपूर्ण परिसर का मंजर- अदभुत, अविश्वसनीय और अकल्पनीय, दो घंटे तक हेलीकॉप्टर से हुई गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा

**खास बातें**

*हाथी, घोड़े, ऊंट, बग्गी, सोने का रथ आकर्षण का केंद्र*
*पुणे से केरल तक के वाद्य यंत्रों ने सभी का मन मोहा*
*मणिपुरी कलाकारों ने दी अम्ब्रेला ढोल नृत्य की प्रस्तुति*
*चार घंटे की रथ यात्रा में उल्लास सिर चढ़कर बोला*
*रंग-बिरंगे परिधानों और साफे में नजर आए श्रद्धालु*



**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी का कैंपस दिव्य, भव्य और आध्यात्मिकता की अनुभूति से लबरेज नजर आया। सुबह आठ बजे से लेकर शाम पांच बजे तक-करीब नौ घंटे सम्पूर्ण परिसर मशहूर वाद्य यंत्रों की भक्तिमय धुनों, रंग-बिरंगे परिधानों में हाथियों, घोड़ों, ऊंटों, स्वर्ण रथ, बग्गियों की मौजूदगी ने चक्रवर्ती सम्राट भरत की दिग्विजय यात्रा में चार चांद लगा दिए। इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं है, इन अद्भुत एवम् आलौकिक दृश्यों को बरसों तक याद रखा जाएगा। बागड़पुर फ्लाईओवर के नीचे दिग्विजय यात्रा को बतौर मुख्य अतिथि मंडलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने 12:15 बजे हरी झंड़ी दिखाकर कैंपस के लिए रवाना किया। टीएमयू के ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन चक्रवर्ती सम्राट भरत और श्रीमती ऋचा जैन सुभद्रा चक्रवर्ती की भूमिका में रथ पर सवार थे, जबकि दिग्विजय यात्रा अंतिम छोर पर अजमेर से आए ज्ञान-विज्ञान संयम उत्सव विशाल रथ पर कुलाधिपति एवम् महायज्ञ नायक श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, श्रीमती जहान्वी जैन विराजमान थे। चक्रवर्ती सम्राट भरत के रथ के आगे-आगे परम पूज्य आचार्य श्री 108 वसुनंदी जी महाराज के परम प्रभावी शिष्य प्रज्ञाश्रमण उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद जी महामुनिराज, मुनि श्री 108 सभ्यानंद जी मुनिराज ससंघ एवम् गिरनार गौरव आचार्य श्री 108 निर्मल सागर जी महाराज के परम प्रभावी शिष्य क्षुल्लकरत्न गिरनार पीठाधीश श्री 105 समर्पण सागर जी महाराज संसंघ तीन दर्जन से अधिक श्रावकों के घेरे में चल रहे थे।

करीब एक बजे चक्रवर्ती सम्राट भरत के रथ को हजारों श्रद्धालुओं ने जयकारों और मंगल ध्वनि के साथ ऐतिहासिक मंगल प्रवेश करवाया। रथ पर सवार टीएमयू के ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन ने चक्रवर्ती सम्राट भरत और श्रीमती ऋचा जैन ने सुभद्रा चक्रवर्ती के रूप में सेकेंड सिक्योरिटी चेकपोस्ट पर स्टाफ रूपी प्रजा को फलों की टोकरी का वितरण किया। श्री ऋषि जैन सौधर्म इन्द्र, श्रीमती निधि जैन-शचि इंद्राणी, वीसी प्रो. वीके जैन-महामंडलेश्वर, श्री मनोज जैन-बाहुबली, प्रो. विपिन जैन-कुबेर की भूमिका में दिग्विजय यात्रा में शामिल रहे। इस विशाल यात्रा के दौरान चौतरफा जैन पताका, मंगल कलश, आचार्य विद्यासागर जी महाराज, गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माता जी सरीखे जैन संतों के कटआउट्स की भव्यता देखते ही बनती थी। रिद्धि-सिद्धि भवन होते हुए भव्य दिग्विजय यात्रा ने पूरे टीएमयू कैंपस का भ्रमण किया। यूनिवर्सिटी के कण-कण को धर्म की ऊर्जा से संचित कर दिया। अंत में वापस रिद्धि-सिद्धि भवन में अभिषेक और शांतिधारा के संग दिग्विजय यात्रा का समापन हो गया।

दिग्विजय यात्रा में पुणे का वाद्य यंत्र-झांज पथक, केरल के ढोल- चेंडा मेलम, रहली पटना सागर से ऐरावत हाथी, दिल्ली का नासिक ढोल, खुरई से रमतुला दलदल घोड़ी, दिल्ली से शहनाई, ऊंट, बग्गी, मंगल कलश, जबलपुर का प्रसिद्ध श्याम बैंड, अम्ब्रेला नृत्य आदि की झांकियां और हजारों श्रद्धालुओं का संगम अद्भुत एवम् अप्रतिम नजर आए। अम्ब्रेला ढोल नृत्य मणिपुरी कलाकारों की ओर से प्रस्तुत किया गया। पूरे कैंपस में मगध, काशी, गांधार, पांचाल आदि छह स्टॉल्स भी सजाए गए, जिनमें श्रावक-श्राविकाओं ने इन राज्यों की ओर से चक्रवर्ती सम्राट के सम्मान में कल्चरल इवेंट प्रस्तुत की गईं। उल्लेखनीय है, इन राज्यों के राजाओं ने चक्रवर्ती सम्राट भरत की आधीनता स्वीकार की थी। इस यात्रा का सबसे रोमांचक और अविस्मरणीय क्षण हेलीकॉप्टर के जरिए दो घंटे तक पुष्प वर्षा रहा।

दिग्विजय यात्रा में मुरादाबाद जैन समाज के श्री अनिल जैन, रामगंगा विहार जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री संदीप जैन, महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती नीलम जैन, उद्यमी श्री आकाश जैन, श्री अनिल अग्रवाल के संग-संग 100 किमी के दायरे से जैन समाज के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डॉ. कल्पना जैन, प्रो. रवि जैन, डॉ. अंकिता जैन, डॉ. हर्षित जैन, डॉ. विनोद जैन, डॉ. रत्नेश जैन, डॉ. प्रवीन जैन, डॉ. अर्चना जैन आदि भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने दिग्विजय यात्रा के पश्चात कुलाधिपति आवास- संवृद्धि पर वात्सल्य भोज किया । उल्लेखनीय है, श्री मज्जिनेन्द्र कल्पद्रुम महामंडल विधान जैन संतों के सानिध्य में रिद्धि-सिद्धि भवन में 30 अक्टूबर से विधि-विधान से चल रहा है, जिसका समापन विश्व शांति महायज्ञ के संग 07 नवम्बर को होगा।

# सतर्कता, तत्परता और तकनीक से ऑनलाइन निवेश ठगी पर नियंत्रण

## नोएडा पुलिस की साइबर क्राइम यूनिट ने समय रहते करोड़ों के आर्थिक नुकसान से बचाया

**समाज जागरण / संवाददाता**

गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में नोएडा पुलिस की साइबर क्राइम यूनिट ने ऑनलाइन निवेश ठगी से जुड़े मामलों में इंटेलिजेंस-आधारित कार्रवाई कर सात पीड़ितों को समय रहते करोड़ों के आर्थिक नुकसान से बचाया।

साइबर कमांडो सचिन धामा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने साइबर एवं वित्तीय इंटेलिजेंस, डिजिटल लेन-देन पैटर्न, संदिग्ध बैंक खातों और नेटवर्क संकेतों का सूक्ष्म विश्लेषण कर प्रभावित व्यक्तियों तक पहुँच बनाई।

इस कार्रवाई में तमिलनाडु, गुजरात, तेलंगाना, ओडिशा और राजस्थान से जुड़े सात पीड़ितों की पहचान की गई। ये लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से फर्जी शेयर मार्केट और निवेश योजनाओं के नाम पर ठगी का शिकार हो रहे थे। पीड़ितों से संपर्क कर उन्हें बचाया गया और संबंधित बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया। साथ ही, मामले से जुड़े डिजिटल फुटप्रिंट और नेटवर्क कनेक्शन की तकनीकी जांच भी जारी है।

पुलिस महानिदेशक द्वारा नोएडा पुलिस की साइबर यूनिट और साइबर कमांडो की उत्कृष्ट कार्रवाई की सराहना की गई और उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

# शादी समारोह में शामिल होने गए युवक की बाइक चोरी, पीड़ित ने दी पुलिस को तहरीर

**समाज जागरण**

संभल (असमोली)। असमोली थाना क्षेत्र के गांव नरेठा मोहम्मदपुर निवासी शाने आलम की बाइक शादी समारोह के दौरान चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार, शाने आलम 2 नवंबर को अपनी बाइक से असमोली क्षेत्र के गांव हरथला में आयोजित एक शादी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। पीड़ित ने अपनी बाइक सरकारी स्कूल के पास बने पंडाल के सामने खड़ी की थी और कार्यक्रम में शामिल हो गए। जब वह प्रोग्राम से खाना खाकर वापस लौटे तो देखा कि उनकी बाइक वहां से गायब थी। आसपास के क्षेत्र में काफी खोजबीन करने और घराती-बरातियों से पूछताछ करने के बावजूद बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। घटना के बाद शाने आलम ने पुलिस को तहरीर देकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने और कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि समारोह स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था का अभाव ऐसे मामलों को बढ़ावा दे रहा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# दवा बेचने के नाम पर युवक से 60 हजार की ठगी, पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत

**समाज जागरण**

संभल (असमोली)। असमोली थाना क्षेत्र में दवा बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से 60 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित दीवान राम ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित दीवान राम, हाल निवासी डी.बी.ओ. यूनिट - असमोली, ने बताया कि उनकी टांग में लंबे समय से दर्द की समस्या थी। इसी की दवा लेने के लिए वे असमोली में पायल हॉस्पिटल के पास पहुंचे, जहां हिमालय कंपनी के नाम से सड़क किनारे दवा बेच रहे बंटी और रवि नाम के दो युवक मिले। दोनों ने हर दर्द-मर्ज की दवा बताकर खुद को हिमालय कंपनी का प्रतिनिधि बताया और 300 लेकर टांग के दर्द की दवा दी।

पीड़ित के अनुसार, जब दवा से कोई आराम नहीं हुआ, तो वे दोबारा उनके पास पहुंचे। इस बार बंटी ने खुद को हिमालय जड़ी-बूटी क्लिनिक से बताकर उन्हें जोया स्थित अपने गुरुजी के पास ले गया। वहां तथाकथित चेकअप के दौरान पीड़ित से अनुचित सवाल-जवाब किए गए और टांग के दर्द की बजाय सेक्स समस्या की दवाइयाँ देकर 24,000 वसूले गए। इसके बाद तीन से चार बार और बुलाकर पीड़ित से 16,000 और 20,000 और लिए गए। आरोप है कि दोनों युवकों ने डर और झांसे में रखकर कहा कि इस बारे में किसी को मत बताना, तुम्हारी समस्या ठीक हो जाएगी। इस तरह कुल 60,000 रुपये की ठगी की गई, जो फोन पे के माध्यम से ट्रांसफर किए गए।

पीड़ित ने बताया कि अब दोनों युवकों के मोबाइल फोन बंद हैं और वे फरार हैं। दीवान राम ने थाना असमोली में लिखित तहरीर देकर दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# देहरी जग्गू की मिलक में चार साल से खराब हैं हैंडपंप, पानी और गंदगी से परेशान ग्रामीण

**समाज जागरण**

संभल (असमोली)। असमोली विकासखंड के गांव देहरी जग्गू की मिलक में पिछले चार वर्षों से हैंडपंप खराब पड़े हैं, जिनकी अब तक कोई मरम्मत नहीं कराई गई है। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



गांव के प्राथमिक विद्यालय के आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे बच्चों में डेंगू, मलेरिया और बुखार जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। विद्यालय के चारों ओर पड़ी थैली और कूड़े-कचरे की गंदगी से बदबू फैल रही है।

गांव के ग्रामीण अंकुर सिंह पुत्र सत्यभान सिंह, सिंटू सिंह पुत्र वीरपाल सिंह, अतर सिंह पुत्र अंतराम सिंह, चुनमुन पुत्र राजेंद्र सिंह और सचिन पुत्र अतर सिंह ने बताया कि गांव में कुल चार हैंडपंप हैं, लेकिन सभी चारों हैंडपंप पिछले चार साल से खराब पड़े हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद ग्राम प्रधान ने कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि ग्रामीणों को गुमराह करते रहे।

गांव का मुख्य मार्ग तालाब का रूप ले चुका है, जिससे आवागमन में ग्रामीणों को भारी दिक्कतें हो रही हैं। स्कूल आने-जाने वाले मासूम बच्चे कई बार इस गंदगी में फिसल कर गिर भी जाते हैं।

जब इस संबंध में ग्राम प्रधान से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कैमरे के सामने बोलने से इनकार कर दिया। वहीं ग्राम पंचायत सचिव का फोन भी रिसीव नहीं हुआ।

ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में जल्द सफाई व्यवस्था सुधारने और हैंडपंपों की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि उन्हें पानी और गंदगी की समस्या से राहत मिल सके।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुराचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर हीमपुर दीपा कस्बा क्षेत्र में एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने थाना हीमपुर दीपा पर तहरीर देते हुए बताया कि शाबेज पुत्र शकूर निवासी मोहल्ला कस्साबान, कोतवाली शहर बिजनौर ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में मुकर गया।




पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थाना हीमपुर दीपा पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी शाबेज पुत्र शकूर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है और आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः उपनिरीक्षक मुकेश कुमार कांस्टेबल योगेश दत्त शामिल रहे।थाना हीमपुर दीपा पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़िता को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है, वहीं क्षेत्र में पुलिस की सराहना की जा रही है।

# बिजली कटौती से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त, व्यापार मंडल ने जताया रोष

**समाज जागरण**

चन्दौसी। सीता रोड स्थित झुन्नीलाल धर्मशाला में बुधवार को अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल की बैठक नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ह्यअन्नूह्ल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शहर में सुबह 6 बजे से 9 बजे तक हो रही लगातार बिजली कटौती को लेकर व्यापारियों और आम जनता में गहरा आक्रोश देखने को मिला। नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि



सुबह के समय की यह कटौती लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह बिगाड़ रही है। घरों में महिलाएं गैस या इंडक्शन पर नाश्ता नहीं बना पा रहीं, बच्चों के स्कूल जाने की तैयारी प्रभावित हो रही है। बिजली न होने से पंखे और मोटर बंद रहते हैं, इससे पानी की समस्या झेलनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि सुबह का यही समय दिन की सबसे व्यस्त घड़ी होती है, जब हर घर में भागदौड़ चलती है बच्चों को स्कूल भेजना, नौकरी या व्यापार के लिए तैयारी करना। ऐसे में बिजली जाने से पूरा कामकाज ठप पड़ जाता है। छात्राओं का अंधेरे में तैयार होकर निकलना खतरे से खाली नहीं है। गलियों और रास्तों में स्ट्रीट लाइटें बंद होने से किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। संगठन ने स्पष्ट कहा कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो इस विषय पर जनआंदोलन चलाने पर भी विचार किया जाएगा। सभी की मांग है कि विद्युत विभाग सुबह की बजाय दोपहर या रात 3 से 5 बजे के बीच कटौती करे, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इस दौरान रमाकांत शर्मा, गणेश वार्ष्णेय, मोहित वार्ष्णेय, सुमित यादव, कुश कुमार रावत, विक्की गौड़, सोनू धर्मशाला, मयंक वार्ष्णेय, प्रियांशु अग्रवाल आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन प्रभात कृष्णा ने किया।

# श्री देवी गंगा मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा पर हुआ महाआरती का आयोजन

**समाज जागरण**

चन्दौसी। नगर के कैथल गेट स्थित श्री देवी गंगा मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा का पूर्व धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मां गंगा का अभिषेक कर महाआरती की गयी। इसके बाद मंदिर परिसर में कथा व्यास ने कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान के महत्व से अवगत कराया। बुधवार सुबह मंदिर के मंहत पं0 मनोज शर्मा एवं प्रवेश शर्मा ने मां गंगा का पंचामृत से अभिषेक किया। इसके बाद मां का पूजन वेद मंत्रों से किया गया। श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। पं0 मनोज शर्मा ने 108 दीपों से मां गंगा जी की महाआरती कर प्रसाद का वितरण किया। रात्रि में मंदिर में देव दीपावली मनायी गयी। इस



अवसर पर कथा व्यास पं0 भूदेव शंखधार ने बताया कि कार्तिक मास की पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करना शुभ माना गया है। इस दिन स्नान करने का विशेष महत्व है। इस दिन गंगा सहित पवित्र नदियों एवं तीर्थों में स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दौरान ज्योति, प्रियंका, सचिन, कचंन देवी, राजरानी, भुवनेश, संजीव, श्यामलाल मौर्या, माया रानी, लक्ष्मी, धर्मपाल मौर्या, अखिलेश, प्रिंस, रेखा वार्ष्णेय, गीता देवी, रजनी चौधरी, आयुष, प्रवेश शर्मा, निष्ठा, मन्नू, प्रवेश शर्मा, वीना आर्य, कन्नू, उषा वार्ष्णेय, रेखा रानी, हरिओम पुरी, पुष्पा, कृष्णा वार्ष्णेय, सरोज देवी, राधिका वार्ष्णेय, सृष्टि, देवांश वार्ष्णेय, रजनी शर्मा, दृष्टि, आयुषी वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# भारतीय संस्कृति के महान चिंतक सतगुरु श्री गुरुनानक देव को किया याद

**समाज जागरण**

चन्दौसी। महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में सिक्ख धर्म के संस्थापक, समाज सुधारक, भारतीय संस्कृति के महान चिंतक सतगुरु श्री गुरुनानक देव जी की जयंती (प्रकाश पर्व) एवं महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी देशबन्धु चितरंजन दास की जयंती कृष्णानगर गली नम्बर दो में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा संभल के जिलाध्यक्ष पंडित सुरेश चंद्र शर्मा के आवास पर धूमधाम से मनाई गई।



सर्वप्रथम मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दोनों चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सतगुरु गुरु नानक देव जी सिक्ख धर्म के प्रवर्तक, समाज सुधारक, महान संत -कवि, थे। गुरुनानक देव जी का चिंतन मौलिक है। कर्म, धर्म, श्रम और समानता के मूल्यों को अगर समाज में हम रखते हैं, तो उससे संतुलन भी स्थापित होता है। परस्पर प्रेम भी बढ़ता है।वह कहते थे कि ईश्वर सर्वत्र विद्यमान है, हम सबका पिता वही है इसलिए सबके साथ प्रेम पूर्वक रहना चाहिए। विनम्र रहकर सेवा भाव से जीवन गुजारना चाहिए। गुरुनानक देव जी ने सत्य और प्रेम का संदेश दिया। नैतिकता के बिना सफल जीवन नहीं व्यतीत किया जा सकता है। उन्होंने ही सिक्ख धर्म में पंगत और संगत की परंपरा को शुरू किया। वह कहते थे कि एक ईश्वर है एक ओंकार है। गुरुनानक देव जी ने 974 भजनों की रचना की, जो कि षिक्ख धर्म के ग्रन्थ गुरु ग्रंथ साहिब में वर्णित हैं। सिक्ख धर्म के अनुयाई उनके जन्म दिन को प्रकाश पर्व के रूप में मनाते हैं। गुरुनानक देव जी भारतीय संस्कृति के महान चिंतक थे। उन्होंने सोते हुए भारत को जागने की प्रेरणा दी और बाबर को जाबर (अत्याचारी) कहा। गुरुनानक देव जी के चिंतन ने लोगों को नवजागरण से जोड़ा और अपने धर्म, सभ्यता और संस्कृति से अनुराग करना सिखाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि गुरुनानक देव जी का जन्म कार्तिक पूर्णिमा को 1499 को तलबंदी पंजाब में हुआ था, जो कि आज पाकिस्तान में है जिसका नाम ननकाना साहिब है। आपके पिता मेहता कालू खत्री थे माता तृप्ता देवी थीं। आपकी बड़ी बहिन नानकी थीं। गुरुनानक देव जी ने सात साल की उम्र में हिन्दी -संस्कृत सीख ली थी। उनमें बचपन से ही चमत्कारिक शक्तियां मौजूद थीं। उन्होंने सभी धार्मिक ग्रन्थों का अध्ययन किया। उनका विवाह सोलह वर्ष की अवस्था में माता सुलक्नी के साथ हुआ, आपके दो पुत्र श्री चन्द्र एवं लक्ष्मीदास हुए। गुरुनानक देव जी ने सिद्धांतों के प्रचार प्रसार हेतु एक सन्यासी की तरह अपनी पत्नी और दोनों पुत्रों को छोड़कर धर्म के मार्ग पर निकल गए। धार्मिक कट्टरता के वातावरण में गुरुनानक देव जी ने धर्म को उदारता की एक नई परिभाषा दी। उन्होंने जगह जगह घूमकर अंधविश्वास, पाखंडों आदि का जमकर विरोध किया। अध्यक्षता करते हुए अम्बरीष श्रोत्रिय, कार्यक्रम आयोजक पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा एवं संचालक पण्डित बृजेंद्र प्रसाद तिवारी ने कहा कि सतगुरु नानक देव जी ने हिन्दू धर्म की रक्षा की। सिक्ख धर्म के सभी दस गुरुओं ने समाज को नई दिशा प्रदान की। विशिष्ट अतिथि दुष्यन्त कुमार सिंह, गंगा देवी मिश्रा, हरी सिंह यादव, मनोज कुमार शर्मा, अनुज शर्मा, बसंत गोस्वामी, योगेश कश्यप, ओम शंखधार, रजनी शर्मा ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में एन के शर्मा (पूर्व प्रशासनिक अधिकारी सिंचाई विभाग मुरादाबाद), शिव शंकर मिश्रा, संजीव मिश्र, अंशुल मिश्र, भास्कर मिश्रा, कु अक्षिता मिश्रा, वंश मिश्रा, यश आदि मौजूद रहे।

# सरकारी कार्य में बाधा डालने व पुलिस टीम से अभद्रता करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए पुलिस टीम से अभद्रता करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि आरोपी आसिफ पुत्र रशीद, नजाकत पुत्र शमीम, मोहम्मद अकरम उर्फ राहुल पुत्र कालू उर्फ काले निवासी ग्राम अकबराबाद एवं एक अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस टीम से अभद्रता कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की थी। इस मामले में थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा त्वरित



कार्रवाई करते हुए अभियुक्त नजाकत पुत्र शमीम निवासी ग्राम अकबराबाद जनपद बिजनौर को दिनांक 04 नवंबर 2025 को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त नजाकत का आपराधिक इतिहास रहा है, जिसके विरुद्ध वर्ष 2015 में हत्या के प्रयास, मारपीट व तोड़फोड़, वर्ष 2016 में पशु क्रूरता अधिनियम व सीएस एक्ट, वर्ष 2020 में आबकारी अधिनियम एवं पशु क्रूरता अधिनियम तथा वर्ष 2025 में अवैध हथियार रखने समेत कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस प्रशासन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरुद्ध विभिन्न थानों में कई मामले पंजीकृत हैं और शेष फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम दबिश दे रही है।

# अफजलगढ़ मुख्य अड्डा पर मिशन शक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन

**– महिलाओं और बालिकाओं को नारी सुरक्षा नारी सम्मान एवं नारी स्वावलम्बन के लिए किया गया जागरूक**

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़ मुख्य अड्डा पर मिशन शक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं एवं बालिकाओं को नारी सुरक्षा नारी सम्मान और नारी स्वावलम्बन की भावना को जागृत करने के लिए जागरूक किया गया कार्यक्रम में पुलिस विभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 वूमेन पावर लाइन 181 वूमेन हेल्पलाइन 112 पुलिस आपातकालीन सेवा 102/108 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस सेवा 109 सामान्य एम्बुलेंस सेवा 1098 चाइल्डलाइन सेवा 101 अग्निशमन सेवा 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई और किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने तथा नारी सुरक्षा के प्रति पुलिस विभाग की तत्परता से अवगत कराया गया कार्यक्रम का आयोजन थाना अफजलगढ़ जनपद बिजनौर द्वारा किया गया और कार्यक्रम में महिला उपनिरीक्षक रीना पंवार एवं महिला कांस्टेबल दीपा तोमर उपस्थित रहीं जिन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत साइबर अपराध, सुरक्षा हेल्पलाइन 1930 और अन्य सरकारी हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी जिससे नारी सुरक्षा और जागरूकता के क्षेत्र में समाज में सकारात्मक संदेश गया।



# चांदपुर में सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर चांदपुर, जनपद बिजनौर के चांदपुर क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल हुई महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार देर शाम यह हादसा उस समय हुआ जब महिला सड़क पार कर रही थी। तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी।

हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे तुरंत सीएचसी स्याऊ ले गए, जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से भी महिला को हायर सेंटर मुरादाबाद भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

मृतका की पहचान ग्राम रोनिया निवासी 60 वर्षीय सुमित्रा पत्नी स्व. बलवीर सिंह के रूप में हुई है। बताया गया कि हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सुमित्रा की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस से आरोपी बाइक चालक की तलाश और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चांदपुर के बास्टा में अस्पताल के बाहर से बाइक चोरी सीसीटीवी में कैद युवक

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर चांदपुर , थाना क्षेत्र के बीबीपुरा बास्टा चौक स्थित साईं अस्पताल के बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। यह पूरी घटना अस्पताल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में एक युवक बाइक स्टार्ट कर मौके से ले जाते हुए साफ दिखाई दे रहा है।



जानकारी के अनुसार, गांव हताई निवासी मनोज कुमार साईं अस्पताल में काम करते हैं। मनोज की बाइक (बॉक्सर, UP 14M 7767) रोज की तरह अस्पताल के बाहर खड़ी थी। शाम करीब 6:40 बजे जब मनोज अस्पताल से बाहर निकले, तो उनकी बाइक गायब थी। काफी तलाश करने पर भी जब मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं मिला, तो उन्होंने अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी।

फुटेज में एक युवक उनकी बाइक लेकर जाते हुए दिखाई दिया। हालांकि उसका चेहरा स्पष्ट रूप से नजर नहीं आ रहा है, जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई है। मनोज ने बताया कि उन्होंने इस चोरी की सूचना तत्काल बास्टा पुलिस चौकी को दे दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल के आसपास पहले भी छोटी-मोटी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। लोगों ने पुलिस से इलाके में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# गुलदार के हमले में श्रमिक घायल, ग्रामीणों में दहशत फैली

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़ नारायणवाला क्षेत्र में सोमवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मजदूरी पर जा रहे एक श्रमिक पर अचानक गुलदार ने हमला कर दिया। हमले में श्रमिक घायल हो गया। आसपास से गुजर रहे राहगीरों की आवाज सुनकर गुलदार झाड़ियों में भाग गया। घायल को प्राथमिक उपचार के लिए पीएचसी कासमपुरगढ़ी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार,नारायणवाला निवासी 52 वर्षीय जिराज सिंह पुत्र विक्रम सिंह सोमवार सुबह साइकिल से मीरापुर मोदीवाला की ओर मजदूरी पर जा रहे थे। जब वह घासीवाला मार्ग से गुजर रहे थे, तभी झाड़ियों में छिपे गुलदार ने उन पर झपट्टा मार दिया। अचानक हुए हमले में जिराज सिंह गिर पड़े और घायल हो गए। इसी बीच सामने से आ रही दो बाइकों की आवाज सुनकर गुलदार जंगल की ओर भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही वन दरोगा नरेश सागर और मनोज कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल को तत्काल पीएचसी कासमपुरगढ़ी में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार जिराज सिंह की हालत खतरे से बाहर है।



ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में गुलदार की मौजूदगी से लोग दहशत में हैं। दो माह पूर्व भी इसी क्षेत्र में दो ग्रामीण गुलदार के हमले में घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि गुलदार को जल्द पकड़ा जाए और उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा जाए। इस संबंध में रेंजर अंकिता किशोर ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में गश्त बढ़ाई गई है। टीम लगातार निगरानी कर रही है। ग्रामीणों को सावधानी बरतने व अकेले जंगल की ओर न जाने की सलाह दी गई है।

# नकली बैनामा कर दबाव बनाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना कस्बा नगीना की निवासी श्रीमती मिनाक्षी सैनी पत्नी स्वर्गीय राहुल सैनी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि मोहल्ला आजाद कॉलोनी निवासी वीरेन्द्र सैनी, मोहल्ला लालसराय निवासी प्रहलाद कुमार कुशवाह तथा एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके पति राहुल सैनी पर दबाव बनाते हुए बिना पैसे दिए जमीन का बैनामा अपने नाम करा लिया। इसके बाद लगातार प्रताड़ित करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई, जिससे परेशान होकर उसके पति ने आत्महत्या कर ली तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी वीरेन्द्र सैनी पुत्र स्वर्गीय अमर सिंह निवासी मोहल्ला आजाद कॉलोनी लाइनपार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अजीत कुमार, सिपाही सुक्रमपाल राणा, हेड कांस्टेबल वरुण तथा कांस्टेबल सचिन कुमार शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया।



# अधिवक्ताओं के बैठने लिए बनाए गए हॉल में रंगाई, पुताई आदि कार्य के लिए शासन को अवगत कराया गया

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद वर्ष 2012-17 के दौरान उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा अधिवक्ताओं के बैठने के लिए तहसील परिसर में एक बड़े हॉल का निर्माण लाखों रुपए की लागत से कराया गया था परंतु जब से उक्त बिल्डिंग का निर्माण हुआ है आज तक उस हाल की रंगाई पुताई नहीं की गई नहीं उसकी सुरक्षा पर कोई ध्यान दिया गया जो की चिंतनीय और सोचनीय बात है इस कारण से दीवारों पर गंदगी और जाले एकत्र हो गए है और व्यापक रूप से देखभाल न होने के कारण बिल्डिंग की सुरक्षा पर भी प्रश्न चिन्ह लग गया है।इसी परिपेक्ष में शासन को अवगत कराया गया है ताकि उक्त बिल्डिंग की रंगाई पुताई संबंधित विभाग के माध्यम से हो सके तथा अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया सके।



# आबादी के नजदीक बाघ की दस्तक से मचा हड़कंप

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनता बिजनौर। जिले के जंगलों से सटी आबादी में बाघ की बढ़ती हलचल ने ग्रामीणों में भय का वातावरण बना दिया है। पिछले एक सप्ताह से नगीना परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव इमरतपुर, मोहम्मदपुर राजौरी और फाजलपुर मच्छमार के पास बाघ के देखे जाने की घटनाओं से हड़कंप मचा हुआ है। खेतों के पास बाघ के लगातार घूमने से किसान खेतों में जाने से डर रहे हैं।



ग्रामीणों के अनुसार, बाघ अक्सर शाहपुर राजवाहा के किनारे दिखाई देता है। कई ग्रामीणों ने बाघ को नजदीक से देखने का दावा किया है, वहीं कुछ ने उसका वीडियो बनाकर सोशल माध्यमों पर साझा किया है जितेंद्र चौहान, विपिन कुमार, हेमराज सिंह और ध्यान सिंह जैसे ग्रामीणों ने बताया कि बाघ लगातार क्षेत्र में घूम रहा है, जिससे बच्चों और महिलाओं में भय व्याप्त है। बढ़ती घटनाओं को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के अफजलगढ़ खंड अध्यक्ष सहित कई किसान नेताओं ने प्रभागीय वन अधिकारी जय सिंह कुशवाहा से मुलाकात कर बाघ को शीघ्र पकड़ने की मांग की। वन विभाग ने बाघ की तलाश में अभियान तेज कर दिया है। नगीना परिक्षेत्र अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि बाघ की गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए ड्रोन कैमरे, पिंजरे तथा कैमरा फंदे लगाए गए हैं। विभाग की टीमें लगातार क्षेत्र में निगरानी कर रही हैं ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटा जा सके। प्रभागीय वन अधिकारी जय सिंह कुशवाहा ने बताया कि बाघ को सुरक्षित पकड़ने के लिए पीलीभीत बाघ अभयारण्य से विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई है। उन्होंने कहा कि वन विभाग पूरी सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है और जल्द ही बाघ को पकड़कर ग्रामीणों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा।

## फ्लड यूनिट और निजी गोताखोर रहे तैनात

**समाज जागरण**

कार्तिक पूर्णिमा के पर्व को देखते हुए पहले ही प्रशासन की ओर से यमुना नदी पर सुरक्षा खाका तैयार किया गया था। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लोहे की जालीयुक्त बैरिकेडिंग यमुना किनारे पर कराई गई थी, ताकि श्रद्धालु अधिक गहराई तक पहुंचकर हादसे का शिकार न हो। इसके अलावा दो मोटरबोट के साथ पीएसी की फ्लड यूनिट व निजी गोताखोर तैनात रहे, जिनके द्वारा यमुना नदी में गश्त करते हुए श्रद्धालुओं से बैरिकेडिंग के अंदर की स्नान की अपील की जा रही थी।

## हथियार व कारतूस के साथ वीडियो वायरल

**समाज जागरण**

कैराना। सोशल मीडिया पर हथियार व कारतूस के साथ दो युवकों का वीडियो वायरल हुआ है। पुलिस जांच में जुट गई है।

बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक युवक के हाथ में हथियार व दूसरे के पास कारतूस है। इनके अवैध हथियार होने का दावा किया जा रहा है। वायरल वीडियो में दिख रहे युवक गांव मंडावर या खुरगान के निवासी होने की संभावना जताई गई है। वहीं, पुलिस वायरल वीडियो की सत्यता की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## पोस्टमार्टम के बाद दुकानदार का शव दफनाया

**समाज जागरण**

कैराना। दुकानदार का शव पोस्टमार्टम के उपरांत घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में शव दफना दिया गया।

सोमवार शाम मोहल्ला अफगानान निवासी 28 वर्षीय तमसीर स्कूटी सहित लापता हो गया था। वह चांद मस्जिद के निकट दुकान करता था। मंगलवार सुबह करीब पांच बजे तमसीर कांधला बस अड्डे के निकट घायल अवस्था में बेहोश पडा मिला था। पास ही उसकी स्कूटी भी थी। घायल को मेरठ रेफर कर दिया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। बुधवार को मेरठ में पोस्टमार्टम के बाद शव को कैराना उसके आवास पर लाया गया। जहां गमगीन माहौल में शव को कब्रिस्तान में सुपुर्द–ए–खाक कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री का कहना है कि इस संबंध में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## दो करोड़ बकाया नहीं देने पर मुकदमा

**समाज जागरण**

कैराना। बकाया के दो करोड़ रुपये नहीं देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया। मीम एग्रो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड से वफेलो लाईव स्टक सप्लाई करने वाले मोहम्मद जाहिद ने एसपी के आदेश पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। बताया कि दिल्ली में परपगंज में एक्सपोर्ट कम्पनी के मालिक अफनान अली के दो सालों में करोड़ों का वफेलो लाईव स्टक सप्लाई किया था, जिसमें से दो करोड़ 99 हजार 526 रुपये कम्पनी पर बकाया रह गए थे। उसके द्वारा कई बार तकादा करने पर आरोपी ने उसे जल्द वापस करने का वायदा किया, लेकिन उसके बाद आरोपी ने रुपये जमा नहीं कराए। 1 नवंबर 2024 को वह कम्पनी के आफिस में दिल्ली गया तथा अपने पैसों की मांग की, जिस पर अफनान व उसके पिता मनव्वर ने पैसे देने से इनकार करते हुए धमकी दी। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दिनभर यमुना पर डटे रहे अफसर

**समाज जागरण**

यमुना नदी पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए अधिकारी भी अलर्ट नजर आए। एसडीएम निधि भारद्वाज व सीओ श्याम सिंह ने निरीक्षण किया। इसके अलावा तहसीलदार अर्जुन सिंह चौहान व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री टीम के साथ दिनभर यमुना पर डटे रहे। यमुना तट पर डॉक्टरों की टीम भी तैनात रही। दो एंबुलेंस भी लगाई गई थी।

## -सतलोक आश्रम में दिव्य धर्म यज्ञ भक्ति, सेवा और समानता का संदेश

-11 जोड़ों ने किए दहेज-मुक्त विवाह, 60 श्रद्धालुओं ने किया रक्तदान, लाखों ने ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद

**समाज जागरण झिंझाना।**



संत रामपाल महाराज के सान्निध्य में आयोजित दिव्य धर्म यज्ञ दिवस के दूसरे दिन मानवता, सेवा और सामाजिक सुधार की मिसाल देखने को मिली। इस अवसर पर 11 जोड़े दहेज-मुक्त विवाह बंधन में बंधे, जबकि 60 श्रद्धालुओं ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का अमूल्य उदाहरण प्रस्तुत किया। विशाल भंडारा निरंतर जारी रहा। बुधवार को सतलोक आश्रम वेदखेड़ी में चल रहे तीन दिवसीय समागम के दूसरे दिन प्रदेश कोऑर्डिनेटर भगत हरदेश दास ने बताया कि सुबह 4 बजे नाम-सुमिरन और अमरवाणी पाठ से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने अनुशासन और भक्ति भावना के साथ भाग लिया। भंडारे में लाखों श्रद्धालुओं ने प्रेम पूर्वक पूड़ी-सब्जी, खीर, बूंदी लड्डू, हलवा और जलेबी का प्रसाद ग्रहण किया। आध्यात्मिक प्रदर्शनी में अन्नपूर्णा मुहिम और बाढ़ राहत सेवा अभियान आकर्षण का केंद्र बने। सामाजिक बुराई दहेज प्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य से आश्रम परिसर में 11 जोड़ों का दहेज-मुक्त सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। सभी विवाह संत रामपाल महाराज के मार्गदर्शन में रमैणी विधि से पूर्ण किए गए। न कोई बैंड-बाजा, न आतिशबाजी केवल भक्ति गीतों और सत साहेब के जयकारों के बीच विवाह सम्पन्न हुए। दूसरे दिन आयोजित रक्तदान शिविर में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 60 श्रद्धालुओं ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**समाज जागरण**



शामली। कैराना क्षेत्र के गांव कंडैला निवासी एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को शामली जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसको गंभीर चोटे आई है। कैराना क्षेत्र के गांव कंडैला निवासी इरशाद बुधवार को अपनी बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से बुढाना जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बुटराडी के निकट पहुंचा तो इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन सवार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे इरशाद गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों ने बताया कि इरशाद को गंभीर चोटे आई है।

# वाहन चालक उड़ा रहे नियमों की धज्जियां, पुलिस नतमस्तक

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) नवंबर माह की शुरूआत के साथ ही पूरे प्रदेश में यातायात जागरूकता माह मनाया जा रहा है, लेकिन शामली शहर में इस अभियान का असर सड़कों पर दिखाई नहीं दे रहा है। शहर में जगह-जगह नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। न तो पुलिस की सख्ती नजर आ रही है और न ही लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता का भाव दिख रहा है। गत एक नवंबर से जिले में यातायात माह प्रारंभ हो गया है। यातायात माह के अन्तर्गत वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, शिक्षकों, बाइक सवारों, आम नागरिकों को जागरूक किए जाने का दावा किया जा रहा है, लेकिन शामली शहर के प्रमुख मार्गों सुभाष चौक, भिक्की मोड, फव्वारा चौक, दिल्ली रोड, वीवी इंटर कालेज रोड, माजरा रोड, पर दिनभर अवैध पार्किंग की समस्या बनी रहती है। बाइक सवार व वाहन चालक जहां-तहां अपनी गाड़ियां खड़ी कर देते हैं, जिससे राहगीरों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जाम की स्थिति आम हो चुकी है, लेकिन ट्रैफिक पुलिस इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही। वहीं, शहर में बड़ी संख्या में बिना हेलमेट बाइक सवार तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाते देखे जा सकते हैं। कई युवक ट्रिपल राइडिंग करते हुए भी नजर आते हैं, जिस पर रोक लगाने में पुलिस पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। इसके साथ ही डग्गामार वाहन, ई-रिक्शा और टेंपो चालक भी यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए क्षमता से अधिक सवारियां भरकर सड़कों और हाईवे पर फरार्टा भर रहे हैं। अक्सर देखा गया है कि ओवरलोड रिक्शा और टेंपो न केवल अन्य वाहनों के लिए खतरा बनते हैं, बल्कि सवारियों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर जोखिम पैदा करते हैं। बावजूद इसके, ट्रैफिक विभाग की ओर से कोई अभियान नही चलाया जा रहा है। सिर्फ बाइक सवारों के चालान काटकर जागरूकता अभियान में शिथिलता बरती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यातायात जागरूकता माह केवल कागजों पर ही सीमित दिखाई दे रहा है। सड़कों पर न तो यातायात कर्मियों की मौजूदगी रहती है। ट्रेफिक पुलिस शहर में चालान काटती है, जबकि हाईवों पर कोई कार्यवाही नही है। नागरिकों ने अवैध पार्किंग पर अंकुश लगाने की भी मांग की है।

## मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

**समाज जागरण शामली।**

शहर कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा अभियान के क्रम में एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध 126 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के निर्देश पर देर रात्रि को शहर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर अभियुक्त छप्पी उर्फ सरफराज पुत्र इरशाद निवासी नौकुआ को अवैध 126 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त छप्पी उर्फ सरफराज उपरोक्त के मादक पदार्थो तस्करी के अवैध कारोबार के सम्बन्ध में इसके लिंक की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने तस्कर को जेल भेज दिया।

## हाईवे पर बने गड्ढे में गिरी बाइक, तीन बच्चों सहित पांच घायल

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर गांव खंद्रावली के निकट बाइक असंतुलित होकर गड्ढे में गिर गई। बाइक के गड्ढे में गिरने से बाइक सवार दो व्यक्ति व दो मासूम मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने चारों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने चारों घायलों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी है।

थानाभवन थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी निवासी फरमीद अपने रिश्तेदार के ही शमीम व अपने 13 वर्षीय वसीक, 12 वर्षीय पुत्री सुमायला के साथ



बाइक पर सवार होकर अपने रिश्तेदारी में कांधला आ रहे थे, जैसे ही बाइक सवार क्षेत्र नेशनल हाईवे स्थित गांव खंद्रावली के निकट पहुंचे तो हाईवे में हो रहे जगह-जगह गड्ढो के कारण बाइक एक गड्ढे में जा गिरी बाइक के गड्ढे में गिरने से बाइक सवार दोनों व्यक्ति और दोनों मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। 108 एंबुलेंस ने मौके पर पहुंचकर चारों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायलों का उपचार करने के बाद चारों घायलों को छुट्टी दे दी है।दुसरीऔर कस्बे के कैराना मार्ग सब्जी मंडी के निकट कस्बा निवासी राशिद के 10 वर्षीय पुत्र दुल्ली को कार चालक ने टक्कर मार दी राहगीरों ने उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।चिकित्सक प्रभारी वीरेंद्र सिंह का कहना है कि, दो व्यक्ति वह दो मासूम बच्चे घायल अवस्था में अस्पताल में पहुंचे थे चारों को प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी है चारों खतरे से बाहर हैं।

## श्री श्याम बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव भजन कीर्तन के साथ समापन

**समाज जागरण**



शामली। श्री ओम श्री बाबा श्याम परिवार शामली एवं श्री मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर सती वाला की ओर से चल रहे श्री श्याम बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का देर रात्रि भजन कीर्तन के साथ समापन हो गया। इस दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें शहर तथा आसपास देहात क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। गत मंगलवार देर रात्रि हर के सती मंदिर में बाबा श्याम की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भजन कीर्तन के साथ समापन किया गया। इस दौरान विधि विधान और मंत्रोउच्चारण के साथ बाबा की मूर्ति विराजमान कराई गई। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी व पूर्व आईडी विजय गर्ग तथा सजिन जिंदल रहे। तत्पश्चात मंदिर परिसर में भजन कीर्तन हुआ जिसमें भजन गायक वृंदावन से खुश्बू राधा तथा कुरूक्षेत्र पेवा जतिन जिंदल ने बाबा श्याम के सुंदर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। मंदिर प्रांगण बाबा के जयघोष से गूंज उठा और श्रद्धालु नाचते झूमते दिखाई दिये। कार्यक्रम का समापन महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष विकास गर्ग, सचिव मनीष तायल, कोषाध्यक्ष नितिन जिंदल, सती मंदिर के अध्यक्ष सचिन जिंदल, विकास गोयल, अखिल तायल, नीरज गोयल, प्रणव गुप्ता, नितिन तायल, सचिन तायल, श्रवण गोयल,

## संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी में गुरु पर्व पर विशेष कार्यक्रम

**समाज जागरण कांधला।**



नगर के मोहल्ला शेखजादगान स्थित संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी विद्यालय में गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों को उनके जन्म, जीवन परिचय तथा सिद्धांतों की विस्तृत जानकारी रोचक तरीके से दी गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं गुरुवंदना से हुआ। बच्चों ने गुरु नानक देव का जीवन,विषय पर आधारित नाटक, भजन व कविता की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। शिक्षकों ने बताया कि गुरु नानक देव ने समाज को सेवा, समानता, भाईचारे और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी तथा अंधविश्वास व सामाजिक भेदभाव का विरोध किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य कुमारी रंजना मित्तल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी का सम्पूर्ण जीवन मानवता, एकता और नैतिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहा, इसलिए उनके बताए सिद्धांत आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने सभी धर्मों के लोगों से देश में एकता, सद्भाव और आपसी भाईचारे को बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम का समापन सहभागियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं और ह्यवाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेहह्ण के जयकारों के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक क्षितिज मित्तल, प्रबंध कार्यकारिणी तथा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# कार्तिक पूर्णिमाः यमुना तट पर आस्था का महासंगम

— यूपी और हरियाणा के हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, प्रशासन ने किए सुरक्षा के कड़े प्रबंध

**समाज जागरण**

कैराना। कार्तिक पूर्णिमा का पावन पर्व पर यूपी–हरियाणा बॉर्डर पर स्थित यमुना नदी पर आस्था का महासंगम देखने को मिला। यहां दोनों प्रदेशों से हजारों श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा–अर्चना कर आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने परिवार में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। सुरक्षा के लिहाज से प्रशासन की ओर से कड़े बंदोबस्त रहे। बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सुबह पांच बजे से ही यूपी और हरियाणा से श्रद्धालुओं का आगमन हरियाणा की ओर यमुना नदी के किनारे पर शुरू हो गया था। जहां श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा–अर्चना की। इसके साथ ही यमुना नदी में स्नान कर सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। श्रद्धालुओं ने परिवार में सुख, शांति एवं समृद्धि आदि के लिए विशेष कामनाएं की। बाद में ब्राह्मणों को दान दक्षिणा, वस्त्र व मिष्ठान भेंट की। इसके अलावा यमुना पर दीपदान किया गया। यमुना तट पर परिवार के साथ दीपदान कर रहे गांव भूरा निवासी बलराम ने बताया कि वह हर साल गंगा स्नान पर परिवार के साथ यमुना में स्नान करने आते हैं। यमुना मैया की कृपा से उनका परिवार खुशहाल है। वहीं, यमुना तट पर लगे मेले में बच्चों ने जमकर खेल– खिलौनो की खरीदारी की।

## सच्चा गुरु और भगवान बाहर नहीं, बल्कि हमारी आत्मा ही है, जैन मुनि

**समाज जागरण**



शामली। शहर के जैन धर्मशाला में बुधवार को मुनि श्री 108 विव्रत सागर के सानिध्य में धार्मिक प्रवचन का आयोजन किया गया। उन्होने प्रवचन में कहा कि आत्मा को सच्चा स्वामी मानना ही आध्यात्मिक जीवन का मूल तत्व है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति अपने भीतर स्थित गुरु, भगवान और साधु की पहचान करता है, तभी वह वास्तविक आत्म-ज्ञान के मार्ग पर अग्रसर होता है।

मुनि श्री ने कहा कि सच्चा गुरु और भगवान बाहर नहीं, बल्कि हमारी आत्मा ही है। बाहरी गुरु केवल मार्गदर्शन कर सकते हैं, परंतु मुक्ति का मार्ग व्यक्ति को स्वयं बनाना पड़ता है। जो व्यक्ति अपनी आत्मा को ही भगवान और गुरु के रूप में मान लेता है, वह बाहरी पूजा, अर्चना और दान की सीमाओं से ऊपर उठकर आत्मिक कल्याण की दिशा में अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि सच्चा भक्त केवल एक ही स्वामी का होता है। अनेक स्वामियों की भक्ति करने वाला व्यक्ति किसी का भी सच्चा भक्त नहीं रह पाता। जब मनुष्य धन को स्वामी मान लेता है, तब उसकी आत्मिक शक्ति क्षीण होने लगती है और लालच उसके जीवन पर अधिकार कर लेता है। लालच सभी पापों की जड़ है, जो मनुष्य को दूसरों की अधीनता में ले आता है। मुनि श्री ने कहा कि यदि संस्कार अशुद्ध हों, तो पुण्यफल भी दुख का कारण बन सकता है, जैसे धन भी कभी-कभी दुख का कारण बन जाता है। आत्मा का सच्चा स्वामी बनने के लिए संकल्प की दृढ़ता आवश्यक है। संकल्प केवल कहना नहीं, बल्कि विपरीत परिस्थितियों में भी उसका पालन करना ही सच्ची परीक्षा है। कार्यक्रम के दौरान चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन रजनी जैन, प्रीति जैन, विजेता जैन, मनीषा जैन, सीमा जैन, अरुण जैन, सिद्धांत जैन आदि मौजूद रहे।

## – धूमधाम से मनाया श्री गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व

-गुरूनानक देव ने नाम जपना, नेक कमाई और बांट कर खाने का दिया संदेश

**समाज जागरण**



शामली। शहर के धीमानपुरा फाटक के निकट गुरुद्वारा में श्री गुरुनानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान बाहर से आए रागी जत्थे ने शबद कीर्तन किया। इसके साथ लंगर का आयोजन किया।

बुधवार को श्री गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शहर के गुरुद्वारा में शबद कीर्तन, लंगर का आयोजन किया गया। इससे पूर्व सवेरे करीब 5 बजे प्रभात फेरी निकाली गई और गुरूनानक देव महाराज के सिखाये गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर देहरादून से ज्ञानी किशन सिंह, अमृतसर से मनजिंदर सिंह ने संगत को निहाल गया। उन्होंने कहा कि नानक देव जी ने मानवता का उद्धार करने हुए लाखों प्राणियों का उद्धार हुआ। उन्होंने कहा कि गुरु नानक जी ने सज्जन, ठग और राक्षस सभी को सत्य का मार्ग बताया और उन्हें नाम जपना, नेक कमाई और बांट कर खाने का संदेश दिया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में अटूट लंगर का भी आयोजन किया। इसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। इस अवसर पर सरदार राजेन्द्र सिंह, सरदार गुरजीत सिंह, प्रमिन्द्र सिंह, अर्जन सिंह, जगजीत सिंह, जसविन्द्र सिंह, मनजीत सिंह, हरदीप सिंह, सतनाम सिंह, हरविन्द्र सिंह, संतोष सिंह, जगनप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे। इसके अलावा थानाभवन, जलालाबाद, बाबरी, मुंडेट, रंगामा फार्म आदि स्थानों पर भी गुरूनानक देव का प्रकाश पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया।

# जाम में फंसे रहे सैकड़ों वाहन, नागरिक हलकान

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) बुधवार को शहर में जाम लगने से वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। जाम में फंसें वाहन चालक घंटों निकलने का प्रयास करते रहे, लेकिन मिनटों का सफर घंटों में तय करना पडा। इस दौरान सड़क से ट्रेफिक पुलिस भी नदारद नजर आई। शहर में जाम लगना आम बात हो गई है। जाम का मुख्य कारण शहर की सड़कों पर अवैध पार्किट, अतिक्रमण और दिन में कई बार शहर के बीच धीमानपुरा फाटक व बुढ़ाना फाटक का बंद होना है। जिस कारण शहर में दिन में कई बार जाम लग जाता है। अक्सर जाम शहर के शिव के निकट मंडी से निकलने वाले बडे बडे वाहन भी लगाते है। जिससे नागरिकों को दुश्वारियों का सामना करना पडता है। अब हाल ही में गन्ना सीजन भी शुरू हो गया है। ऐसे में किसानों के गन्ना वाहन, भैंसा बुग्गी, ट्रेक्टर ट्रालियों की संख्या भी शहर में बढ जायेगी, जिससे जाम लगना भी लगभग तय है। ऐसे में नागरिकों का कहना है कि जिला पुलिस प्रशासन को शहर में लगने वाले जाम की समस्या का समाधान करना चाहिए। जाम की समस्या एक बडी समस्या है, जिसके लिए प्लान तैयार कर ठोस कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार ने शहर के चारो ओर हाईवों का निर्माण कराया, लेकिन शहर में जिला प्रशासन की शिथिलता के चलते जाम की समस्या का समाधान नही हुआ। अतिक्रमण, अवैध पार्किट पर कोई कार्यवाही नही की गई। बुधवार को भी शहर में जाम लगा रहा, जिससे वाहन चालकों के साथ शहर के दुकानदार और आम नागरिक परेशान दिखाई दिये। जाम में लोग घंटों फंसे रहे। दुकानदारों का कहना है कि जाम लगने का असर व्यापार पर भी पडता है। इसका समाधान होना चाहिए।

## गुरु नानक जयंती व गंगा स्नान के अवसर पर कंप्यूटर लैब का शुभारंभ

**समाज जागरण**



शामली। शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरु नानक जयंती व गंगा स्नान के अवसर पर नई कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, विद्यालय के अध्यक्ष गुलशन राय व सदस्य चंद्र देव, चंचल गोयल, प्रभात भार्गव, पूर्व आईजी विजय कुमार ने किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि राजेश्वर बंसल ने रीबन काटकर कंप्यूटर लैब का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की प्रगति के लिए विद्यालय में दो डिजिटल बोर्ड और 17 कंप्यूटर उपहार स्वरूप दिए हैं ताकि बालिकाएं समय से तकनीकी का ज्ञान प्राप्त करें और आगे बढे। उन्होंने अंग्रेजी भाषा सीखने पर भी बालिकाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा बेटियां तीन घरों को शिक्षित करती हैं। विजय गर्ग ने कहा एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण के लिए उसके समाज का शिक्षित होना बहुत जरूरी है। जिसमें बेटियां अहम भूमिका निभाती है। प्रबंध समिति के सम्मानित सदस्यों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, गीता रानी, कविता, उपासना, वंदना, अनीता, सुरभि रानी, आकांक्षा, रवि कुमार, मोहित कुमार, अश्विनी कुमार, विकास कुमार, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## ढिकोली में पशुओं की जांच तीसरे दिन भी जारी

-- ढिकोली मे पशुओं की जांच कर दवाईयां की गयी वितरित

**समाज जागरण चांदीनगर।**
ढिकोली गांव मे पशुओं मे फैली बिमारी के चलते पशु पालक परेशान है। सैकड़ों पशुओं की एक माह में मौत हो चुकी है। जिसके बाद डाक्टरो की टीम लगातार गांव मे आकर पशुओं की जांच करने मे लगी हुई है।ढिकोली गांव मे पशुओं में फैली अज्ञात बीमारी के चलते सैकड़ों पशुओं की मौत हो चुकी है। जिसके चलते पशुपालक परेशान है। किसान देवेन्द्र ने बताया की गांव मे पशुओं के मरने का सिलसिला जारी है। अब भी गांव मे बहुत पशु बीमार है। डाक्टरो की टीम गांव मे आती है और खानापूर्ति कर चली जाती है। अभी डाक्टरो पर दवाईयां उपलब्ध नही होती है। डाक्टर बाहर से दवाईया लिखते है। जिसमे वह असमर्थ है। लगातार ग्रामीणों की मांग के बाद स्वास्थ्य विभाग पिछले तीन दिनो से लगातार गांव मे पशुओं की जांच करने मे लगे है। जिसके बाद गांव मे पशुओं मे अब सुधार है। पशु चिकित्सक अधिकारी डाक्टर सुभम, राजकुमार ने बताया की पशुओं की लगातार जांच कर दवाईयां वितरित की जा रही है। जिससे पशुओ को अब लाभ है।



## बागपत के यश यादव ने फेडरेशन कप में जीता स्वर्ण पदक

-- हिमाचल प्रदेश के कागड़ा जिले मे हुई प्रतियोगता

**समाज जागरण चांदीनगर।**
गौना सहबानपुर के यश यादव ने हिमाचल प्रदेश के कागड़ा जिले मे हुई सीनियर सेकेंडरी स्कूल रैट फाउंडेशन कप प्रतियोगता मे पावरलिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीत गांव और जिले का नाम रोशन किया। गौना सहबानपुर निवासी यश यादव ने 2 से 5 नवम्बर 2025 तक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रैट (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित फेडरेशन कप इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 59 किलोग्राम ओपन एज कैटेगरी मेंऔ स्वर्ण पदक हासिल कर गांव और जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा किया गया था। यश यादव ने कुल 475 किलोग्राम (स्क्वाट 172.5 किग्रा, बेंच प्रेस 112.5 किग्रा, डेडलिफ्ट 190 किग्रा) का शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। प्रतियोगिता में देशभर से सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। यश यादव एक किसान परिवार से संबंध रखते है। उन्होंने अपनी इस जीत का श्रेय अपने माता-पिता और पूरे परिवार को दिया है। जिनके सहयोग और आशीर्वाद से उन्होंने यह सफलता हासिल की। यश यादव इससे पहले भी कई राष्ट्रीय स्तर की पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीत चुके है। और लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है। यश ने अपने राज्य उत्तर प्रदेश और जिले बागपत का नाम गर्व से रोशन किया है। वह अपने गांव में एक देसी जिम चलाते है। जहां वे युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर ग्रामीण क्षेत्र में खेल को बढ़ावा दे रहे हैं। अब यश यादव आगामी मई 2026 में आयोजित होने वाली इक्विप्ड एशियन पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। यश का कहना है कि उनका सपना है कि वह अपने देश के लिए स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का तिरंगा लहराये।




## गंगा स्नान कर मुख्यमंत्री के लंबी उम्र की कामना

**समाज जागरण बड़ौत।**
कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर, बागपत के भाजपा कार्यकताओं ने हरिद्वार में गंगा स्नान किया और 2027 में उत्तर प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उत्तर प्रदेश का तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने के लिए प्रार्थना की। भाजपा नेता रविन्द्र आर्य ने कहा कि बीजेपी सरकार एकमात्र ऐसी सरकार है जिसमें सभी वर्गों का हित सुरक्षित है और उन्होंने सभी वर्गों के लिए काम किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में विकास कार्यों से लोगों का भला कर रहे हैं। युवा नेता मनोज कश्यप ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर हरिद्वार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गंगा स्नान कर भगवान शिव से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लंबी उम्र की कामना की और 2027 में तीसरी बार फिर से मुख्यमंत्री बनने की प्रार्थना की।इस दौरान पवन शर्मा, राजगोपाल कश्यप, सुमित कश्यप, राहुल कश्यप, विनय कुमार आदि मौजूद रहे।



## बाबू बनारसी दास गुप्ता की जयंती मनाई

**.समाज जागरण बागपत।**

भारतीय वैश्य परिवार महासंघ व श्री अखिल भारतीय श्री अग्रसेन समाज कल्याण ट्रस्ट के द्वारा हरियाणा सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व सांसद बाबू बनारसी दास गुप्ता की 108वी जयंती धूमधाम से मनाई गयी। दोनों संगठनों के कार्यकर्ताओ ने खत्री गढ़ी स्थित अंकेश गुप्ता के कार्यालय पर बाबू बनारसी दास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर श्रृद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भारतीय वैश्य परिवार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी ने कहा कि बनारसी दास ने समाज को एकसूत्र में पिरौनै के लिए पूरा जीवन न्योछावर कर दिया, समाज के युवाओं को उनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए। अखिल भारतीय श्री अग्रसेन समाज कल्याण ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने कहा कि वर्तमान को बांबू बनारसी दास जी जैसी विभूति की जरूरत है। इस अवसर पर अंकेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, अर्चित गुप्ता, शुभम जिन्दल, वरूण गुप्ता आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



## स्कूल में खेल भावना का उत्सव,एसपी ने की हौसला अफजाई, कहा-खेल से बनती है अनुशासन की आदत

**.समाज जागरण बागपत।**
गेटवे पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बागपत के पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, अध्यापकगण, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय बैंड की धुन और स्वागत गीत से हुई। मुख्य अतिथि सूरज कुमार राय का फूलमालाओं और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर को झंडियों, गुब्बारों और पोस्टरों से सजाया गया था। खेल प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने रेस, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, लंबी कूद, ऊँची कूद, बैडमिंटन और रस्साकशी जैसी स्पधाओं में भाग लिया। विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान एसपी सूरज कुमार राय ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता और अनुशासन भी विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्म विश्वास और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और विजेताओं के सामूहिक फोटो सत्र के साथ हुआ। इस पूरे आयोजन में विद्यालय परिवार और अभिभावकों ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।



## नेत्रदान से बड़ा कोई भी पुण्य कार्य नहीं : नरेश वर्मा

**.समाज जागरण बागपत।**
गढ़ी कलंजरी गांव में सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश वर्मा के आवास पर निःशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया। इसमें एडीके जैन आई हॉस्पिटल खेकड़ा की टीम आई और उन्होंने नेत्र रोगियो की आँखों की जांच की। शिविर में सैकड़ो मरीजो ने अपना इलाज कराया। इसमें गांव के लगभग 256 मरीजों की जाँच की, वही 27 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिये चयनित किया गया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश वर्मा ने कहा कि नेत्रदान से बड़ा जीवन में कोई भी पुण्य कार्य नहीं है। सभी लोगों को जीते जी रक्तदान और मरणोपरांत रक्तदान जरूर करना चाहिए। आंखें व्यक्ति के लिए अनमोल है, इसलिए उन्हें इनकी ठीक तरीके से देखभाल करनी चाहिए। बिना डाक्टरी सलाह के कोई भी दवाई आंखों में नहीं डालनी चाहिए और यदि आंखों में किसी भी प्रकार की कोई तकलीफ हो तो तुरंत उन्हें अपने नजदीक के एक्सपर्ट नेत्र रोग विशेषज्ञ के पास जाकर अपना इलाज कराना चाहिए। इस मौके पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश वर्मा,ओमी प्रधान, रविन्द्र वर्मा जी,धीरेंद्र कसाना, नवल कसाना, रामकला कसाना, कृष्णपाल शर्मा, रामपाल शर्मा व डॉक्टर में डॉ सोमपाल सिंह ,डॉ सचिन पंवार, डॉ चंचल, डॉ मीनाक्षी, डॉ रनवीर व डॉ सेंकी आदि का सहयोग रहा।



## भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की महासचिव की पत्नी की सांप डसने से मौत

-- परिजनों ने लगाया जिला अस्पताल के डॉक्टर पर इलाज के दौरान लापरवाही और ओवरडोज देने का आरोप

**.समाज जागरण बागपत ।**
भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के दिल्ली एनसीआर महासचिव प्रदीप धाना की पत्नी सुंदर देवी 38 वर्षीय की बागपत में सांप काटने के बाद मौत हो गई। परिजनों ने जिला अस्पताल के डॉक्टर पर इलाज के दौरान लापरवाही और ओवरडोज देने का आरोप लगाया है। यह घटना मंगलवार देर रात की है। परिजनों के अनुसार सुंदर देवी को रात में सांप के डस लिया था। उन्हें पहले सीएचसी बागपत में लाया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। करीब एक घंटे के बाद उपचार के बाद उनकी तबीयत में सुधार हो गया। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि जब सुंदर देवी को घर ले जाने की तैयारी की जा रही थी। तब इमरजेंसी में मौजूद एक डॉक्टर ने उन्हें एक इंजेक्शन दिया। परिजनों का दावा है कि यह डोज निर्धारित मात्रा से अधिक थी। जिसके कारण सुंदर देवी की 15 सेकंड के भीतर की मौत हो गई। सुंदर देवी के परिजन संजय डीलर ने बताया कि अस्पताल पहुंचने पर उपचार के बाद उनकी तबीयत ठीक थी लेकिन चलते समय डॉक्टर द्वारा दी गई अधिक डोज से उनकी मौत हो गई। संजय डीलर ने यह भी आरोप लगाया कि डॉक्टर नशे की हालत में थे। भाकियू के जिला अध्यक्ष प्रताप गुर्जर ने जिला अस्पताल के डॉक्टर के लापरवाह रवैये पर चिंता व्यक्त की उन्होंने कहा कि अस्पताल लोगों की सुविधा के लिए है। लेकिन डॉक्टरों के लापरवाही से जान जा रही है। उन्होंने इस मामले में दोषी डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। भाकियू नेता हरेंद्र डांगी ने बताया कि डॉक्टर के लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पहले भी कई बार लापरवाह डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई और धरने प्रदर्शन भी हुए है।

लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने इस घटना के लिए जिम्मेदार डॉक्टर पर तत्काल कार्रवाई की मांग दोहराई है। प्रदीप धामा और सुंदर देवी का विवाह 21 वर्ष पहले हुआ था। उनके दो बच्चे है। जिनमें बड़ा बेटा मानवेंद्र और छोटी बेटी मानवी शामिल है। स्थानीय लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे है। और सभी दोषी डॉक्टरो पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



## 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा के मेडिकल टेक्नीशियन के मंडलीय प्रशिक्षण का आयोजन

**.समाज जागरण बिजनौर।**
108 एवं 102 एंबुलेंस संचालक संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस के प्रोग्राम मैनेजर राजन कुमार ने बताया है कि सरकारी 108 एवं 102 एम्बुलेंस के मेडिकल टेक्नीशियन का मंडल स्तरीय प्रशिक्षण एएनएम ट्रेनिंग सेंटर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनपुर जिला अमरोहा में चल रहा है। जिसका द्वितीय बैच बुधवार को संपन्न हो गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिजनौर , मुरादाबाद, संभल रामपुर, हापुड एवं अमरोहा के 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा के इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन भाग ले रहे है। जिसमें लखनऊ से आए ट्रेनर मोहम्मद फैजान, कमल जोशी एवं क्वालिटी ऑडिटर रजनीश कुमार द्वारा ट्रेनिंग के दौरान बताया गया कि सभी जरूरतमंद को समय से एंबुलेंस मिले जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को गोल्डन पीरियड में जान बचाई जा सके। उन्होंने इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन को सभी जरूरतमंद को समय से प्राथमिक उपचार करते हुए। सह कुशल अस्पताल पहुंचाने की जानकारी दी एवं एंबुलेंस में उपस्थित सभी उपकरण की उपस्थिति एवं उनके प्रयोग के बारे में भी पुनः प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा के रीजनल मैनेजर प्रशांत पंघाल, उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एम्बुलेंस संचालक संस्था ईएम आरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस के द्वारा प्रत्येक वर्ष में दो बार पूरे उत्तर प्रदेश में आयोजित किया जाता है।



## बागपत जिले के ग्राम प्रधान 8 नवम्बर को होंगे सम्मानित

**.समाज जागरण बागपत।**
दिल्ली रोड स्थित स्याद्वाद इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजूकेशन एंड रिसर्च रिवर पार्क बागपत द्वारा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो अभियान चलाया जा रहा है। उसी क्रम में 8 नवंबर को महाविद्यालय में स्वदेशी उत्पाद और उपभोग में जनप्रतिनिधियों की भूमिका विषय पर एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें क्षेत्र में उत्पादित उपयोगी वस्तुओं और उनके उपयोग से होने वाले लाभों के विषय में जानकारी दी जाएगी। क्षेत्रीय उत्पादों को आगे बढ़ावा देने के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा किस प्रकार सहायता की जा सकती है इस विषय पर भी गंभीरता से विचार किया जाएगा।
इस सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों के तौर पर ग्राम प्रधानों को उनके द्वारा किए गए जन- सेवा के सराहनीय कार्यो के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। महिलाओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जा रहे स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को विश्व स्तर पर कैसे पहचान दिलाई जा सकती है। इसके लिए भी सुझाव दिये जाएगें। इस सम्मेलन का उद्देश्य सरकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीण स्तर तक पहुंचाना। स्थानीय कुटीर उद्योगों के संवर्धन के लिए सुझाव देना। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर खोज कर क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अवसर उपलब्ध कराना। जनप्रतिनिधियों को स्वदेशी उत्पाद एवं उपभोग के महत्व से जोड़ना। ग्राम प्रधानों को जन- सेवा के लिए सम्मानित करना। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आत्मनिर्भरता को प्राप्त करना। इसके लिए जिला प्रशासन बागपत, ग्रामीण बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थान, डीपीआरओ और एडीओ उत्तर प्रदेश द्वारा भी इस कार्य में निर्देशन एवं सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## एडिशनल एसपी ने रमाला थाने का निरीक्षण किया, पुलिसकर्मियों को दिए निर्देश, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**.समाज जागरण बागपत।**
एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने रमाला थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडिशनल एसपी ने थाने पहुंचे फरियादियों से बातचीत की और पुलिसकर्मियों के व्यवहार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मौके पर ही कई फरियादियों की समस्याओं का समाधान भी कराया। प्रवीण सिंह चौहान ने पुलिसकर्मियों को ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त चेतावनी दी। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों के साथ बेहतर सामंजस्य स्थापित करने पर जोर दिया। एडिशनल एसपी ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए निरंतर चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बॉर्डर चौकियों पर पुलिसकर्मी नियमित रूप से बैरिकेड लगाकर संदिग्ध वाहनों की तलाशी लें और बिना जांच के किसी को भी जनपद में प्रवेश न दें। उन्होंने लंबित विवेचनाओं का तत्काल निस्तारण करने और अपराधियों की गिरफ्तारी व अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। एडिशनल एसपी ने थाने में साफ-सफाई, महिला हेल्प डेस्क, बैरक, अभिलेखों के रखरखाव और जनसुनवाई डेस्क सहित विभिन्न स्थानों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नियमित रूप से थाने में मीटिंग आयोजित करने को भी कहा। एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने स्पष्ट किया कि यदि कोई भी पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी में लापरवाही करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## बहू को दिल दे बैठा ससुर, सास के साथ मारपीट

-- बडौत में पत्नी ने किया विरोध, घर से निकाला, पति पर अवैध संबंध का आरोप

**.समाज जागरण बड़ौत।**

एक गांव में पारिवारिक विवाद का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने पति, बेटे और बहू के खिलाफ बड़ौत कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पति पर बहू से अवैध संबंध रखने, मारपीट करने और घर से निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति बहू के साथ अवैध संबंध रखता है। जब उसने इसका विरोध किया, तो पति और बेटा मिलकर उसे घर से निकालने की कोशिश करते हैं और उसके साथ मारपीट भी करते हैं। महिला ने बताया कि उसका पति और बेटा रोजाना शराब पीते हैं और मजदूरी से आने वाले पैसे खर्च कर देते हैं। विरोध करने पर बहू ने उस पर झूठे आरोप लगाकर जेल भिजवाने की धमकी भी दी।पीड़िता के अनुसार, कुछ दिन पहले पति, बेटा और बहू ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और उसे घर छोड़ने के लिए कहा। इस दौरान महिला का हाथ भी मरोड़ दिया गया। महिला ने यह भी बताया कि उसका पति अब उसे खाने-पीने का खर्च नहीं देता, जिसके कारण उसे मजदूरी करके अपना गुजारा करना पड़ रहा है। बड़ौत कोतवाली में पति चंद्र पाल, बेटे अंकित और बहू सोनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच अधिकारी मनोज कुमार चाहल ने पुष्टि की कि पीड़िता की तहरीर पर तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी व विवेचक बदलने की लगाई गुहार

**.समाज जागरण बागपत।**

ग्राम डौला निवासी एक युवती ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक से थाना सिंघावली अहीर में दर्ज दुष्कर्म प्रकरण में नामजद अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी और विवेचना बदलवाने की मांग की है। युवती ने बताया कि उसकी शादी जनपद मुजफ्फरनगर के ग्राम रियावली नंगला में हुई थी। आरोप है कि उसका जेठ शादी के बाद से ही उस पर गलत नजर रखता था। बीते 21 सितम्बर को वह युवती को लेने के बहाने उसके मायके आया और घर में अकेला पाकर जबरन दुष्कर किया। विरोध करने पर उसने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। युवती ने घटना के संबंध में थाना सिंघावली अहीर पर बीएनएस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसका आरोप है कि एक माह बीतने के बावजूद पुलिस ने नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार नहीं किया और विवेचक अभियुक्त पक्ष से मिलीभगत कर कार्रवाई में लापरवाही बरत रहा है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मुकदमे की विवेचना वर्तमान विवेचक से बदलकर किसी अन्य अधिकारी को सौंपी जाने, अभियुक्त को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजने, साथ ही उसकी व परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाने की मांग की है।

## तुझे मारकर तेरे बेटे से वसूली कर लूंगा', बदमाश ज्ञानेंद्र ढाका ने स्कूल प्रबंधक से मांगी रंगदारी

**.समाज जागरण बागपत।**

ज्ञानेंद्र ढाका ने फोन कॉल कर सीबीएसएम पब्लिक स्कूल भड़ल के प्रबंधक कृष्णपाल राणा से रंगदारी मांगी। कहा कि 10-20 लाख दे देगा तो तेरा क्या जाएगा। रुपये नहीं दिए तो जान से मार दूंगा। सीबी एसएम पब्लिक स्कूल भड़ल के प्रबंधक कृष्णपाल राणा से कुख्यात बदमाश ज्ञानेंद्र ढाका ने फोन कर रंगदारी मांगी है। रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने दोघट थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सीबीएसएम पब्लिक स्कूल भड़ल के प्रबंधक कृष्णपाल राणा ने दोघट थाने पर तहरीर देकर बताया कि थाना चांदीनगर के ढिकौली निवासी कुख्यात बदमाश ज्ञानेंद्र ढाका ने फोन कर उनसे रंगदारी मांगी। रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी। कृष्णपाल राणा के साथ हुई दो मिनट तीन सेकेंड की बातचीत में ज्ञानेंद्र ढाका कह रहा है कि तूने 15 हजार भेजकर हमें खरीद लिया क्या। तुझे मारकर तेरे बेटे से रकम वसूल लूंगा, जहां रिपोर्ट करनी है कर लो। वहीं कृष्णपाल के पास बैठे भाकियू अराजनैतिक के मंडल सचिव नरेशपाल पंवार ने अपने फोन से उसी नंबर पर बात की तो ज्ञानेंद्र ढाका ने उससे भी यही कहा कि कृष्णपाल मेरे रुपए खा गया। मैंने बिजरोल की जमीन दिलवाई, उसमें से मुझे कुछ नहीं दिय। 10, 20 लाख रुपये भेज देता तो क्या हो जाता। चाहे किसी अधिकारी के यहां चले जाओ इसे नहीं छोडूंगा।
धमकी के बाद से स्कूल प्रबंधक कृष्णपाल का परिवार दहशत में है। वहीं थानाध्यक्ष दोघट सूर्यदीप सिंह ने बताया कि तहरीर आई है, जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## गुरु नानक जयंती पर इस्सोपुर टील यमुना घाट पर आस्था का सागर, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

**.समाज जागरण कांधला।**
थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुर टील स्थित यमुना नदी घाट पर गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाशोत्सव के अवसर पर आस्था और श्रद्धा का अनुपम नजारा देखने को मिला। सुबह होते ही गांवों एवं कस्बों से भारी संख्या में श्रद्धालु यमुना किनारे पहुंचे तथा गुरु नानक देव जी की जय-जयकार के मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने पवित्र यमुना नदी में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बनी रही। महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और बच्चे झ सभी अपनी-अपनी बारी का इंतजार करते हुए धैर्य के साथ डुबकी लगाते दिखे। श्रद्धालुओं ने बताया कि गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व सद्भाव, भाईचारा और सेवा का संदेश देता है और इसी भाव से यमुना घाट पर आस्था की डुबकी लगाना उनके लिए आध्यात्मिक अनुभूति है। भीड़ को देखते हुए प्रशासन पहले से ही अलर्ट मोड में रहा। घाट क्षेत्र में पुलिस बल की कड़ी तैनाती की गई, वहीं नदी की धारा और गहराई को देखते हुए गोताखोरों को भी सतर्कता के साथ तैनात रखा गया। पुलिस एवं गोताखोर टीम लगातार नदी के किनारे मॉनिटरिंग करती रही, ताकि कोई हादसा न हो और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। चौकी प्रभारी विक्रम सिंह भाटी ने बताया कि गुरु नानक जयंती पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए थे। पुलिस जवान नदी किनारे तथा घाट के रास्तों पर मुस्तैदी से तैनात रहे। उन्होंने बताया कि दिनभर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था और भक्ति के साथ यमुना नदी में पवित्र स्नान किया और पूरा माहौल धार्मिक ऊजाओं से सराबोर रहा।



## छह माह में लव मैरिज में से 'लव' खत्म, पत्नी पर ये काम करने का दबाव डाल रहा पति, रोते हुए बताई दास्तान

**.समाज जागरण बड़ौत।**

बड़ौत कोतवाली नगर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पति पर आरोप लगाया कि कुछ महीने पहले उसके पति ने गुफा मंदिर में प्रेम विवाह किया था। आरोप है कि शादी के कुछ महीनों बाद ही पति और ससुरालवालों ने उस पर तलाक का दबाव बनाना शुरू कर दिया और घर लाने के लिए 20 लाख रुपए मांग रहे हैं। बड़ौत कोतवाली नगर क्षेत्र की रहने वाली महिला बताया कि इसी साल अप्रैल माह में गुफा वाले मंदिर सरूरपुर कला में एक युवक से उसने प्रेम विवाह किया था। 25 अप्रैल को सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में विवाह का पंजीकरण कराया था। शादी के बाद पति कुछ दिन साथ रहा, फिर नौकरी पर चला गया और वह अपने मायके आ गई। करीब डेढ़ महीने पहले आरोपी छुट्टी पर घर आया था। उसने उसे अपने घर ले जाने से इंकार कर दिया। तलाक के कागजों पर हस्ताक्षर करने का दबाव बनाने लगा। आरोप है कि पति ने कहा कि 20 लाख रुपये दो, तभी तुम्हें पत्नी मानूंगा, वरना तलाक लो।

जब महिला और उसकी मां ने पैसे देने से इंकार किया तो पति, पिता और अन्य परिजनों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

जांच अधिकारी मनोज कुमार चाहल ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति अंकित,
ससुर और जेठानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, जांच की जा रही है।

## श्रीगुरु नानकदेव जी के प्रकाश उत्सव पर लगाया गया देसी घी के पराठों का लंगर

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया)सिखों के पहले श्रीगुरु नानकदेव जी का आज प्रकाश उत्सव बड़ी श्रद्धा भावना के साथ धूमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी के बीच गुरुद्वारा साहिब गांव दादू में बाबा दर्शन सिंह की अगुवाई व नगर के सहयोग से मनाया गया' सुबह ही संगतो ने दरबार साहिब मे अपनी हाजिर लगवाई। गुरवाणी कीर्तन से संगतो को निहाल किया गया। पाठ का भोग डाला गया'





श्रीगुरू नानकदेवी जी के प्रकाश उत्सव पर शुद्ध देसी घी के परांठों का लंगर लगाया गया' बाबा दर्शन सिंह ने संगतों को गुरु पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। इसी कड़ी के बीच गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब, बाबा जीवन सिंह गुरुद्वारा साहिब कालांवाली से मनाया गया एवं दीपमाला कि गई।

## पंजाब कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजा वडिंग की परेशानियां बढी

### पूर्व गृह मंत्री बूटा सिंह के प्रति आपत्तिजनक बयान पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो,5 नवंबर :राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने पंजाब के तरन तारन विधानसभा उपचुनाव के दौरान पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं लुधियाना से सांसद श्री अमरिंदर सिंह राजा वडिंग द्वारा स्वर्गीय सरदार बूटा सिंह (पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री) के प्रति किए गए कथित बयानों का स्वतः संज्ञान लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स एवं सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो-वीडियो क्लिप्स के आधार पर आयोग को जानकारी मिली कि श्री वडिंग ने स्वर्गीय बूटा सिंह के मजहबी सिख, बाल्मीकि समुदाय से होने तथा उनके शारीरिक रंग के संदर्भ में आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं, जिन्हें जाति एवं रंग आधारित भेदभाव के रूप में देखा जा रहा है।आयोग के



माननीय अध्यक्ष श्री किशोर मकवाना ने इस संबंध में कहा, इस प्रकार की टिप्पणियां संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक समरसता एवं अनुसूचित जाति समुदाय के आत्मसम्मान के विरुद्ध हैं। यह अत्यंत गंभीर एवं निंदनीय है।आयोग ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल स्वतः संज्ञान लिया है और पूरे मामले में तरन तारन, पंजाब के डिप्टी कमिश्नर और एसएसपी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। आयोग ने 7 दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग इस मामले में प्राप्त स्पष्टीकरण, उपलब्ध साक्ष्यों एवं कानूनी प्रावधानों के आलोक में उचित कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। माननीय अध्यक्ष ने कहा कि आयोग अनुसूचित जाति समुदाय के खिलाफ किसी भी प्रकार के भेदभाव, अपमान या रूढ़िगत टिप्पणियों के विरुद्ध कठोर रुख अपनाता रहा है। उन्होंने आमजनों से भी सोशल मीडिया एवं सार्वजनिक मंचों पर संवैधानिक गरिमा एवं सामाजिक सद्भाव का पूरा ध्यान रखने की अपील की।

## प्रधानमंत्री ने श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर सभी को बधाई दी

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो,5 नवंबर : प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर आज सभी को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी का जीवन और संदेश शाश्वत ज्ञान के साथ मानवता का हमेशा मार्गदर्शन करता रहेगा। श्री मोदी ने कहा, "करुणा, समानता, विनम्रता और सेवा की उनकी शिक्षाएँ अत्यन्त प्रेरणादायक हैं।"



प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया।"श्री गुरु नानक देव जी का जीवन और संदेश शाश्वत ज्ञान के साथ मानवता का मार्गदर्शन करता रहेगा। करुणा, समानता, विनम्रता और सेवा की उनकी शिक्षाएँ अत्यंत प्रेरणादायक हैं। उनके प्रकाश पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएँ। उनकी दिव्य ज्योति हमारी पृथ्वी को सदैव प्रकाशित करती रहे।

## दिनदहाड़े युवक के गोली मारकर हत्या

### बदायूं के युवक का शाहजहांपुर मे मर्डर हत्या के बाद क्षेत्र में मचा हड़कंप

**समाज जागरण**

शाहजहांपुर के परौर थाना क्षेत्र के ग्योड़ी गांव स्तिथ गढ़ा मढ़ी समीप दवंगो ने एक किसान की खेत पर गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि विवाद खेत की मेड को लेकर हुआ था!! गोली लगने से युवक लहूलुहान होकर गिर पड़ा। गोली लगने से युवक की मौके पर मौत हो गई!! घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही बदायूं के उसावां व शाहजहांपुर परौर समेत अन्य थानों की पुलिस पहुंच गई है। परौर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया!! बताया जा रहा है की उसावां थाना क्षेत्र के निरंजन नगला निवासी कल्लू व उसावा कस्बा वार्ड नम्बर ४ निवासी अर्वेश (28) पुत्र सिपट्टर से खेत की मेड को लेकर विवाद हुआ था। जिस पर निरंजन नगला निवासी कल्लू पुत्र नेत्रपाल ने अर्वेश के गोली मार दी। गोली लगने से अर्वेश की मौके पर ही मौत हो गई। मर्डर की खबर मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।।

## राहुल गांधी को 'आधिकारिक रूप से पागल घोषित किया जाए' – हिमंत बिस्वा सरमा

### असम के मुख्यमंत्री के ट्वीट से राजनीतिक हलचल तेज

**समाज जागरण / न्यूज डेस्क**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्ल (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए लिखा –

मैं देशवासियों से अनुरोध करता हूँ कि राहुल गांधी को आधिकारिक रूप से पागल घोषित किया जाए।

सरमा के इस ट्वीट के बाद सियासी गलियारों में हलचल मच गई है। भाजपा समर्थक इस टिप्पणी को राहुल गांधी के हालिया बयानों की प्रतिक्रिया के रूप में देख रहे हैं, जबकि कांग्रेस नेताओं ने इसे शिष्टाचार और मयार्दा के खिलाफ बताया है। हाल के दिनों में राहुल गांधी लगातार केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखे हमले कर रहे हैं। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा कांग्रेस छोड़ने के बाद से अक्सर राहुल गांधी पर व्यक्तिगत और राजनीतिक हमले करते रहे हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यह बयान आगामी चुनावी माहौल में राजनीतिक तापमान और बढ़ाने वाला साबित हो सकता है।

## गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर स्वच्छ पर्यावरण का संदेश

- गुरु नानक देव जी ने समाज में परोपकार, सत्य, समानता और सेवा भाव का संदेश दिया
- प्रकाश पर्व पर स्वामी विवेकानंद वाटिका में हुआ पौधारोपण कार्यक्रम



**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र प्रजापत बहल )**

भिवानी। सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समिति सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा स्वामी विवेकानंद वाटिका में पौधारोपण अभियान चलाया गया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षाविद विजेंद्र सिंह, निदेशक सावित्री यादव एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं और उनके जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज में परोपकार, सत्य, समानता और सेवा भाव का संदेश दिया। उनकी गुरबाणी में मानवता, प्रकृति और ईश्वर के प्रति समर्पण की प्रेरणा निहित है।

वक्ताओं ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने ह्लसच्चा सौदाह्ल करके यह दिखाया कि दूसरों की सेवा और भलाई करना ही जीवन का सबसे बड़ा धर्म है। आज जब पर्यावरण असंतुलन जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, तब हमें गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर स्वच्छता और हरियाली की दिशा में कदम बढ़ाने की आवश्यकता है।

समिति के पदाधिकारियों ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे अपने जीवन में परोपकार की भावना को अपनाएं, अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाएं और उनका संरक्षण करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण मिल सके।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने गुरु नानक देव जी के चरणों में पुष्प अर्पित कर ह्लनाम जपो, किरत करो, वंड छकोह्ल के संदेश को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समिति के सदस्य, स्थानीय नागरिक, शिक्षक वर्ग और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्या समी यादव, सरला अग्रवाल, उर्मिला सैनी, शकुंतला वर्मा, मास्टर अमन कुमार हालवास, सुमित मलिक, अजीतपुर से सतीश यादव, सामाजिक कार्यकर्ता पूनम सैनी, अनिता सैनी, कविता देवी, सुनना मैडम, बबिता देवी, रामा सैनी, मास्टर कपिल वर्मा, ललिता, सामाजिक कार्यकर्ता अवशेष यादव, समाजसेवी अंजु शर्मा, उषा रानी, रेखा, वर्षा देवी, अनीता देवी, हर घर हरियाली थीम 2025 की ब्रांड एंबेसडर आरोही व नव्या भारद्वाज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शहीदी नगर कीर्तन असम से शुरु होकर श्री गोइंदवाल साहिब से तरनतारन के लिए रवाना

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**



जैतो, 5 नवंबर : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में असम के गुरुद्वारा धोबारी साहिब से शुरू हुआ शहीदी नगर कीर्तन आज अगले पड़ाव, गुरुद्वारा श्री बावली साहिब, गोइंदवाल साहिब से गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब तरनतारन के लिए रवाना हुआ। नगर कीर्तन के रवाना होने से पहले, रागी जत्थे ने गुरुद्वारा साहिब के सुसज्जित धार्मिक हॉल में गुरबाणी कीर्तन किया और सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी केवल सिंह ने नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत का इतिहास संगत के साथ साझा किया। नगर कीर्तन के रवाना होने से पहले, पंज प्यारे साहिबों और उपस्थित प्रमुख हस्तियों को सिरोपा प्रदान किया गया। रास्ते में जहां नगर कीर्तन के विभिन्न पड़ावों पर श्रद्धालुओं ने बड़े सम्मान के साथ गुरु साहिब का स्वागत किया, वहीं खंडूर साहिब में बाबा सेवा सिंह कार सेवा खंडूर साहिब ने भी श्रद्धालुओं का बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया। रास्ते भर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह रहा। कल 6 नवंबर को यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब तरनतारन से छेहरटा साहिब तक जाएगा. शिरोमणि कमेटी के सदस्य गुरबचन सिंह करमुनवाला, बलविंदर सिंह बेन पुइन, अमरजीत सिंह बंडाला, अमरजीत सिंह भलाईपुर, पूर्व विधायक रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा, अतिरिक्त सचिव गुरिंदर सिंह मथरेवाल, प्रीतपाल सिंह, प्रभारी बलजीत सिंह, प्रधान जगदीश सिंह बुट्टर, मुख्य उपदेशक भाई सरबजीत सिंह ढोटियां, गुरुद्वारा श्री बावली साहिब के प्रबंधक गुरा सिंह, अतिरिक्त प्रबंधक सरबजीत सिंह, निर्मलजीत सिंह काहलवां, प्रचारक भाई हरजीत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। नगर कीर्तन में सिंह, भाई लखबीर सिंह, भाई दिलबाग सिंह साबरा, भाई हरजिंदर सिंह मौजूद रहे।

## श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव के अवसर पर, लाखों श्रद्धालुओं ने सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में मत्था टेका

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो ,5 नवंबर :प्रथम गुरु, श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव के अवसर पर, लाखों श्रद्धालुओं ने सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब में मत्था टेका और गुरु साहिब के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर, सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब,श्री अकाल तख्त साहिब और गुरुद्वारा बाबा अटल राय साहिब जी में असाधारण सजावट की गई थी, जिसके श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। सचखंड श्री हरमंदिर साहिब,श्री अकाल तख्त साहिब और अन्य गुरुद्वारों में दीपमाला भी प्रज्ज्वलित की गई। इस बीच, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब दीवान हॉल में श्री अखंडपाठ साहिब के भोग डाले गए। इस अवसर पर सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब के हजूरी रागी भाई गुरदेव सिंह के जत्थे द्वारा दिव्य गुरबाणी कीर्तन किया गया। भाई प्रेम सिंह द्वारा अरदास की गई और सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी परविंदरपाल सिंह द्वारा पवित्र हुक्मनामा का पाठ किया गया। उन्होंने



श्री गुरु नानक देव जी के जीवन पर विचार करते हुए कहा कि गुरु साहिब की शिक्षाएँ पूरी मानवता के लिए जीवन-प्रकाश हैं। गुरु साहिब ने ऊंच-नीच, जाति-पाति की बाधाओं को तोड़कर लोगों को एक शाश्वत ईश्वर में एकजुट किया। उन्होंने प्रकाश पर्व के अवसर पर संगत को बधाई भी दी और उन्हें गुरु साहिब की शिक्षाओं पर चलने के लिए प्रेरित किया। गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब दीवान हॉल में गुरमत समागम के दौरान प्रचारक ढाडी और कवि जत्थों ने गुरु का इतिहास सुनाया और कवि दरबार में कवियों ने कविताओं के माध्यम से गुरु का गुणगान किया। इस दौरान शिरोमणि कमेटी सदस्य भाई राजिंदर सिंह मेहता, एडवोकेट भगवंत सिंह सियालका, भाई अजायब सिंह अभिषेक, श्री दरबार साहिब के जनरल मैनेजर भगवंत सिंह धंगेडा, सुपरिंटेंडेंट मलकीत सिंह बेहरवाल, मैनेजर सतनाम सिंह रियार, राजिंदर सिंह रूबी, जसपाल सिंह ढड्डे, एडिशनल मैनेजर गुरप्रीत सिंह, बिक्रमजीत सिंह झंगी, गुरतिंदरपाल सिंह कादियान, जसबीर सिंह, रविंदर सिंह समेत बड़ी संख्या में संगत मौजूद थी।

श्री हरिमंदिर साहिब में आयोजित श्री गुरु नानक देव जी प्रकाश पर्व मनाने के दृश्य।

## युवाओं को मतदाता बनाने पर जोर

**समाज जागरण**



शाहजहांपुर जैतीपुर : 131 कटरा विधानसभा क्षेत्र के गांव मगनपुर में हुई बैठक जिसमें समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव ने क्षेत्र के सभी जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी के साथ चुनाव की रणनीति बनाई। 5 नवंबर 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को मतदाता बनाने की जिम्मेदारी भी दी। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की सच्ची ताकत युवाओं के हाथों में है, और वह ताकत है वोट। हर व्यक्ति को अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र को और मजबूत बनाना चाहिए। अजव सिंह यादव एडवोकेट ने लोगों से अपील की वे जात-पात धर्म या किसी प्रलोभन से ऊपर उठकर अपने क्षेत्र के विकास के लिए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी विधायक राजेश यादव को भारी मतों से विजई बनाएं उन्होंने नारा दिया कि वोट करें, देश गढ़े और कहा कि जब प्रत्येक नागरिक जिम्मेदारी से मतदान करेगा, तभी 131 कटरा विधानसभा सशक्त और समृद्ध बनेगा। अजव सिंह यादव एडवोकेट ने कहा कि अगर किसी गांव में बाहरी लोग मतदाता सूची में शामिल हैं। उनकी शादी हो गई है या किसी का निधन हो गया है तो उन लोगों के नाम भी सूची से हटवाए जाएंगे। बैठक में अजय सिंह यादव एडवोकेट चेतन श्रीवास्तव कुलदीप यादव मंजेश शास्त्री रामचरन यादव दाताराम राहुल यादव लालाराम भगवान दास गौरव यादव रघुवीर सिंह प्रमोद यादव हेम सिंह आदि मौजूद रहे।

## बसपा नेता की मौत पर गरमाई सियासत

### पुलिस दबिश के दौरान छत से गिरकर बसपा कार्यकर्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**समाज जागरण**

शाहजहांपुर तिलहर थाना क्षेत्र के मौजमपुर गांव में पुलिस की दबिश के दौरान बसपा नेता सत्यभान (49 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस पर मारपीट और छत से धक्का देने का आरोप लगाया है। बसपा जिलाध्यक्ष उदयवीर सिंह, बसपा जिला प्रभारी चंद्रकेतु मौर्य पहुंचे। उन्होंने इस मामले में सीओ तिलहर ज्योति यादव से रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है, वहीं तिलहर पुलिस ने इस मामले में एक दरोगा व अन्य पुलिसकर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, सत्यभान के पुत्र अभिषेक पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज है और वह वांछित चल रहा था। मंगलवार की रात पुलिस टीम उसकी गिरफ्तारी के लिए घर पहुंची थी। दबिश के दौरान सत्यभान



छत से नीचे गिर गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तुरंत सीएचसी तिलहर ले गए, जहां से डॉक्टरों ने राजकीय मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर किया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

पुलिस पर आरोप कि दरोगा ने उन्हें छत से धक्का दिया और गाली-गलौज की। परिवार का आरोप है कि पुलिस ने घर का दरवाजा तोड़कर महिलाओं से भी बदसलूकी की। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मेडिकल कालेज पहुंचे। घटना की सूचना पर बसपा जिलाध्यक्ष उदयवीर सिंह, बसपा जिला प्रभारी चंद्रकेतु मौर्य मंडल कोऑर्डिनेटर राजेश्वर सिंह, हरिराम कश्यप महानगर अध्यक्ष राशिद कुरैशी, जिला पंचायत सदस्य नेत्रपाल गंगवार सहित तमाम बसपा नेताओं ने मेडिकल कालेज पहुंचकर दरोगा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की. वही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी रेखा देवी ने दरोगा एवं अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ तहरीर दी।पुलिस ने गैर इरादतन हत्या, शांति भंग एवं एससीएसटी एक्ट में दरोगा राहुल सिसोदिया व एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## बहल में भगत सिंह स्मारक निर्माण रुका, शिकायत पर बीडीपीओ पर मिथ्या सूचना देने के आरोप

**समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 5 नवंबर। एकबार फिर बहल में निमार्णाधीन बलिदानी भगत सिंह स्मारक को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय के शिकायत निवारण शाखा को बीडीपीओ कार्यालय, बहल की ओर से मिथ्यक सूचना देकर भ्रमित किया है। स्मारक निर्माण कार्य को मांगी गई जानकारी में बीडीपीओ कार्यालय ने बताया कि स्मारक की चारदीवारी व रेलिंग सहित कार्य पूर्ण कर दिया गया और शिकायतकर्ता संतुष्ट हैं। जब की स्थिति इससे जुदा है और पिछले 4-5 माह से अनियमितताओं के चलते निर्माण कार्य रूका पड़ा है। पंचायत समिति अध्यक्ष अनियमितताओं के साथ बनाने को आमादा है और स्मारक निर्माण कार्य होने बांट जोह रहा है। स्मारक निर्माण में व्यापक स्तर पर गुणवत्ता अभाव की सामग्री उपयोग करने को लेकर निर्माण कार्य पिछले एक अर्से से अवरूद्ध पड़ा है और मौजूद स्थिति में ही निर्माण पूरा करवाने को लेकर पंचायत समिति अड़ी है और भगतसिंह कल्याण समिति लोहारू व कस्बे के युवा संगठन विभागीय नियमों व डिजाइन सहित एस्टीमेट के मुताबिक स्मारक बनाने की मांग कर रहे हैं। स्मारक पर सात लाख 32 हजार रुपए खर्च करने का एस्टीमेट पास हुआ है और पीएमओ कार्यालय के हस्तक्षेप के बाद निर्माण कार्य शुरू किया गया था। इस संबंध में भगतसिंह कल्याण समिति के अध्यक्ष जगदीश जायलवाल ने बताया कि भगतसिंह की प्रतिमा की सुरक्षा के लिए बनाए जाने वाले स्मारक के निर्माण के लिए अधिकारी व नेता, चेयरमैन गम्भीर नहीं है। मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर पीएम मोदी कार्यालय तक झूठी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है बड़ी दुर्भाग्य की बात है।



## लाखों श्रद्धालुओं ने कार्तिक पूर्णिमा पर लगाई डुबकी

**समाज जागरण**

जैतो,5 नवंबर( रघुनंदन पराशर ) आज पंजाब, हरियाणा व राजस्थान सहित अन्य राज्यों में लाखों श्रद्धालुओं ने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर धार्मिक स्थलों से लगते पवित्र सरोवरों व नदियों में श्रद्धा पूर्वक स्नान किया। शास्त्रों में कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान का अत्यधिक धार्मिक महत्व है। माना जाता है कि इस दिन पवित्र नदियों व सरोवरों विशेषकर गंगा में, स्नान करने से व्यक्ति के समस्त पाप धुल जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन गंगा या किसी अन्य पवित्र नदी में स्नान करने से पूरे साल गंगा स्नान करने के बराबर पुण्य मिलता है और व्यक्ति को जन्म-जन्मांतर के पापों से मुक्ति मिलती है।



देवताओं का पृथ्वी पर आगमनः ऐसी मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन सभी देवी-देवता पृथ्वी पर आते हैं और पवित्र नदियों में स्नान करते हैं। इसलिए इस दिन पवित्र जल में स्नान करना विशेष फलदायी होता है।

इस अवसर पर स्नान के बाद दान-पुण्य करने से अक्षय पुण्य (ऐसा पुण्य जो कभी समाप्त नहीं होता) की प्राप्ति होती है। दान में पीले वस्त्र, अनाज आदि का दान करना शुभ माना जाता है।

कार्तिक मास में ब्रह्म मुहूर्त में सूर्योदय से पहले स्नान करने से व्यक्ति रोगमुक्त होता है, स्वास्थ्य लाभ पाता है और उसे सद्बुद्धि की प्राप्ति होती है।यह भी माना जाता है कि इस दिन स्नान और पूजा-अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

भगवान विष्णु की कृपाः कार्तिक मास में भगवान विष्णु जल में निवास करते हैं। इस महीने में सूर्योदय से पहले स्नान करने वाले को भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है, जिससे धन-संपदा और समृद्धि मिलती है।

इस दौरान ही पंजाब में विश्व प्रसिद्ध श्री हरमंदिर साहिब व देश के अन्य राज्यों में लाखों श्रद्धालुओं ने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गुरूद्वारा के सरोवरों में आज सुबह स्नान किया और नतमस्तक हुए । इस अवसर पर गुरूद्वारों में श्री अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए और हजूरी जत्थों द्वारा दिव्य गुरबाणी कीर्तन किया। गुरुद्वारा साहिब में विशाल लंगर खिलाएं गए।

## ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने शूटिंग वर्ल्ड कप में स्वर्ण जीतने वाले शाहपुर के शूटर दीपक सैनी को पदक पहनाते हुए शुभकामनाएं दी

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

चंडीगढ़, 5 नवम्बर - हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज शाहपुर के शूटर दीपक सैनी को गत दिनों पैरा शूटिंग वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक जीतने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने खिलाड़ी को 11 हजार रुपए अपने स्वैच्छिक कोष से प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किए।

श्री विज ने शूटर दीपक सैनी को पद पहनाते हुए उसे सम्मानित किया और भविष्य में भी बढ़िया प्रदर्शन करने का आह्वान किया। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि दीपक सैनी ने प्रतियोगिता में पदक जीतकर देश व हरियाणा का नाम रोशन किया है और यह हम सभी के लिए गर्व के क्षण है। शूटर दीपक सैनी ने कहा कि मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी में खेलों का ढांचा मजबूत किया है जिस वजह से आज खिलाड़ी विश्व पटल पर बेहतर प्रदर्शन कर पदक जीत रहे हैं। दीपक सैनी ने बताया कि उसने गत दिनों 26 अक्टूबर से 2 नवंबर तक दुबई में आयोजित की गई पैरा शूटिंग वर्ल्ड कप 2025 में हिस्सा लिया था और 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। इस अवसर पर मार्केट कमेटी से चेयरमैन बलविंद्र सिंह शाहपुर, शाहपुर से भाजपा कार्यकर्ता लेखराज सैनी, राजीव के अलावा अन्य मौजूद रहे।



## दविश के दौरान दरोगा पर मारपीट कर छत से नीचे गिराने का लगा आरोप

### मृतक की पत्नी की ओर से एसआई राहुल सिसोदिया समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

तिलहर शाहजहांपुर हत्या के प्रयास में नामजद आरोपी को पकड़ने की दविश पुलिस द्वारा दी गई दविश के दौरान आरोपी के पिता को परिजन सीएचसी ले गए । जहां से उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उधर मौत से पूर्व घायल द्वारा दरोगा राहुल सिसोदिया द्वारा गाली देते हुए छत से धक्का देने के बयान की वीडियो वायरल होने से मामले ने तूल पकड़ लिया । बसपा नेताओं के साथ परिजन रिपोर्ट दर्ज न होने तक शव को पीएम के लिए न भेजे जाने पर अड़े रहे । एसपी के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ही शव को पीएम के लिए भेजा जा सका जानकारी के मुताबिक मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे नगर से सटे आंबेडकर ग्राम मौजमपुर में हत्या के प्रयास मुकदमे में वांछित आरोपी अभिषेक पुत्र सत्यभान के घर पुलिस दविश देने गई थी । इसी दौरान आरोपी के पिता कटरा विधान सभा क्षेत्र के बसपा के जैतीपुर जोन प्रभारी सत्यभान 45 छत से नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पत्नी रेखा देवी व बेटे कुलदीप सीएचसी ले गए । जहां से गंभीरावस्था में सत्यभान को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया उधर बुधवार को सत्यभान की जिला मेडिकल कॉलेज में सुबह साढ़े तीन बजे मौत हो गई । जिससे घर में कोहराम मच गया।





सुबह मेमो मिलने पर कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने सीओ ज्योति यादव व अन्य उच्चाधिकारियों को घटना का संज्ञान कराया । और सीओ व कोतवाल जिला मेडिकल कॉलेज जा पहुंचे । चूंकि मृतक बसपा का पदाधिकारी था सो खबर मिलते ही पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी यहां जा डटे। और परिजन शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने से पहले हंगामा करते हुए दरोगा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने , परिवार को 50 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने , एक व्यक्ति को नौकरी देने की मांग को लेकर अड़ गए । अपरान्ह चार बजे एसपी के निर्देश पर दरोगा राहुल सिसोदिया व एक अन्य साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।




फसल होगी पहचान
वाराणसी जिले में बिछे रही सड़कों की जाल के बीच मोहनसराय चांदपुर मार्ग के बीच अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान के पास बीच सड़क में लगाया गया आर्टिफीशियल बाजरा की फसल कृषि भवन की पहचान होगी।
फोटो रंजीत तिवारी

# सीएमओ के आदेश पर हॉस्पिटल संचालक पर केस दर्ज

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। उदय अर्पित हॉस्पिटल के संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के आदेश पर बुधवार को हुई।अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की टीम ने आराजी लाइन विकास खंड के जंसा जलालपुर स्थित इस अस्पताल का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं पाया गया।

इसके अतिरिक्त, चिकित्सालय में बायो-मेडिकल वेस्ट का उचित तरीके से निस्तारण नहीं किया जा रहा था। इससे संक्रमण फैलने का खतरा पाया गया, जिसे गंभीर लापरवाही माना गया।

अनियमितताएं मिलने के बाद अस्पताल को खाली कराकर ताला लगा दिया गया। बताया गया है कि इसी चिकित्सालय में संचालक का आवास भी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, वाराणसी के निर्देश पर अस्पताल संचालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दीपमलिका और रंगोली का हुआ आयोजन!

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! सिद्धेश्वर नाथ सेवा समिति फिरोजाबाद के द्वारा बुधवार की शाम 6:00 बजे से भव्य दीपमालिका एवं रंगोली का आयोजन किया गया! आयोजन श्री राजराजेश्वरी केला देवी मंदिर, श्री सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर ,श्री बड़े हनुमान मंदिर हनुमानगढ़ पर किया गया जिसमें 5100 दीपो से दीप मलिका सजाई गई बच्चों ने भव्य रंगोली बनाई बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया महाआरती का आयोजन एवं प्रसाद वितरण किया गया मंदिर के महंत श्री हरि दत्त पंत ने बताया दीप दीपावली देवताओं की दीपावली का एक



भव्य समारोह है! जो की कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार सिंघल, संदीप बंसल, अंशु अग्रवाल,जैन विवेक अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, उदित अग्रवाल, क्रशांक मिश्रा, विष्णु, पूर्व पार्षद हरिओम वर्मा प्रमोद राजोरिया पार्षद ,कार्तिक अग्रवाल आदि समस्त लोग महिला मंडल अंजू अग्रवाल, पूनम अग्रवाल ,शिखा अग्रवाल, सरला अग्रवाल, तोशी अग्रवाल, नेहा अग्रवाल ,जानवी अग्रवाल ,वंशिका काव्या ,मानसी आदि महिलाएं उपस्थित थी सभी में काफी उत्साह था!

# गुरु नानक जी का 556वां प्रकाश उत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद । टूंडला के गुरुद्वारे में सिखों के पहले गुरु, गुरुदेव गुरु नानक जी का 556वां प्रकाश उत्सव भव्य रूप से मनाया गया। सुबह से ही गुरुद्वारे में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई और कीर्तन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया और भंडारे का भी आयोजन किया गया।



गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान मनप्रीत सिंह कीर ने बताया कि कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उत्सव के दौरान गुरुद्वारे में भजन-कीर्तन और कीर्तन के माध्यम से गुरु नानक जी के जीवन और शिक्षाओं की महिमा का स्मरण किया गया। इस अवसर पर काके सरदार, पम्मी, हैप्पी, जुल्का, हरपाल सिंह, सेंटी भाई, डॉ. बृजपाल सिंह पोनिया, गगन गुप्ता, राधेश्याम चौहान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# यातायात माह नवम्बर के तहत सुहागनगर में पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक यातायात ने बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले में पेपलेट बटबाये जिसमें सड़क दुर्घटनाओं कोो रोकने के लिए चिन्ह अंकित



थे उन्होंने कहा कि वाहन को हमेशा धीमी गति से चलाएं घर पर भी आपका कोई इंतजार कर रहा है इस संबंध में उन्होंने लोगों को यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा व सड़क सुरक्षा संकेतों की जानकारी दी,फिरोजाबाद पुलिस ने अपील की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी।

# अवादा फाउंडेशन ने बढ़ाया हाथ अब राजस्थान बालिका क्रिकेट टीम छुएगी आसमान

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध अवादा फाउंडेशन ने राजस्थान की अंडर-17 और अंडर-19 राज्य स्तरीय क्रिकेट टीम, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (बालिका), बादनूं के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। फाउंडेशन, जो पिछले लगभग एक वर्ष से टीम को प्रायोजित कर रहा है, अब आगामी दो वर्षों के लिए टीम के समस्त खर्चों का वहन करेगा।

इस समझौते के तहत, अवादा फाउंडेशन खिलाड़ियों के खाने-पीने, परिवहन, खेल सामग्री और अन्य सभी आवश्यक खर्चों की ज़िम्मेदारी लेगा, जिससे इन प्रतिभाशाली बालिकाओं को बिना किसी आर्थिक चिंता के अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर मिलेगा।

यह समझौता अवादा फाउंडेशन की डायरेक्टर और स्कूल की प्रबंधन समिति के बीच साइन किया गया है। खिलाड़ियों के भविष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए, इसमें खिलाड़ियों के माता-पिता के भी हस्ताक्षर शामिल किए गए हैं।



**अवादा ग्रुप के चेयरमैन श्री विनीत मित्तल ने कहा-**

ह्हमारी महिला क्रिकेट टीम ने वर्ल्ड कप जीतकर दिखा दिया कि मौका मिलने पर बेटियाँ कुछ भी कर सकती हैं।हम भी इसी सोच के साथ पूरे देश में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन एवं साथ दे रहे हैं, ताकि वे भी चैंपियन बन सकें और दूसरों को प्रेरित कर सकें।

अवादा फाउंडेशन की डायरेक्टर ने कहा, "हमारा मानना है कि खेल सशक्तिकरण का एक शक्तिशाली माध्यम है। महात्मा गांधी स्कूल की इन बालिकाओं ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस साझेदारी के माध्यम से, हम उनकी क्षमता को साकार करने और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर राजस्थान का नाम रोशन करने में उनका साथ देने के लिए उत्साहित हैं।"

अवादा फाउंडेशन, पिछले एक वर्ष से इन खिलाड़ियों को प्रायोजित करने के साथ-साथ उनका मार्गदर्शन भी कर रहा है।इन टीमों ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जूनियर (U-17) टीम राज्य विजेता बनकर जनवरी 2026 में तेलंगाना में होने वाले नेशनल टूनामेंट में खेलेगी। वहीं, सीनियर (U-19) टीम राज्य स्तर पर रनर-अप रही है और जनवरी 2026 में शिवपुरी (मध्य प्रदेश) में नेशनल टूनामेंट में भाग लेगी।

यह साझेदारी ग्रामीण क्षेत्र की इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है, जो उन्हें खेल के क्षेत्र में एक उज्जवल भविष्य बनाने में मदद करेगी और राजस्थान के खेल परिदृश्य को मजबूत करेगी।

# गुरु नानक देव के उपदेशों को अगर मनुष्य आत्मसात कर ले तो निश्चय ही उसके जीवन में नित्य प्रकाश पर्व होता रहेगा- डा. सानंद सिंह

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में आज बहुत ही धूमधाम से सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी की 556वीं जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक डॉ सानंद सिंह, प्रबंध निदेशिका डॉक्टर प्रीति सिंह तथा सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने गुरु नानक देव के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर सानंद सिंह ने बच्चों को गुरु नानक देव के द्वारा दिए गए उपदेशों से अवगत कराते हुए कहा कि गुरु नानक जी का पूरा जीवन समाज को नई दिशा तथा दुनिया के कोने-कोने को आलोकित करने के पुनीत कार्य में बीता। गुरु नानक देव जी ने दुनिया को बताया कि भगवान एक हैं जिसे ओंकार का नाम दिया। गुरु नानक देव के द्वारा दिए गए उपदेशों को अगर मनुष्य आत्मसात कर ले तो निश्चय ही उसके जीवन में नित्य प्रकाश पर्व होता रहेगा । सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल की प्रबंधक डॉ प्रीति सिंह ने बच्चों को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि हमें नित्य गुरु नानक देव के आदर्शों पर चलना चाहिए ।वह अपने उपदेश में सामाजिक समानता, महिलाओं का



आदर ,गरीब और असहाय लोगों की सहायता इत्यादि को लोगों के बीच बताया करते थे। उन्होंने कहा कि मनुष्य का सबसे पहला गुण है कि वह अपने आसपास या समाज में हमेशा दूसरों का या असहाय लोगों का सहायता करने के लिए तत्पर रहे ।यह गुण जिसके अंदर आ गया वह उसके अंदर भी गुरु नानक देव जैसी प्रतिभा और ज्ञान का प्रकाश महसूस होने लगेगा। हिंदी अध्यापक विशेश्वर तिवारी ने बहुत ही मनोहर गीत प्रस्तुत की ।उस गीत के माध्यम से उन्होंने मनुष्य के अंतर मन को जागृत करने के लिए व ईश्वर की प्राप्ति करने के लिए पांच विकारों को दूर करने की बात की। तत्पश्चात सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने गुरु नानक जयंती के महत्व को बताते हुए कहा कि यह प्रकाश का पर्व है इसमें हर व्यक्ति अपने अंतर्मन की ऊर्जा को उसे शक्ति के साथ जोड़ सकता है। जिस शक्ति से इस सृष्टि की रचना हुई है। गुरु नानक देव जी ने हमेशा लोगों को करुणा, सद्भाव और सत्य की शिक्षाएं प्रदान किया। आज दुनिया के हर वर्ग के लोगों के लिए यह प्रेरणा का स्रोत है। तथा साथ ही उन्होंने भृगु नगरी बलिया जहां पर कार्तिक मास का बहुत ही भव्य ददरी मेले का आयोजन होता है इसकी विशेषताओं को भी बताया। और अंत में उन्होंने देव दिवाली की शुभकामना देते हुए कहा कि आज का दिन बहुत ही हर्ष और उत्साह का दिन है जो हमें अपने जीवन के उस प्रकाश से जुड़ता है जिससे हमारे जीवन में अनेक खुशियों का आगमन हो। उक्त अवसर पर सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय, रेजिडेंट डायरेक्टर अमित रघुवंशी, उपप्रधानाचार्य आवेश कुमार, कोऑर्डिनेटर अमित सिंह ,एग्जाम हेड अवनीश राय ,सीसीए हेड श्रेया सिंह आदि सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# गवाही से नदारद थानाध्यक्ष टूण्डला पर अदालत सख्त, गिरफ्तारी वारंट जारी

## 7 नवम्बर तक कोर्ट में पेश करें, नहीं तो एसपी को देना होगा जवाब

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। डकैती के दौरान युवक की हत्या के एक पुराने मामले में गवाही से लगातार नदारद रहने पर अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने मामले के विवेचक रहे वर्तमान थानाध्यक्ष टूंडला अंजीश कुमार के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अपर जिला जज (एडीजे-12) महेंद्र कुमार की अदालत ने आदेश दिया है कि थानाध्यक्ष को गिरफ्तार कर 7 नवम्बर को कोर्ट में पेश किया जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि आदेश का अनुपालन नहीं किया गया, तो पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद को व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देना होगा। जानकारी के



अनुसार, थाना पिनाहट, आगरा में वर्ष 2019 में डकैती के दौरान हत्या का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में राज्य बनाम रामनरेश उर्फ खूनी व अन्य नाम से मुकदमा एडीजे-12 की अदालत में विचाराधीन है। उस समय अंजीश कुमार पिनाहट थाने में तैनात थे और उन्होंने ही इस केस की विवेचना की थी। मामले में आरोपियों को सजा दिलाने के लिए थानाध्यक्ष की गवाही अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अदालत ने पहले भी गवाही के लिए तलब किया, लेकिन वे पेश नहीं हुए। इसके बाद गिरफ्तारी वारंट जारी करने और एसपी फिरोजाबाद को पत्र भेजने के बावजूद भी थानाध्यक्ष अदालत में हाजिर नहीं हुए।

पुलिस द्वारा आदेश की तामील रिपोर्ट कोर्ट में भेजने के बाद भी अनुपालन न होने पर अदालत ने अब कड़ा रुख अपनाया है। न्यायालय ने साफ कहा है कि अब किसी भी स्थिति में थानाध्यक्ष को 7 नवम्बर तक कोर्ट में पेश किया जाए, अन्यथा एसपी को खुद अदालत में उपस्थित होकर कारण बताना होगा।

# देव दीपावली : काशी में मां गंगा की गोद से झिलमिलाई आस्था, लाखों दीपों से जगमगाए अर्धचंद्राकार गंगा घाट

वाराणसी, 5 नवंबर। देव दीपावली के पावन पर्व पर बुधवार की शाम काशी के अर्धचंद्राकार गंगा घाटों पर जब शाश्वत ज्योति की लौ प्रज्वलित हुई, तो पूरा शहर दिव्यता और भव्यता के अद्भुत संगम में डूब गया। मां गंगा की गोद से निकलती आस्था की सीढ़ियों पर जलते लाखों दीपों की रोशनी ने ऐसा दृश्य प्रस्तुत किया, मानो स्वर्ग स्वयं धरती पर उतर आया हो। गोधूलि बेला में उत्तरवाहिनी गंगा की लहरों पर जब दीपों की सुनहरी आभा झिलमिलाई, तो काशी की आत्मा एक बार फिर सनातन संस्कृति की उजास



से आलोकित हो उठी।

**योगी आदित्यनाथ ने किया पहला दीप प्रज्वलित**

देव दीपावली का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नमो घाट पर पहला दीप जलाकर किया। उनके साथ पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल, विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, महापौर अशोक तिवारी ने भी दीप प्रज्वलित कर मां गंगा को नमन किया। इसके बाद सभी विशिष्ट अतिथियों ने क्रूज पर सवार होकर मां गंगा की आरती के साथ घाटों पर सजी देव दीपावली के अद्भुत नजारे का अवलोकन किया। सीएम योगी को अपने बीच देखकर जनता ने हर हर महादेव का जयघोष भी किया। मुख्यमंत्री ने हाथ हिलाकर काशी की जनता और पर्यटकों का अभिवादन किया।

# दीपों से जगमग हुआ वरुणा तट, जैसे जमीं पर उतर आये सितारे।

***रामेश्वर नदी के विहंगम तट पर हजारों दीप जलाकर ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित रही वरुणा देव दीपावली।**

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।।*पंचक्रोशी मार्ग पर स्थित रामेश्वर वरुणा घाट पर बुधवार को गोधूलि बेला में हजारों दीपों से जगमगा उठा। पीठाधीश्वर आचार्य पं0 अनूप त्रिपाठी के नेतृत्व में 21 वेद बाल ब्राह्मणों ०आचार्यो द्वारा मन्त्रोच्चार ०शंख ,घड़ी -घण्ट ०डमरू नगाड़ा ध्वनि सहित वरुणा की जय-जयकार से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। पुल ०बारजा पर दर्शकों की भीड़ एक पल देखने को उमड़ पडी। नव युवा समिति रामेश्वर के युवा 'माँ वरुणा भक्त' घाट पर दीपों को जलाकर वरुणा की आरती ०दीपदान किया। हजारों दीपों की मद्धिम रोशनी वरुणा नदी में उभरता नयनाभिराम दृश्य जैसे लग रहा था कि जमीं पर सितारे उतर आये हो। एक पल वरुणा नदी के कल -कल बहती धारा ०उनकी लहरों में दीपों





के प्रकाश ने आत्मीय ऊर्जा प्रदान की। कपूर ,धुप,लोहबान,दशांग की गमक ०तेल से जल रहे दीपों के लौ की खुशबु से पूरा वातावरण खुशनुमा हो उठा। दूसरी तरफ हर भक्त दीपदान के लिए वरुणा के आँचल में एक साथ उतरा तो समिति के स्वयंसेवको को संभालने में मेहनत करनी पड़ी।देर शाम भक्तों में प्रसाद वितरित की गई।

सांस्कृतिक सन्ध्या में लोकगीत, भजन व रामायण गायक 'गुड्डू रसिया' ने भक्ति,राष्ट्रीय देश भक्ति, गजल के साथ माँ वरूणा ,अस्सी व माँ गंगा व देवलोक काशी की झलक की प्रस्तुति की। देर रात तक श्रोताओं ने देश भक्तिगीतों का रसपान करते हुए तालियों से स्वागत किया।

सुरक्षा का कमान पुलिस चौकी रामेश्वर के प्रभारी जगदम्बा सिंह,ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव,पूर्व प्रधान राम जी,कन्हैया लाल पथिक, व स्वयंसेवकों ने सम्भाले रखा।

# हरहुआ क्षेत्र में देव दीपावली पर्व पर हुआ दीपदान

***लोकगीत कलाकारों ने भजन ,गजल,लोकगीत के गायन में झूमने का लगाया तड़का।**

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी हरहुआ ब्लाक क्षेत्र में देव दीपावली पर्व पर बुधवार को ग्रामीण क्षेत्र के नदी, मंदिरों, तालाबों और अमृत सरोवरों के किनारे दीपदान कर खुशियां मनाते हुए सनातन संस्कृति की रक्षा का सन्देश दिया।

वरूणा नदी के किनारे अनौरा, औसानपुर, चक्का, कोइराजपुर में प्रधानों ने ग्रामीणों को साथ लेकर दीपदान किया।

भाजपा हरहुआ मण्डल के अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा'अजय मिश्रा व गंगा समग्र के चंद्रप्रकाश दुबे,ने वरूणा में दीपदान करते हुए कहा कि दीपदान महोत्सव सनातन संस्कृति की रक्षा,आध्यात्मिक ,जागृति का संचार, नारी सशक्तिकरण, अमर जवान, देशभक्ति,बलिदान, पर्यावरण व जल संरक्षण की रक्षा, पारस्परिक प्रेम व समरसता,विरासत की परंपरा को गतिमान, वरूणा, अस्सी व गंगा की महिमा का गान व समृद्धि भारत, खुशहाल युवा,रचनात्मक दिशा का संचार जैसे सन्देश जनमानस को




सात आयामों के साथ दिया ।

वरूणा नदी के किनारे प्रमुख रूप से मधुवन यादव,भगत यादव, राजनारायण पटेल, आशीष राजभर ,दीपक चौहान, मण्डल उपाध्यक्ष अरुणेंद्र सिंह, अपरबल सिंह,अनिल पटेल,अरुण तिवारी,मनोज पटेल, बादल, अनिल पांडेय,विनय वर्मा ,अखिलेश पटेल,शुभम पटेल,प्रिया सिंह समेत सैकड़ों भक्तों ने दीपदान किया। साथ ही संकल्प लिया कि देश की नदियों,जल स्रोत के स्थल ,गंगा समेत सभी को स्वच्छ रखने और प्राकृतिक सम्पदाओं की रक्षा ,जल संरक्षण,पर्यावरण प्रदूषण को रोकने का कार्य करेंगे।

क्षेत्र के अमृत सरोवर और देवालयों औरा, मुर्दहा, हरहुआ , बेदी, कुरौली ,राजापुर समेत अन्य तालाबों में दीपदान किया गया। प्रधान प्रतिनिधि संजय कुमार,प्रधान रविन्द्र यादव ने मौनी बाबा मंदिर को झालरों, दूधिया लाइट से सजाकर दीपदान ग्रामीणों संग किया।

# चुनार स्टेशन पर कालका एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 6 महिलाओं की मौत

## सभी महिलाएं कार्तिक पूर्णिमा स्नान करने के लिए चुनार रेलवे स्टेशन पर उतरते वक्त कालका एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर /कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्नान करने आ रहे लगभग आधा दर्जन श्रद्धालु ट्रेन से कटे जिसमें कालका एक्सप्रेस की चपेट में आने से हृदय विदारक मौत। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु नगर में स्थित चुनार बालू घाट गंगा के तट पर स्नान दान करने आते रहे है।स्थानीय प्रशासन व पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस की तैनाती के साथ जल पुलिस की भी तैनाती रहती है। नगरपालिका परिषद के द्वारा भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पानी मे वैरिकेडिंग एवं पर्याप्त प्रकाश ब्यवस्था की जाती है। लेकिन आरपीएफ, जीआरपी व स्टेशन मास्टर की लापरवाही के चलते आधा दर्जन लोगों को जान गवानी पडी.। प्राप्त समाचार के अनुसार प्रातः 9.30 बजे गोमो से प्रयागराज जाने वाली सवारी गाड़ी. प्लेट फार्म नंबर चार पर रुके यात्रीगण जल्दी बाजी मे प्लेट फार्म नंबर तीन की ओर उतर कर बाहर निकलने के गाड़ी से निचे उतर गये। तभी गाड़ी नंबर 2311 कालका एक्सप्रेस धडधडाती हुई आ गई लोगों को पिछे हटने का मौका भी नही मिल पाया और काल के गाल में समा गये।घटना के बाद स्टेशन परिसर मे कोहराम मच गया और इसकी जानकारी जंगल में आग की तरह फैल गई। देखतें ही देखते



लोगों की भीड़ स्टेशन पर बढने लगी आनन फानन मे आरपीएफ के जवानों ने शवों को तत्काल सील कर स्टेशन पर बनाए गयें शव गृह में रख दिया। दुर्घटना की शिकार होने वालों मे 1- सविता 28 वर्षीय पुत्री राजकुमार निवासी कम्हरिया थाना राजगढ़, साधन 16 वर्षीय पुत्री विजयशंकर, शिवकुमारी 12 वर्षीय पुत्री विजयशंकर,अंजू देवी 20 वर्षीय पुत्री श्याम प्रसाद,सुशीला देवी 60 वर्षीय पत्नी मोतीलाल, कलावती देवी 50 वर्षीय पत्नी जनार्दन यादव ग्राम वसवा थाना कर्मा की निवासनी है। आरपीएफ द्वारा बताए गए मृतकों की संख्या पर स्टेशन पर मौजूद लोगों मे तरह तरह की चर्चा है। स्टेशन मास्टर दोषी क्यो मौजूद लोगों का कहना था कि रोज की तरह प्लेट फार्म नंबर 5 पर यदि गाडी रुकी होती तो यह घटना नहीं होती और लोगों को आने जाने में फूट ओवर बृज से बाहर निकल जाते।स्नान दान के पर्व पर हर वर्ष दक्षिणांचल से भारी संख्या में श्रद्धालु स्नान दान के लिए पैसेंजर गाडी से आते रहे।यदि चौकसी बरती गई होती तो आधा दर्जन महिलाओं को अपनी जान नही गवानी पडती। घटना की जानकारी होते ही गंगा घाट पर मौजूद एसपी सोबेन वर्मा,अपर पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार मिश्रा, एसडीएम राजेश कुमार वर्मा, सीओ मंजरी राव तत्काल घटना स्थल पर पहुचे और इस संबंध मे उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। जानकारी होते ही जिलाधिकारी पवनकुमार गंगवार भी मौके पर पहुचे तत्पश्चात तत्परता दिखाते हुए राज मंत्री संजय कुमार गौड़ भी मौके पर पहुंच कर मृतकों के परिवार जनो से मिलकर उनको ढांढस बन्धाया और सरकार से मिलने वाली सुविधाओं को दिलाने को कहा। मौके पर मौजूद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा व अन्य आला अधिकारियों ने शवों का पंचनामा करवा कर पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिटा के परियों को आर्थिक सहायता भी देने की घोषणा की गई।

# गैंगस्टर की लाखों रुपए कीमत की अचल संपत्ति पुलिस ने की कुर्क

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना मक्खनपुर पुलिस ने राजस्व टीम के साथ मिलकर शिकोहाबाद पर पंजीकृत धारा 2/3 गिरोहबंद एंव असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के मामले में गैंगलीडर की लाखों रुपए कीमत की अचल संपत्ति कुर्क की। गैंगलीडर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मारपीट, दहेज हत्या, गाली गलौज, जान से मारने की नियत से हमला करने, सरकारी कर्मचारियों के साथ मारपीट, चोरी, छिनैती करना जैसे अपराध कारित करता है। उसने गम्भीर अपराध कारित कर अवैध धन अर्जित किया है।

अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र शिवसिंह निवासी नगला बडा मिर्जा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद की अन्तर्गत धारा 14(1) गिरोहबंद एंव



असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 के तहत कार्यवाही की गई।

उस पर गैंगस्टर सहित लगभग एक दर्जन मुकदमे दर्ज है।

पुलिस ने संजू पत्नी प्रमोद कुमार निवासी बडा नगला मिर्जा थाना रामगढ मौजा दीदामई में आवासीय प्लॉट 84.28 वर्ग मीटर जिसकी लागत 9,27,080 रुपया, बडा नगला मिर्जा थाना रामगढ स्थित प्लॉट 63.24 वर्ग मीटर 2,84,580 रुपये, तथा नगला मिर्जा मौजा बुढरई में प्लॉट 130.70 वर्ग गज में अर्द्ध निर्मित भूखण्ड जिसकी कीमत 22,13,412.84 रुपये कुर्क की गई। इस प्रकार पिक ने कुल 34,25,072.84 रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है।

# न स्मार्ट नगर न स्मार्ट काम नई पाईप लाईन नल कनेक्शन के तोड़फोड़ से नागरिकों में रोष

**समाज जागरण**

धनपुरी। न तो धनपुरी नगर स्मार्ट सिटी में गिना जाता है न धनपुरी नगर की कार्य व्यवस्था में स्मार्ट नेस है। नगर के विकास एवं उन्नति का सारा दारोमदार नगर पालिका के कंधों पर है मगर दूरदर्शिता की कमी एवं स्मार्ट नेस का अभाव धनपुरी की तरक्की में बाधक बन रहा है । दशकों से शुद्ध पेयजल की मांग के बदले सालों से नगर भर में नई पाईप लाईन बिछ रही हैं मगर बिना किसी प्लानिंग के। पहले पाईप लाईन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गईं अब नल कनेक्शन हेतु पुनः सड़कें काटी जा रही हैं। कुछ वार्डों में सड़क के जिस ओर पुरानी पाईप लाईन थी उसी ओर नई पाईप लाईन न बिछा कर सड़क के दूसरी तरफ नई पाईप डाल दी गई है जिससे सड़क के दोनो तरफ के उपभोक्ताओं को नल कनेक्शन लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुराने कनेक्शन से सड़क की दूसरी तरफ नल की पाईप ले जाने के लिए न सिर्फ सड़क खोदनी और काटनी पड़ रही है बल्कि सीमेंटेड नाली भी तोड़नी पड़ रही है क्योंकि पुरानी पाईप लाईन का कनेक्शन अधिकांश वाडों में नाली के अंदर की तरफ यानि नाली और घर के बीच में स्थित है। हाल ही में नगर की नालियों के ऊपर ढ़लाई भी करवा दी गई है अब उसे भी तोड़ना पड़ रहा है। बिना प्लानिंग के काम करने का नतीजा है कि नगर के हर घर का द्वार तोड़ फोड़ का शिकार होकर बदसूरत बनता जा रहा है। इसी कारण नागरिकों में बेहद रोष है। लगभग हर वार्ड में नल कनेक्शन शिफ्ट करने पहुंच रहे मजदूरों से स्थानीय नागरिकों की किच किच हो रही है। जनता की नाराजगी को देखते हुए पार्षद गण भी मुंह छिपाकर भाग रहे हैं या नदारद हो गए हैं।

आमजनों की मांग है कि सड़क के दोनो तरफ नई पाईप लाईन बिछाई जाए तथा सड़क एवं नाली आदि की तोड़फोड़ न करते हुए सार्वजनिक एवं निजी सम्पत्ति को नुकसान न पहुंचाया जाए ।

आमजनों का कहना है कि नगर पालिका दूरदर्शिता के साथ काम करे तथा नगर को क्षति पहुँचाने वालों को चिन्हित कर उनसे हजार्ना भी वसूले फिर वो चाहे नगर पालिका के कर्मचारी अधिकारी या जनप्रतिनिधि ही क्यों न हों क्योंकि नगर में खर्च हो रहा एक एक रुपया नगर वासियों के टैक्स का पैसा है।

# दीपावली के बाद भी जुआ का सिलसिला जारी पुलिस की चुप्पी पर उठे सवाल

**समाज जागरण**

राजेंद्रग्राम। दीपावली के बाद भी जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र अंतर्गत जुए का बड़ा खेल जारी है। सूत्रों के अनुसार, शहर के कई इलाकों और ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक ताश के पत्तों पर किस्मत आजमाने वालों की भीड़ लग रही है। लाखों रुपये के दांव पर यह अवैध कारोबार खुलेआम चल रहा है, जबकि पुलिस पूरी तरह चुप्पी साधे हुए है। प्रभारी के पदस्थ होने के बाद भी यह कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है ।स्थानीय लोगों ने बताया कि दीपावली से शुरू हुआ यह सिलसिला अब रोजमर्रा का खेल बन गया है। सूत्र बताते हैं कि पुराने जुआरी, अब फिर सक्रिय हो गए है एवं बुकबज बाहरी क्षेत्र धनपुरी बुढार के रहते हैं आसपास के गांवों तक फैल चुका है। सूत्रों की माने तो वीरेंद्र एवं गुप्ता जुआरी द्वारा पढ़ संचालन किया जा रहा है ।जनता का कहना है कि जब नशीली दवाओं और कोरेक्स पर ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई की जा रही है, तो फिर जुआ पर यह नरमी क्यों?

**जनता की मांगः**

राजेंद्रग्राम के क्षेत्रों में चल रहे पूरे जुआ नेटवर्क की निष्पक्ष जांच कराई जाए और इसमें शामिल बड़े संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। नागरिकों का कहना है कि जब तक पुलिस ऊपरी स्तर से कार्रवाई नहीं करेगी, तब तक यह अवैध खेल रुकने वाला नहीं है।

# कटनी का गौरव बनेगा दद्दा धाम मंदिर

## 9 से 13 नवंबर तक होगा भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**समाज जागरण किशन गर्ग**

कटनी ।परम पूज्य पं. देवप्रभाकर शास्त्री दद्दाजी के नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं। यह भव्य और ऐतिहासिक आयोजन 9 नवंबर से 13 नवंबर 2025 तक दद्दा धाम कटनी में आयोजित होगा। यह मंदिर केवल आस्था का प्रतीक नहीं बल्कि भव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम है। मंदिर निर्माण का सपना वर्षों से श्रद्धालुओं के हृदय में था। जिसे विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने अपनी निरंतर रुचि समर्पण और प्रयासों से साकार किया। पाठक जी के मार्गदर्शन और देखरेख में मंदिर का निर्माण कार्य सम्पन्न हुआ जिसमें प्रत्येक शिलान्यास वास्तु और सौंदर्य का विशेष ध्यान रखा गया। मंदिर की भव्यता देखते ही बनती है संगमरमर से सजे गर्भगृह में परम पूज्य दद्दाजी महाराज की दिव्य प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। चारों ओर सुन्दर तोरण द्वार विशाल सभागृह, ध्यान कक्ष और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक परिसर इस धाम की विशेषता को और बढ़ाते हैं ।इस पावन अवसर पर देश के प्रसिद्ध धर्म प्रचारक पं. इन्द्रेश उपाध्याय जी महाराज पं. अनिरुद्धाचार्य जी महाराज पं. पुंडरीक गोस्वामी जी महाराज सहित अनेक संत महात्मा एवं सनातन धर्म के प्रचारक उपस्थित रहेंगे। उनके सानिध्य में शिवलिंग निर्माण कथा हवन भजन संध्या संगीतमय प्रवचन और विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे ।नगर प्रशासन दद्दा धाम समिति और असंख्य स्वयंसेवक आयोजन की तैयारियों में जुटे हैं। पूरा नगर भक्ति आस्था और श्रद्धा की भावनाओं से सराबोर है। विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने क्षेत्रवासियों से भावपूर्ण अपील करते हुए कहा परम पूज्य दद्दाजी हमारे मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके नवनिर्मित मंदिर में होने जा रही प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा हमारे लिए सौभाग्य और गर्व का क्षण है। मैं सभी श्रद्धालुओं भक्तजनों और क्षेत्रवासियों से अनुरोध करता हूँ कि इस भक्ति पर्व में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर दद्दा धाम की इस दिव्य ऊर्जा का अनुभव करें। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक जागरण और संस्कृति के पुनर्जागरण का प्रतीक है ।दद्दा धाम का यह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आने वाले वर्षों तक कटनी की धार्मिक पहचान के रूप में जाना जाएगा। यह आयोजन न केवल भक्तों के हृदय में श्रद्धा की ज्योति प्रज्वलित करेगा बल्कि पूरे प्रदेश में सनातन संस्कृति की अलौकिक गूँज फैलाएगा।

# मनाई गई गुरु नानक जयंती और कार्तिक पूर्णिमा : श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**



कानपुर। आज यहां बुधवार को देव दीपावली कार्तिक पूर्णिमा और गुरु नानक जयंती भी बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। वहीं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आध्यात्मिक और धार्मिक दृष्टिकोण से पौराणिक तथा ऐतिहासिक बिठूर सहित महानगर के विभिन्न घाटों पर कई जिलों के श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। वे यहां भोर पहर से गंगा स्नान के लिए भारी संख्या में उमड़ पड़े। इस दौरान जल पुलिस सहित सुरक्षा के कड़े इंतजाम भी रहे। आज बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर यहां बिठूर में भोर पहर से हजारों श्रद्धालुओ ने ब्रह्मावर्त घाट, पत्थर घाट सीता घाट, महिला घाट लक्ष्मण घाट पर गंगा स्नान किया। यहां श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर ब्रम्हेश्वर महादेव, ब्रम्हा खूंटी, महाकालेश्वर मन्दिर के दर्शन आरती कर सुख समृद्धि मांगी और दीपदान भी किया। इसी के साथ बिठूर में कानपुर नगर देहात, औरैया, इटावा, हमीरपुर, बांदा, महोबा, चित्रकूट, फतेहपुर आदि आसपास के कई जिलों के लोग इस पावन आस्था के पर्व पर गंगा स्नान करने पहुंचे। इस दिन स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने चंद्रोदय पर शिवा, शंभू, संतति, प्रीति, अनसूइया, और क्षमां छह कृतिकाओं का भी पूजन किया। आज सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा पर भीड़ के चलते चुंगी चौराहे, और शनि देव चौराहे से ही वाहन प्रतिबंधित रहा। ताकि आने जाने में जाम की स्थिति न हो। साथ ही जल गहरे होने के कारण घाटों पर बैरीकेडिंग लगाई गई थी। इस दौरान सभी घाटों पर जल पुलिस की व्यवस्था के साथ ही सभी दृष्टिकोण से सुरक्षा के भी भारी इंतजाम रहे। साथ ही पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की भी बिठूर सहित सभी घाटों पर नजर रही।

# जी,एस,धर्मार्थ पाली क्लीनिक का अधिवक्ता सुशील कुमार रावत द्वारा फीता काटकर किया गया शुभारंभ

**विवेक कुमार संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**




लखनऊ। मोहनलालगंज के खुजौली चौराहा पर अग्रवाल मारवाड़ी सेवा समिति रजि० लखनऊ द्वारा बुधवार के दिन जी एस धर्मार्थ पाली क्लीनिक का उद्घाटन अति विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता सुशील कुमार रावत द्वारा फीता काटकर किया गया। जी एस धर्मार्थ पाली क्लीनिक के शुभारंभ कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता सुशील कुमार रावत के साथ विशिष्ट अतिथि डॉ0 पी.के गुप्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर खुजौली गांव के पूर्व प्रधान औसान, रामपाल रावत व योगेन्द्र प्रताप रावत, राजकुमार रावत प्रधान, चन्द्रशेखर यादव पूर्व प्रधान पति एवं मारवाड़ी सेवा समिति के सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। जिसमें दुर्गेश बंसल अध्यक्ष, महेश गोयल महामंत्री, और जे.के अग्रवाल कोषाध्यक्ष आदि सभी सदस्य उपस्थित रहे। लायंस क्लब द्वारा आठ हजार रूपए दवाइयों के लिए प्रदान किये गए। धर्मार्थ पॉली क्लीनिक में डॉक्टर अंशी गुप्ता जो नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं वह प्रत्येक रविवार दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक अपना महत्वपूर्ण समय देकर मरीजों का उपचार करेंगी और डॉक्टर पी. के अग्रवाल द्वारा होम्योपैथिक से संबंधित सभी बीमारियों का इलाज और तीन रूपए प्रतिदिन पर दवाइयां दी जाएगी।

# सिंधी समाज अमलाई ने दिया सख्त संदेश – धर्म व संस्कारों पर प्रहार करने वालों को नहीं छोड़ा जाएगा

**समाज जागरण**



अमलाई ।सिंधी समाज अमलाई में बुधवार को भारी आक्रोश देखने को मिला जब समाजजनों ने रायपुर (छत्तीसगढ़) निवासी विधर्मी मानसिकता के व्यक्ति अमित बघेल द्वारा सोशल मीडिया पर सिंध समाज के आराध्य देव वरुण देव अवतार भगवान श्री झूलेलाल देव जी के प्रति की गई आपत्तिजनक, भड़काऊ टिप्पणी का विरोध करते हुए चचाई थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। समाज ने इसे सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था और राष्ट्रीय एकता पर सीधा प्रहार बताया और कहा कि यह कार्य न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाला है, बल्कि देश की अखंडता और सामाजिक सद्भाव के साथ खिलवाड़ करने जैसा अपराध है। अमित बघेल द्वारा दिए गए आपत्तिजनक व अमर्यादित बयान के विरोध में सिंध समाज ने तीखा आक्रोश व्यक्त करते हुए उन्हें विधर्मी और राक्षसी मानसिकता का प्रतीक बताया। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे तत्व जो धर्म, संस्कृति और समाज के संस्कारों पर प्रहार करते हैं, उन्हें किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा समाज के सदस्यों कहा कि सिंध समाज सदा से शांति, एकता और मयार्दा का प्रतीक रहा है, समाजजनों ने स्पष्ट कहा कि अमित बघेल द्वारा दिए गए बयान ने न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत किया है, बल्कि अमित बघेल जैसे लोग समाज में नफरत और भ्रम का माहौल फैलाकर भारत की ह्यएकता में अनेकता की भावना को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान झूलेलाल, जो जल, जीवन, न्याय, शांति और मानवता के प्रतीक हैं, उनका अपमान केवल सिंध समाज का नहीं बल्कि पूरे सनातन धर्म का अपमान है। इसी तरह महाराजा अग्रसेन जी, जिन्होंने समानता, सह-अस्तित्व और सेवा के आदर्शों से समाज को एकजुट किया, उन पर की गई टिप्पणी भारतीय संस्कृति की आत्मा को ठेस पहुँचाने वाली है ।सिंध समाज ने प्रशासन से माँग की है कि ऐसे व्यक्तियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति समाज, धर्म या संस्कृति के विरुद्ध अपशब्द बोलने का दुस्साहस न कर सके। सिंधी समाज ने थाना प्रभारी चचाई को ज्ञापन सोपा ।ज्ञापन देने के दौरान में समाज के सैकड़ों सदस्य, युवा और वरिष्ठजन उपस्थित रहे। संपूर्ण वातावरण विधर्मी अमित बघेल मुदार्बाद, भगवान झूलेलाल देव जी की जय", धार्मिक उन्माद फैलाने वालों को गिरफ्तार करो जैसे नारों से गूंज उठा। समाज के वक्ताओं ने कहा कि भारत जैसे महान देश की शक्ति इसकी विविधता और अखंडता में निहित है। अमित बघेल जैसे लोग सनातन संस्कृति की जड़ें काटने और समाजों के बीच वैमनस्य फैलाने का घृणित प्रयास कर रहे हैं। ऐसे लोगों पर त्वरित कार्रवाई न होने से देश की शांति व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि सिंध समाज का इतिहास बलिदान, देशभक्ति और मानव सेवा से जुड़ा रहा है – यह समाज सदैव राष्ट्र की अखंडता के पक्ष में खड़ा रहा है। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि पुलिस प्रशासन तत्काल प्रभाव से ऋफ्रफ दर्ज कर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति समाज की धार्मिक भावनाओं और सनातन आस्थाओं से खिलवाड़ न कर सके कार्यक्रम के अंत में समाजजनों ने सामूहिक रूप से शांति और एकता बनाए रखने का संकल्प दोहराया। सभी ने कहा – सिंध समाज सदैव राष्ट्र, धर्म और मानवता के मार्ग पर अग्रसर रहेगा,विधर्मी और राक्षसी प्रवृत्तियों के विरुद्ध हम एकजुट होकर खड़े रहेंगे। यह देश सनातन है, इसकी अखंडता और आस्था पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी।* इस दौरान समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# बदहाल स्थिति में पहुंच गया हनुमान तालाब

**समाज जागरण**



खन्नौधी ।ग्राम पंचायत खन्नौधी स्थित हनुमान तालाब एवं प्राचीन हनुमान मंदिर, जो कि वर्षों से ग्रामवासियों की आस्था का केंद्र रहा है, आज बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। यह तालाब न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लोगों की भावनाओं से गहराई से जुड़ा हुआ स्थल है। ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षो से तालाब की साफ-सफाई और देखरेख पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। तालाब के चारों ओर गंदगी, खरपतवार और जलकुंभी की मोटी परत जम चुकी है, जिससे पानी पूरी तरह दूषित और असुलभ हो गया है। स्नान या किसी धार्मिक अनुष्ठान हेतु जल लेने में श्रद्धालुओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पूजन या क्रियाकर्म के समय तालाब से पानी निकालना अत्यंत जोखिमपूर्ण हो गया है, क्योंकि जलस्तर तक पहुँचने के लिए कोई समुचित सीढ़ी या सुरक्षित मार्ग नहीं है। तालाब के गहरे हिस्सों में अचानक ढलान होने के कारण दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत खन्नौधी के जनप्रतिनिधि एवं पंचायत विभाग द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है,बल्कि ग्राम पंचायत के सामने ही मृत पशुओ को फेंक दिया जाता है जिससे भयंकर गंदगी और बदबू चारो ओर फैला हुआ है, इससे कई बीमारियों के होने का खतरा बढ़ जाता है ! तालाब कि सफाई होने से जलश्रोत कि उत्तम व्यवस्था हो सकती थी,शासन स्तर पर जल स्रोतों के संरक्षण, साफ-सफाई एवं पुनरुद्धार के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं ।फिरभी आज दिनांक तक किसी भी जनप्रतिनिधि का ध्यान इस ओर नहीं गया !

**ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि**

हनुमान तालाब की तत्काल सफाई, चारों ओर सुरक्षा की दीवार एवं सीढ़ियों का निर्माण कराया जाए, ताकि यह आस्था स्थल पुनः अपनी गरिमा को प्राप्त कर सके।

# नगर परिषद बकहो के वार्ड-12 में डामर रोड निर्माण शुरू, पार्षद कमला देवी मिश्रा के प्रयासों की सराहना

**विजय तिवारी शहडोल**



नगर परिषद बकहो के वार्ड क्रमांक 12 में विकास की नई शुरूआत हो चुकी है। वार्ड की पार्षद एवं सभापति श्रीमती कमला देवी मिश्रा के सार्थक प्रयासों से मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना अंतर्गत गोपी आटा चक्की से सरस्वती स्कूल होते हुए राजेश पंडा के निवास तक डामर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पार्षद कमला देवी मिश्रा के कुशल प्रयासों के कारण वार्ड में लगातार विकास गतिविधियाँ तेजी से आगे बढ़ रही हैं। नई सड़क बनने से स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों और रोजगार हेतु आवागमन करने वाले युवाओं को अब और अधिक सुविधा मिलेगी। इससे क्षेत्र में आम जन जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा ।नगर परिषद बकहो की अध्यक्ष मौसमी केवट एवं उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में वार्ड-12 में किए जा रहे विकास कार्यों को और गति मिल रही है। उनके नेतृत्व में नगर के विभिन्न हिस्सों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में भाजपा मंडल बकहो के उपाध्यक्ष पिंटू मिश्रा भी क्षेत्र के सुख-दुख में सहयोग करते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके नेतृत्व और जनसंपर्क के कारण क्षेत्र में नई-नई उपलब्धियाँ मिल रही हैं।*बताया जाता है कि कायाकल्प योजना का प्रथम चरण भी वार्ड-12 से ही प्रारंभ हुआ था, जिसके बाद से नगर परिषद बकहो में विकास की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की जा रही है और नगर का गौरव लगातार बढ़ रहा है।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,एन.के.जे.की प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी

**समाज जागरण**

कटनी। निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण -2026 के लिए विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा -93 के मतदान केन्द्र क्रमांक 134,135 एवं 149 के अधिकारी,कर्मचारी को निर्वाचन कार्य हेतु मुक्त नहीं करने पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीलांबर मिश्रा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,एन.के.जे. कटनी की प्राचार्य श्रीमती रामकुमारी चक्रवर्ती को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्राचार्य श्रीमती चक्रवर्ती को यह नोटिस एस डी एम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी के प्रतिवेदन के आधार पर जारी किया गया है। कारण बताओ नोटिस में उल्लेखित किया गया है कि बीएलओ सुपरवाईजर, और बीएलओ को विशेष गहन पुनरीक्षण -2026 के लिए प्रतिदिन मतदाताओं से सतत संपर्क बनाये रखना है। जिसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा बीएलओ एप्प एवं बीएलओ की आई डी जनरेट की गई है। जिसमें संबंधित कर्मचारी, अधिकारी ही उस मतदान केन्द्र व क्षेत्र में कार्य कर सकता है।

इस कार्य के लिए आपके क्षेत्रांतर्गत अधिकारी, कर्मचारी को निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 (SIR) के कार्य हेतु विधानसभा क्षेत्र 93-मुडवारा के अंतर्गत बीएलओ मतदान केन्द्र क्रमांक 134,135 एवं 149 के लिए नियुक्त किया गया है। लेकिन आपके द्वारा इन कर्मचारियों को नहीं छोडा जा रहा है। आपके यह कृत्य भारत निर्वाचन आयोग ,भारत के संविधान अनुच्छेद 324, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 तथा सिविल सेवा आचरण नियम 1965 "3" की श्रेणी में होना पाया जाता है।

इसलिए प्राचार्य से 3 दिवस के अन्दर समक्ष में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है।

जवाब समय-सीमा एवं संतोषजनक न पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले जोड़े आधार कार्ड में फिंगर प्रिन्ट एवं चेहरा अपडेट करायें-जिला समाज कल्याण अधिकारी

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले प्रत्येक जोड़ों (वर एवं वधू) का बायोमैट्रिक एथेन्टिकेशन एवं फेशियल रिकागनेशन द्वारा प्रमाणीकरण के बाद ही कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले इच्छुक जोड़ों (वर एवं वधू) जिन्होनें योजना के अन्तर्गत पंजीकरण कराया है उनके आधार कार्ड में बाल्यावस्था अथवा बहुत पुरानी फोटो लगी है और जिन्होनें अपना बायोमैट्रिक अपडेट नही कराया है विशेषकर बायोमैट्रिक एवं फेस स्कैनिंग के लिए उनके आधार कार्ड की बायोमैट्रिक जानकारी (फिंगर प्रिन्ट एवं चेहरा) अपडेट करवाना अनिवार्य है ताकि समारोह आयोजन के दौरान बायोमैट्रिक/फेशियल उपस्थिति में कोई व्यवधान न हो।

# सेवायोजन कार्यालय में आज इजराइल देश में रोजगार के लिये निर्माण श्रमिकों को जानकारी/प्रशिक्षण दिया जायेगी

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया है कि वर्तमान में इजराइल देश में निर्माण श्रमिकों के लिये रिक्तियॉ उपलब्ध हैं, 162500 रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जायेगा। रोजगार प्रदान करने की प्रक्रिया में भारत सरकार एवं इजराइल सरकार के मध्य हुये अनुबन्ध के अन्तर्गत एन0 एस0 डी0सी0 क्रियान्वयन संस्था नामित है। एनएसडीसी द्वारा पी0आई0बी0ए0 के साथ समन्वय करते हुये निर्माण श्रमिकों को इजराइल भेजे जाने की कार्यवाही की जानी है। इजराइल देश में मैसन, ड्राईवाल वर्कर, सिरेमिक टाइलिंग व प्लास्टरिंग वर्क ट्रेड के पद पर 3 वर्ष के अनुभव वाले 25 से 50 वर्ष के निर्माण श्रमिकों का चयन किया जायेगा। उन्होने बताया है कि सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर शर्ते एवं अर्हताएं उल्लिखित है। इस हेतु अर्हता प्राप्त इच्छुक निर्माण श्रमिकों को सेवायोजन विभाग के एकीकृत पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर जॉबसीकर के रूप में जाकर इजराइल हेतु पंजीकण कराना है। इजराइल देश में रोजगार प्राप्त करने के लिये जानकारी/प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ परिसर में दिनांक 06 नवम्बर 2025 को दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किया जायेगा, इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ पंजीयन प्रपत्र, पासपोर्ट, मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र, सी0वी0 एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित होकर जानकारी/प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।

# सीडीओ ने ग्राम पंचायतों में चयनित अन्त्येष्टि स्थल के सम्बन्ध में समीक्षा कर सचिवों को किया सचेत

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025-26 में अन्त्येष्टि स्थल के अन्तर्गत चयनित 19 ग्राम पंचायतों की समीक्षा सचिव, ग्राम पंचायत के साथ की विकास भवन सभागार की गयी। समीक्षा के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे व अपर जिला पंचायतराज अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अन्त्येष्टि स्थल का प्राक्कलन, माप पुस्तिका, निर्माण का कार्य का जियो फोटोग्राफ के साथ विस्तृत समीक्षा की गयी। ग्राम पंचायत कोटवा शुकुलपुर, धनसारी एवं रामपुरगौरी मे अन्त्येष्टि स्थल निर्माण पर धनराशि के व्यय न होने पर सीडीओ ने असन्तोष व्यक्त करते हुए संबधित सचिव को सचेत किया। सीडीओ ने समस्त सचिवों को निर्देशित किया गया कि अन्त्येष्टि स्थल के तीनों स्टेज के जियोटैग फोटोग्राफ पत्रावली में संरक्षित रखा जाये व वित्तीय नियमों का शत-प्रतिशत पालन किया जाये। किसी भी औचक निरीक्षण में कमीं पाये जाने पर संबधित सचिव का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा।

# कन्नौजः 5 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी, पूर्व संध्या पर हुई गंगा महाआरती

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। मेहंदी घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बुधवार तड़के से ही 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई और पूजा-अर्चना की। प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे। आसपास के जिलों जैसे हरदोई, कानपुर देहात, औरैया, इटावा और मैनपुरी से श्रद्धालु मंगलवार शाम से ही मेहंदी घाट पहुंचना शुरू हो गए थे। बुधवार सुबह होते ही गंगा में स्नान का सिलसिला शुरू हो गया, जो दोपहर बाद तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने मेहंदी घाट स्थित शिव मंदिर और गंगा मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके अतिरिक्त, शहर के प्राचीन मंदिरों में भी दर्शनार्थियों की भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने विशेष व्यवस्थाएं की थीं। भीड़ प्रबंधन के लिए रूट डायवर्ट किया गया। देर रात से ही पुलिस बल, फ्लड पीएसी और गोताखोरों को घाटों पर तैनात किया गया था। पुलिसकर्मी स्नान करने वालों पर लगातार नजर रख रहे थे, ताकि किसी भी अप्रिय घटना या डूबने जैसी स्थिति से बचा जा सके। मेहंदी घाट पर



मेला क्षेत्र में कई सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिनकी मदद से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। कंट्रोल रूम में पुलिस अधिकारी लगातार कैमरों की फुटेज की निगरानी कर रहे थे। मेहंदी घाट से लगभग एक किलोमीटर पहले पार्किंग स्थल बनाए गए थे, जहा ट्रैक्टर, बसें, कारें और बाइकें खड़ी की गईं। इन व्यवस्थाओं के बावजूद, गंगा की ओर जाने वाली सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही, और यातायात कर्मियों को व्यवस्था बनाए रखने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस से पूर्व ऐतिहासिक मेंहदी घाट पर कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक आस्था के रंगों से सराबोर रही। दीपोत्सव, कवि सम्मेलन, रंगोली प्रतियोगिता एवं गंगा महाआरती जैसे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से घाट का सम्पूर्ण परिसर भक्ति और आनंद से आलोकित हो उठा। रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी सृजनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया, वहीं कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी ओजपूर्ण रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। गंगा महाआरती के दौरान सैकड़ों दीपों की झिलमिलाहट और मंत्रोच्चारों की गूंज ने वातावरण को अलौकिक बना दिया। श्रद्धालु हाथों में दीप लिए आरती में सम्मिलित हुए और माता गंगा से जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ, उप जिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## चलती ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के दुर्गा मंदिर के समीप चलती ट्रेन से गिरकर 42 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेजा है। जानकारी के अनुसार बिहार प्रांत के जनपद मधुबन थाना कलवाही गांव नरंरार थम निवासी स्व0 पौलट राम का पुत्र राम उदगार राम ट्रेन से घर वापस आ रहा था। बताते हैं कि बुधवार की भोर दुर्गा मंदिर के समीप चलती ट्रेन से गिरकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई मिथलेश राम ने बताया कि भाई मुंबई में नौकरी करता था और छुट्टी लेकर घर आते समय हादसा हो गया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से मासूम की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटेलिहा के समीप पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे डेढ़ वर्षीय मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के रूपपुर गांव निवासी ओमकार अपने पुत्र कपिल को बाइक में बैठाकर बाजार जा रहा था। बताते हैं कि जैसे ही वह कटेलिहा के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे मासूम रोड पर गिर गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक बुरी तरह घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी ठाकुर सिंह का 30 वर्षीय पुत्र प्रेम सिंह बाइक से अपनी ससुराल जा रहा था। तभी खागा कोतवाली के कटोघन टोल प्लाजा के समीप पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसी तरह प्रयागराज जनपद के थाना हड़िया गांव कुकड़ा निवासी स्व0 शौकल अली का 46 वर्षीय पुत्र मजहर अली अपने साथी अशफाक अली के साथ टाटा मैजिक में सवार होकर रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही ये लोग सदर कोतवाली क्षेत्र के नऊवाबाग एनएच-2 पर पहुंचे तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे मजहर अली की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अशफाक अली बुरी तरह घायल हो गया। जिसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## पिटाई से घायल युवक की उपचार दौरान मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर मजरे अब्दुल्लापुर में तीन दिन पूर्व पैसे के लेन-देन को लेकर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने लाठी-डण्डो से 32 वर्षीय युवक को पीटकर घायल कर दिया था। जिसकी मंगलवार की शाम इलाज के दौरान मौत हो गई। बताते चलें कि बहादुरपुर मजरे अब्दुल्लापुर गांव निवासी मोतीलाल के पुत्र राजकुमार का दो नवंबर को पैसे के लेन-देन को लेकर गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हो गया था। जिस पर आधा दर्जन लोगों ने उसे लाठी-डण्डों से पीट-पीटकर धायल कर दिया था। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। बाद में परिजन उसका इलाज कराने के लिए नर्सिंग होम ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के परिजनों ने बताया कि पैसे के लेन-देन को लेकर दिलीप कुमार, अर्जुन, मोनू, अभिषेक, रमेश, प्रदीप, राजन व नरेन्द्र ने लाठी-डण्डों से पीटा था जिससे उसकी मौत हो गई।

## सड़क हादसों में पांच घायल

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव निवासी रामबाबू का 28 वर्षीय पुत्र रवि अपने साथी धीरेन्द्र सिंह पुत्र वीरेन्द्र 22 वर्ष व अभिषेक यादव के साथ बाइक से शहर किसी काम से आ रहे थे। तभी ललौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत खटौली के समीप सड़क पार कर रहे कुत्ते से बाइक टकरा जाने से घायल हो गए। इसी प्रकार औंग थाना क्षेत्र के नयाखेड़ा गांव निवासी छोटेलाल का 42 वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार बाइक से अपनी ससुराल जा रहा था। जब वह हुसैनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत डोलेपुर के पास पहुंचा तभी सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## छत से गिरकर युवती जख्मी

**समाज जागरण**

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम सैदपुर में बुधवार की सुबह बंदर को देखकर छत से भागी 18 वर्षीय युवती गिरकर घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सैदपुर गांव निवासी सेवालाल की पुत्री सुधा बुधवार की सुबह छत पर धूप ले रही थी। तभी अचानक बंदर आ जाने से डरकर भागी तो नीचे गिरकर घायल हो गई। परिजनों ने उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## कन्नौजः रिक्त आंगनबाड़ी सहायिका पदों पर चयन हेतु समिति गठित

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि शासनादेनुसार रिक्त आंगनबाड़ी सहायिका के पदों पर पारदर्शी एवं निष्पक्ष चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री महोदय द्वारा चयन समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि गठित समिति में अध्यक्ष मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी एवं सदस्य जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, महिला सदस्य जिला सेवायोजन अधिकारी अपूर्वा दुबे, सदस्य/सचिव जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा क्षेत्रवार सदस्य/प्रस्तुतकर्ता बाल विकास परियोजना अधिकारी नामित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार चयन प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराया जाएगा, जिससे पात्र अभ्यर्थियों को न्यायसंगत अवसर प्राप्त हो सके। साथ ही यह भी कहा गया कि आंगनबाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए यह प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

## किसान ने थाने पर की शिकायत, रुपए दिलवाने की मांग

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी एक किसान ने अपने गांव के ही दूसरे किसान पर उसके रुपए नहीं देने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी किसान कासिम पुत्र इस्लाम ने बताया कि उसने अपने गांव के ही एक किसान को अपनी कृषि भूमि ठेके पर दी थी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने फसल उगाने के बाद काट ली और अब पीड़ित के ठेके के रुपए नहीं लौटा रहा है। पीड़ित जब अपने रुपयों की मांग करते हैं तो आरोपी उसके साथ गाली गलौज व मारपीट पर उतारू हो जाता है। बुधवार को पीड़ित किसान ने थाने पर पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## सड़क हादसे में 14 वर्षीय बालिका की मौत, चालक फरार

**समाज जागरण**



सिद्धार्थनगर। जनपद के इटवा थाना क्षेत्र के बदलिया चौराहे के पास बुधवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना में 14 वर्षीय किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई,हादसे में उसके 56 वर्षीय पिता गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है,डुमरियागंज थाना क्षेत्र के रेहरा गांव निवासी ओम प्रकाश गुप्ता अपनी बेटी लक्ष्मी (14) के साथ इटवा तहसील के रसूलपुर स्थित अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे. चौखड़ा के आगे बढ़ते ही एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी,टक्कर इतनी भयानक थी कि लक्ष्मी ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि ओम प्रकाश गुप्ता गंभीर रूप से जख्मी हो गए. दोनों को तुरंत इटवा सीएचसी ले जाया गया. पुलिस ने किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है, वहीं घायल पिता का इलाज जारी है,दुर्घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया. इटवा के एसएचओ संतोष तिवारी ने पुष्टि की है कि इस मार्ग दुर्घटना में एक मौत हुई है और एक व्यक्ति घायल है. पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## कन्नौजः संगठन के प्रति ईमानदारी से करें कार्य- राज शर्मा

### सौरिख के शशिकांत गुप्ता बने जिला मंत्री

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश जनपद कन्नौज के जिला अध्यक्ष राज शर्मा की अध्यक्षता में निजी प्रतिष्ठान पर जिला पदाधिकारियो के साथ हुई वार्ता में सौरिख क्षेत्र से शशिकांत गुप्ता को जिला मंत्री का दायित्व देने की घोषणा की गई जिला अध्यक्ष ने बताया कि तहसील छिबरामऊ क्षेत्र सौरिख से जिला मंत्री बनने से वहां के व्यापारियों में एक नई ऊर्जा आएगी , समय-समय पर व्यापारियों के साथ होने वाली समस्याओं से जल्द उनका निराकरण करवाने में शशिकांत गुप्ता अग्रणी भूमिका निभाएंगे संगठन नवनिर्वाचित जिला मंत्री से पूरी ईमानदारी एवं व्यापारिक गतिविधियों में अपनी अहम भूमिका निभाने का विश्वास रखता है शशिकांत गुप्ता को सौरिख क्षेत्र में व्यापारियों से सामंजस्य बनाकर जिला अध्यक्ष राज शर्मा के द्वारा 7 दिन के अंदर नगर कमेटी सौरिख का गठन करने का निर्देश दिए गए

शुभकामनाएं देने वालों में प्रमुखरूप से जिला महामंत्री , नीरज मिश्रा, रमेश मेहरोत्रा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद तिवारी,परशुराम देवल, कन्नौज जिला मंत्री संजीव पांडे, , संजीव पटेल,जयंत प्रताप, रामजी सिसोदिया, अभय कटियार, सहित अन्य व्यापारी नेता मौजूद रहे।

## कन्नौजः महापुरुषों की प्रतिमाएं हटाने का भाजपा पर लगाया आरोप

### समाजवादी व्यापार सभा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**



छिबरामऊ। समाजवादी व्यापार सभा ने भाजपा पर सुनियोजित षड्यंत्र के तहत महापुरुषों की प्रतिमाएं हटाने का आरोप लगाया है। जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा है। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि 27 अक्टूबर को सीतापुर के बिसवां में बड़े चौराहे पर लगी समाजवादी व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल के परदादा एवं पूर्व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद जगन्नाथ प्रसाद अग्रवाल उर्फ जगन बाबू की प्रतिमा जिला प्रशासन ने हटा दी। इसके दो दिन बाद, 29 अक्टूबर को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के संसदीय क्षेत्र छिबरामऊ में पश्चिमी बाईपास पर तिराहे से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा हटाकर पूर्व सहकारिता मंत्री की प्रतिमा लगा दी गई। सपा ने इसे अव्यवहारिक, अमर्यादित और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित घटना बताया। समाजवादी पार्टी ने इस मुद्दे को अपनी आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक और एक्स (ट्विटर) पर उठाया। ज्ञापन में कहा गया कि देश की आजादी में अगुवाई करने वाले महात्मा गांधी व्यापारी और वैश्य समाज के महापुरुष हैं, उनकी प्रतिमा हटाना समुदाय का अपमान है। प्रदेश सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन द्वारा यह विद्वेषपूर्ण कार्य दुर्भाग्यपूर्ण है। व्यापार सभा ने इसे वैश्य समाज विरोधी कदम करार देते हुए कड़ी निंदा की। राष्ट्रपति से मांग की है कि महात्मा गांधी की प्रतिमा तत्काल मूल स्थान पर ससम्मान पुनः स्थापित की जाए, अन्यथा, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सहमति से पूरे प्रदेश में सरकार के खिलाफ हल्लाबोल आंदोलन छेड़ा जाएगा जिसकी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन पर होगी। इस दौरान कोषाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, अवनीश गुप्ता, गोविंद यादव, अंशुल गुप्ता (तिर्वा), संतोष गुप्ता, शिवम, अंकित वर्मा, विपिन वर्मा, पिंटू यादव, सीनू साहिल खान, यादवेंद्र सिंह, अमित कुमार, गौरव और प्रिंस मौजूद रहे।

## कन्नौजः बाइक सवार के नाम बताते ही दरोगा ने लाठियों से पीटा

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। चेकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक सवार को बेरहमी से पीट दिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। मामले की जानकारी होते ही भाजपा विधायक और ग्रामीण थाने पहुंच गए, जहां देर रात तक हंगामा चलता रहा। दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग की गई है।

मामला सौरिख थाना क्षेत्र की खडिनी चौकी का है। बीती शाम चौकी इंचार्ज अंकित यादव क्षेत्र में बाइक चेकिंग कर रहे थे, तभी एक युवक वहां से बाइक लेकर निकला। चौकी इंचार्ज ने उससे रुकने को कहा तो वह रुक गया। चेकिंग को लेकर बहस हो गई। ऐसे में जब चौकी इंचार्ज ने युवक का नाम पूछा तो उसने अपना नाम कैलाश सिंह राजपूत बताया। जोकि उमर्दा से भाजपा विधायक का भी नाम है। जिसको सुनते ही चौकी इंचार्ज भड़क गए और गाली देते हुए लाठियों से युवक की बुरी तरह पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया। खडिनी क्षेत्र के नगला गूड़ा निवासी युवक कैलाश सिंह राजपूत की हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। मामले की जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ थाने पहुंच गई। कुछ ही देर में भाजपा विधायक कैलाश राजपूत भी थाने पहुंच गए। यहां चौकी पुलिस पर गुंडई का आरोप लगाते हुए भीड़ ने हंगामा किया। यहां थाना इंचार्ज जयंती प्रसाद भीड़ को समझाने का प्रयास करते रहे। उधर विधायक ने एसपी बिनोद कुमार को फोन पर घटना की जानकारी दी। बताया गया कि एसपी ने कार्यवाही का भरोसा दिया है। खडिनी चौकी इंचार्ज अंकित यादव ने जब बाइक सवार से उसका नाम पूछा तो उसने कैलाश सिंह राजपूत बताया। ऐसे में चौकी इंचार्ज ने समझा कि विधायक का नाम बताकर युवक धौंस जमाना चाह रहा। इसी वजह से वह आपा खो बैठे और युवक को पकड़ कर लाठियों से धुनने लग गए। दूसरी तरफ ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चौकी इंचार्ज अंकित यादव समाजवादी मान सिकता से काम कर रहे हैं। वह क्षेत्र में बेवजह चेकिंग के नाम पर लोगों को परेशान करते हैं।

## कन्नौजः परीक्षा केंद्र को गलत सूचना भरी तो नपेंगे प्रधानाचार्य

### माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 10 नवंबर तक सूचनाएं फीड करने को कहा

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। बोर्ड परीक्षा केंद्र के लिए यदि किसी प्रधानाचार्य ने जानबूझकर विद्यालय के जियोलोकेशन की गलत या भ्रामक जानकारी दी तो डीआईओएस ऐसे प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। आधारभूत सूचनाएं अंतिम रूप से भौतिक सत्यापन के बाद ही पूरी की जाएंगी। सूचना पूरित करने के बाद इसमें किसी प्रकार का परिवर्तन संभव नहीं होगा। वेबसाइट पर 10 नवंबर तक सूचनाएं अपलोड करनी होंगी। दरअसल, माध्यमिक शिक्षा परिषद यानि यूपी बोर्ड की ओर से वर्ष 2025 में होने वाली हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए केंद्रों के निर्धारण की नीति जारी कर दी है। डीआईओएस पप्पू सरोज ने बताया कि तहसीलों में एसडीएम की अध्यक्षता में समिति गठित होगी। इसमें डीएम की ओर से नामित अभियंत्रण विभाग के अभियंता जो सहायक अभियंता से न्यून पद के नहीं होंगे और तहसीलदार सदस्य होंगे। डीआईओएस की ओर से अधिकृत सह डीआईओएस या राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य सदस्य सचिव बनेंगे। इसके अलावा अपर सचिव स्वयं व उप सचिव स्तरीय टीमों का गठन कर अपने परिक्षेत्र के प्रत्येक जनपद में रैंडम रूप से कम से कम 10 राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त व स्ववित्तपोषित की आधारभूत सूचनाओं का सत्यापन कराएंगे। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे, वायस रिकार्डर, राउटर, डीवीआर व उसके ब्रांड, मॉनीटर, हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्शन आदि के क्रियाशील होने व मॉनीटरिंग के लिए स्ट्रांग रूप को प्रधानाचार्य कक्ष से अलग कक्ष में स्थापित होने का सत्यापन भी करेंगे। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने डीआईओएस को भेजे पत्र में कहा है कि बीते वर्षों में विद्यालयों के मध्य परस्पर दूरी जियोलोकेशन का रिमोट सेंसिंग के माध्यम से परीक्षण कराया गया है। रिमोट सेंसिंग से परीक्षण कराने पर जिन विद्यालयों की जियोलोकेशन गलत पाई गई है ऐसे स्कूलों की सूची डीआईओएस को ऑनलाइन प्रेषित कर प्रधानाचार्यों के माध्यम से पुनः अपलोड कराई जाएं। उसके बाद से ऐसे विद्यालयों की जियोलोकेशन तहसील स्तरीय समिति के माध्यम को भौतिक रूप से सत्यापित कराया जाए। जिनको नवीन मान्यता मिली है या बीते वर्षों में लोकेशन अपलोड या सत्यापित नहीं हुई है उनकी जियोलोकेशन सत्यापित कराया जाए।

## नशे में हंगामा करने वाले सहायक का प्रवेश वर्जित

**समाज जागरण**




सिद्धार्थनगर। बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत सहायक रामचन्द्र शुक्ला, सहायक अध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय जगदीशपुर ग्रांट, विकास क्षेत्र नौगढ़, पर नशे की हालत में कार्यालय पहुंचकर कर्मचारियों के कार्य में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगा है,कार्यालय के समस्त कर्मचारियों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, विगत दिनों दोपहर लगभग 2 बजे श्री शुक्ला वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा) कार्यालय सिद्धार्थनगर पहुंचे, उस समय वे नशे में धुत थे। नशे की अवस्था में उन्होंने कर्मचारियों से अभद्रता की और नशे की पूर्ति के लिए धनराशि की मांग भी की,कर्मचारियों ने यह भी बताया कि श्री शुक्ला पिछले कई महीनों से लगातार नशे की हालत में कार्यालय आते रहे हैं, जिससे कार्यालयीन कार्य प्रभावित हो रहा था। कई बार चेतावनी के बावजूद उनके आचरण में सुधार नहीं हुआ,इस पर गंभीरता दिखाते हुए वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा) सिद्धार्थनगर, अभिनय कुमार सिंह ने आदेश जारी किया है कि अगले आदेश तक रामचन्द्र शुक्ला का कार्यालय में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि उन्होंने इस प्रतिबंध का उल्लंघन किया, तो उनके विरुद्ध सुसंगत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कन्नौजः निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण हेतु निर्देश जारीः डीईओ

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के अधीक्षण, नियंत्रण एवं निर्देशन में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के पत्र दिनांक 27 अक्टूबर 2025 के अन्तर्गत जनपद कन्नौज की 196-छिबरामऊ, 197-तिर्वा एवं 198-कन्नौज विधान सभा क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / सम्बन्धित उप जिलाधिकारी द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 13-बी (2) में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाइजर्स की तैनाती की गई है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 13-सी सी के प्रावधानानुसार ऐसे समस्त कार्मिक भारत निर्वाचन आयोग के अधीन प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत माने जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर (प्रत्येक मतदाता के यहाँ न्यूनतम तीन बार विज़िट कर) गणना प्रपत्र वितरित किए जाएंगे तथा मतदाताओं के हस्ताक्षर उपरांत संकलित किए जाएंगे। यह कार्य निर्वाचन प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने निर्देश दिए कि इस अवधि में जिला स्तरीय अधिकारी अपने अधीनस्थ समस्त कार्मिकों को वायो मैट्रिक / आधार आधारित / फेस रिकग्निशन अथवा सामान्य उपस्थिति प्रणाली से मुक्त रखें, ताकि वे निर्वाचन से संबंधित इस महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण रूप से संपादित कर सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि उक्त अवधि में सम्बन्धित कार्मिकों की उपस्थिति एवं उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का अभिमत एवं निर्णय विभाग हेतु अंतिम एवं स्वीकार्य होगा।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्वाचन आयोग के निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा इस कार्य को पूर्ण गंभीरता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सम्पन्न किया जाए।

## कन्नौजः मिर्च की फसल खराब होने पर बीज दुकान का लाइसेंस निलम्बित

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



गुरसहायगंज। क्षेत्र के ग्राम बनियानी में हरी मिर्च की सैकड़ो बीघा फसल खराब होने की खबर चलने के बाद मामले का संज्ञान लेते हुए जिला कृषि अधिकारी और जिला उद्यान अधिकारी गांव पहुंचे और किसानों से जानकारी ली। किसानों के बताने पर उन्होंने बीज और दवा विक्रेता की दुकान का लाइसेंस निलम्बित करने की घोषणा की। जनपद में ग्राम बनियानी के किसान सबसे अधिक मिर्च का उत्पादन करते हैं। यहां पर उगने वाली मिर्च उत्तर प्रदेश के कई जिलों के अलावा गुजरात दिल्ली सहित कई प्रदेशों में जाती है। सोमवार को किसानों ने जब अपनी फसल को खराब हालत में देखा तो उनके होश उड़ गए और इसको लेकर उन्होंने नकली बीज देने की बात कहते हुए गांव में प्रदर्शन किया था। मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता और जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी गांव पहुंचे। किसानों ने उन्हें बताया कि गांव के ही निकट इंदिरानगर में सिसोदिया बीज भंडार से उन्होंने हरी मिर्च का बीज खरीदा था। दुकान पर पहुंचे जिला कृषि अधिकारी को दुकान बंद मिली इस पर उन्होंने उसकी दवा और करने की बात कही है। उन्होंने बताया कि दुकान बंद मिली है और कई फोन करने के बाद भी कोई जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि किसानो की हरी मिर्च की फसल नष्ट हुई है। किसानों द्वारा 2000 बीघा बताए जाने की बात गलत है। इतनी बड़ी एरिया में हरी मिर्च की फसल नहीं है। बताया कि मौसम की वजह से फसल में नुकसान होने की संभावना है इसके लिए कृषि वैज्ञानिक मामले की जांच करेंगे उन्हें सूचना दी जा रही है। मामले को लेकर किसानों का हाल बेहाल है। प्रधान अनिल कुमार ने बताया कि आलू में मंदी की वजह से किसान पहले से ही परेशान था और उसके साथ दुकानदार ने ठगी की है। अधिक कमाई के चक्कर में दुकानदार ने किसानों को नकली बीज दिया है जिसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और किसानों को मुआवजा दिलाया जाए।

## कन्नौजः लेखपाल से गाली गलौच और मारपीट करने वाली शिक्षामित्र बर्खास्त

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिला शिक्षा समिति के पदेन अध्यक्ष जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने हंसापुर ग्राम शिक्षा समिति के उस प्रस्ताव को अंजमोदित कर दिया जिसमें प्राथमिक स्कूल हंसापुर की शिक्षामित्र कंचन तोमर की संविदा सेवा समाप्त करने का प्रस्ताव किया गया था।

एसडीएम तिर्वा राजेश कुमार व बीएसए संदीप कुमार की ओर से कार्रवाई का पत्र मिलने के बाद बीईओ उमर्दा विपिन कुमार ने मंगलवार को ग्राम पंचायत किनौरा के प्रधान से मुलाकात की। साथ ही ग्राम शिक्षा समिति के सभी सदस्यों से शिक्षामित्र को पद से हटाने के प्रस्ताव पारित करवाया। उसके बाद पत्रावली बीएसए को भेजी गई।

ग्राम शिक्षा समिति के प्रस्ताव को अग्रसारित करते हुए खण्ड शिक्षाधिकारी ने शिक्षामित्र कंचन तोमर की संविदा सेवा समाप्ति की अनुशंसा की और बीएसए ने इस पत्रावली को जिलाधिकारी के पास अनुमोदन के लिए भेज दिया। जिलाधिकारी ने आज इस पत्रावली को अपना अनुमोदन दे दिया और शिक्षामित्र की संविदा सेवा समाप्त हो गयी।

घटनाक्रम के मुताबिक तिर्वा तहसील में जाकर शिक्षामित्र ने बीएलओ ड्यूटी को लेकर लेखपाल अमित राजपूत को पीट दिया था।

इससे पहले मोबाइल पर अपशब्दों का प्रयोग कर पीटने व जेल भिजवाने की धमकी भी दी थी। इसका ऑडियो भी वायरल हुआ है। मामले में आरोपी शिक्षामित्र पर 05 धाराओं में रिपोर्ट भी दर्ज हो चुकी है।

## कन्नौजः मतदाता पंजीकरण कार्य में पारदर्शिता पर दिए सख्त निर्देश

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने तहसील तिर्वा स्थित मतदाता पंजीकरण कक्ष का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई कमियाँ पाए जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी तिर्वा ने अवगत कराया कि बीआरसी छिबरामऊ के असगर खान द्वारा निर्वाचन कार्य किया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि निर्वाचन कार्य में केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि अधिकाधिक कर्मचारियों को सक्रिय रूप से लगाया जाए, ताकि कार्य की गति तेज हो और शत-प्रतिशत लक्ष्य समय पर प्राप्त हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधानसभा तिर्वा में लगभग 3.78 लाख मतदाता हैं, जिनमें बूथ संख्या 1 से 38 तक की गणना प्रपत्रों को प्रिंट करवा कर कल तक हर हाल में शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया निर्वाचन कार्य केवल इछड ऐप के माध्यम से ही किया जाए, ताकि पारदर्शिता एवं सटीकता बनी रहे।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक एईआरओ को स्पष्ट लक्ष्य दिया जाए और सभी अधिकारी प्रतिदिन की एक्टिविटी की फोटो एवं रिपोर्ट सोशल मीडिया कैंपेन पर अपलोड करें, ताकि कार्य की रियल-टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि जनता के विश्वास को बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, अतः सभी अधिकारी बिना किसी दबाव या पक्षपात के निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी ट्विटर अकाउंट पर पूरी तरह सतर्क रहें, और यदि कोई शिकायत या टिप्पणी प्राप्त होती है तो 3 घंटे के भीतर उसका निस्तारण अवश्य किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर गंदगी देखकर गहरा असंतोष व्यक्त किया और तहसीलदार को फटकार लगाते हुए तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ह्लकार्यालय की स्वच्छता कार्य संस्कृति का दर्पण होती है, इसे किसी भी दशा में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक दशा में कार्य की गुणवत्ता सर्वोत्तम होनी चाहिए, क्योंकि निर्वाचन कार्य केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं बल्कि लोकतंत्र के प्रति ईमानदारी और जनविश्वास की कसौटी है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तिर्वा राजेश कुमार, तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 175 लोगों का पंजीकरण, 80 मरीज चित्रकूट रेफर

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र/विंढमगंज। ग्राम पंचायत भवन सलैयाडीह में आज गायत्री प्रज्ञा मंडल विंढमगंज के तत्वाधान में सतगुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट द्वारा एक विशाल निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर एवं नेत्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रत्येक माह की 5 तारीख को नियमित रूप से आयोजित किया जाता है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के नेत्र रोगियों की जांच, उपचार तथा मोतियाबिंद के मरीजों के ऑपरेशन हेतु रेफर की व्यवस्था की जाती है। आज के शिविर में कुल 175 लोगों



का रजिस्ट्रेशन किया गया, जिनमें से 80 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चित्रकूट रेफर किया गया। शिविर में आए सभी मरीजों की आंखों की जांच विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा की गई। डॉक्टरों ने लोगों को आंखों की देखभाल, समय-समय पर जांच कराने और नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। शिविर का संचालन श्रीमती सीमा सिंह, प्रधान ग्राम पंचायत सलैयाडीह तथा प्रधान प्रतिनिधि अभिषेक प्रताप सिंह के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर हुलास राम यादव, रामदास कुशवाह (पत्रकार), तथा समस्त गायत्री परिवार विंढमगंज की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी ने शिविर की सफलता में अपना सहयोग और योगदान दिया।

## बाल मजदूरी को लेकर ग्रामीणों ने किया मुख्मंत्री सहित उप श्रमायुक्त से शिकायत, एडीओ (पंचायत) ने जारी किया नोटिस

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

कोन/ सोनभद्र। विकास खण्ड कोन अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़वा अंतर्गत तुमियां चौराहे पर सफाई को लेकर बीते दिनों ग्रामीणों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा था। जहाँ लोगों ने जमकर प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग किया था। बतातें चलें कि ग्राम पंचायत कुड़वा इन दिनों ज्यादा ही खबरों की सुर्खियां बटोर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार छठ था जहाँ ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त था। जिसे







खण्ड विकास अधिकारी कोन ने खबर को संज्ञान में लेते हुए तत्काल सफाई कराने कराने का आदेश संबंधित को दिया था जिसके क्रम में सफाईकर्मी मौके पर पहुंचा और नियुक्त सफाईकर्मी स्वयं मूकदर्शक बनकर नाबालिक बच्चों से देर शाम तक सफाई कराया गया जो कि बाल श्रमिक अधिकार अधिनियम के तहत गंभीर मामला है । जिसके क्रम में स्थानीय निवासी रामेश्वर चेरो ने बताया कि सरकार द्वारा बच्चों को जागृत करने के उद्देश्य से जगह जगह अभियान चलाया जा रहा है फिर भी इसका असर ग्राम पंचायत कुड़वा में दूर दूर तक नहीं है। नाबालिक बच्चों के पिता नंदकेश्व व लालमन चेरो ने सूबे के मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, उप श्रमायुक्त पिपरी को शपथ पत्र देकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। उन्होंने यह भी बताया कि संबंधित सफाईकर्मी द्वारा प्रलोभन देकर सादे पेपर पर हस्ताक्षर कराने का पुरजोर प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं ने संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए दोषी सफाईकर्मी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग किया है। इस बावत सहायक खण्ड विकास अधिकारी सुनील पाल (पंचायत) कोन ने बताया कि संबंधित सफाईकर्मी को नोटिस जारी कर जबाब मांगा गया है। अब सबकी निगाहें सहा.खण्ड विकास अधिकारी पर टिकी है।

## चोपन में भव्य देवी जागरण का आयोजन, कार्तिक मास में सैकड़ो भक्तों ने की मां दुर्गा की आराधना

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के चोपन में पवित्र कार्तिक मास के दौरान मंगलवार-बुधवार की रात एक भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया। सुप्रसिद्ध दुर्गा मंदिर के सामने आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया और मां दुर्गा के दरबार में अपनी आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ जायसवाल समाज के नरेंद्र कुमार जायसवाल और मनोरमा जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद पूर्वांचल क्षेत्र के अग्रसेन मां भक्त जागरण मंडल ने मां की पूजन और गणेश वंदना के साथ जागरण की शुरूआत की। भजन गायक सुदर्शन मित्तल, विनीत द्विवेदी, सुशील मौर्या, नेहा अग्रवाल और विजय सोनकर ने अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। सुशील मौर्या ने 'जयकार बा...', 'जय जय जय बजरंग बली...', 'बम बम बोल रहा



है काशी...' और 'राम आएंगे...' जैसे गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। नेहा अग्रवाल ने 'कर भक्तों का बेड़ा पार मां शेरा वाली आ जा' और 'बड़ा सुख पाया माता रानी के भवन में' जैसे भजन प्रस्तुत किए। सुदर्शन मित्तल ने 'तेरे दरबार में खुशी मिलती है' और 'तारा रानी की कथा' सुनाई, जबकि विजय सोनकर ने 'तूने मुझे बुलाया शेरावालिए...' गीत गाया। भजनों और नृत्य-झांकियों के बीच श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। 'मां मुरादे पूरी कर दे हलुआ बाटूंगी' भक्ति गीत के बाद जागरण के अंतिम चरण में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। शास्त्रों के अनुसार, कार्तिक मास में देवी जागरण और पूजा-पाठ का विशेष पौराणिक महत्व है। इस महीने में अनुष्ठान करने से आध्यात्मिक उन्नति, भौतिक सुख-समृद्धि और मोक्ष की प्राप्ति होती है। अग्रसेन मां भक्त जागरण मंडल ने मां शेरावाली, भगवान शंकर-पार्वती, गणेश, मां काली, हनुमान के रुद्र रूप, राधा-कृष्ण का मयूर नृत्य और श्रीराम दरबार की भव्य झांकी प्रस्तुत की। जागरण में आए श्रद्धालुओं ने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों से धर्म के प्रति उत्सुकता और लोगों का मनोबल बढ़ता है।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में ब्लू हाउस चैंपियन

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र/ शक्तिनगर। एनटीपीसी शक्तिनगर के आवासीय परिसर में स्थित संत जोसेफ स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह के अंतर्गत इंटर हाउस स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डी0 एन0 पाण्डेय, डीजीएम टीएडी, एनटीपीसी सिंगरौली ने परेड को सलामी दी और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि प्रति योगिताओं के माध्यम से छात्र अपना सर्वांगीण विकास कर पाने में सक्षम हो पाते हैं एवं जीवन में स्वर्णिम अवसर को हासिल कर कामयाबी के शिखर पर पहुँचते हैं। मशाल प्रज्वलित कर मार्च पास्ट के साथ ही कार्यक्रम की शुरूआत हुई जिसकी अगुआई विद्यालय के कैप्टन ओम आयुष पात्रा तथा रुद्राक्षी वैष्णव ने स्कूल छात्र परिषद् के अनुकरण में किया इसके उपरांत ब्लू हाउस ने परेड को लीड किया जिसके पीछे रेड




हाउस, ग्रीन हाउस तथा गोल्ड हाउस के विद्यार्थियों ने अपने हाउस कैप्टन तथा वाइस कैप्टन के साथ मार्च पास्ट किया और बेहतरीन प्रस्तुति के माध्यम से तालियों की गड़गड़ाहट से प्रशंसा प्राप्त की। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में श्रेणीवार बालक वर्ग तथा बालिका वर्ग के लिए दौड़ प्रतियोगिता 100 मी0, 200मी0 तथा 4*100मी0 रिले एवं 50मी0 रेस बालक वर्ग और बालिकाओं हेतु साथ ही केजी के बच्चों व ग्रुप ए के लिए भी विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजित किया गया। चारों हाउस के मध्य संपन्न हुई प्रतियोगिता में ब्लू हाउस की टीम ने ओवरऑल चैंपियनशिप में बाजी मारते हुए ट्रॉफी जीतने में कामयाबी हासिल की। एतदुपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर डॉ0 विंसेंट परेरा ने मॉडरेटर डॉ0 योगेन्द्र तिवारी, जिशा मैथ्यू तथा कैप्टन अभिनव, आईभा एवं उपकप्तान एंजेला, तनिष को विजेता की शील्ड प्रदान किया, साथ ही प्रधानाचार्य ने रेड हाउस के मॉडरेटर निजिन पॉल, लिजी तथा कैप्टन और उपकप्तान को उपविजेता की ट्रॉफी प्रदान करते हुए बधाई दी।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर डॉ0 विंसेंट परेरा ने सभी छात्रों, शिक्षकों और प्रतिभागियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र अपना कौशल उन्नयन कर सकते हैं और चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने हेतु तत्पर हो सकते हैं। हार जीत खेल का हिस्सा है लेकिन हमें हर हाल में यह ध्यान रखना होगा कि हार से कभी भी निराश नहीं होना है, खेल भावना को दृष्टिगत रखते हुए जीत दर्ज करने वाले प्रतिभागियों का भी सम्मान करना है तथा जीवन में आगे बढ़ते रहना है। प्रांशु शुक्ला, आरती कुमारी, अवनीश, तनिष्क को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शील्ड प्रदान की गई। ब्लू हाउस को डिसिप्लिन तो रेड हाउस को मार्च पास्ट की भी ट्रॉफी प्रदान की गई। ग्रीन हाउस को तृतीय स्थान तो गोल्ड हाउस को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। खेल शिक्षकों जेम्स रॉल्फ, अशोक सिंह तथा संतोष कुमार, प्रकाश मरांडी के साथ ही कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने सहभागिता सुनिश्चित की। शिक्षिका अनु विल्सन, टाइटस क्रस्ता और विमल शर्मा कार्यक्रम में उद्घोषक रहे तथा शिक्षक डेविस पीपी, सेनुमोन जोजफ, जिम्मी थोमस, बीजू वर्गीस, अनिल कुमार, रागिनी पाठक, सृष्टि थापा ने कार्यक्रम में स्कोर बोर्ड संभाला साथ ही विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। फील्ड इवेंट के सुचारू रूप से संचालन में शिक्षकों सीएस जोशी, एंथोनी, अनिमा, अनीता जोशी, इंग्रिड, शशिप्रभा, सूजा, नम्रता, साजिया, सिजी एवम् अन्य शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। समस्त विजेता प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## ट्रेलर और कैम्पर की जोरदार टक्कर में तीन घायल

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र/शक्तिनगर। शक्तिनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनसीएल खड़िया परियोजना खदान क्षेत्र में मंगलवार देर रात ट्रेलर और कैम्पर में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एनसीएल अधिकारियों में हड़कंप मच गया व एनसीएल प्रशासन और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने घायलों को तत्काल नेहरू जयंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उनका इलाज जारी है।

पुलिस के अनुसार, कैम्पर में चालक प्रमोद पनिका 22 वर्ष, हेल्पर रामधनी 33 वर्ष निवासी पीडब्ल्यूडी मोड़, और वेल्डर प्रेम रावत 30 वर्ष निवासी चिल्काडाड़ सवार थे। इनके साथ बबलू निषाद गार्ड 33 वर्ष




निवासी चिल्काडाड़ भी कैम्पर में लिफ्ट लेकर जा रहे थे। हादसे में तीन लोगों के हाथ-पैर में चोटें आई हैं, जबकि एक व्यक्ति को मामूली खरोंचें आई हैं।

जानकारी के मुताबिक, ट्रेलर ड्राइवर बबलू यादव खदान क्षेत्र से कोयला लोड कर सीएचपी कांटा अनलोड करने जा रहा था, तभी सामने से आ रही कैम्पर से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद कुछ देर के लिए क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानी नहीं हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जनपद सोनभद्र पुलिस की सूचना पर गाजियाबाद में संयुक्त कार्रवाई, अन्तर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश

### गाजियाबाद में 3.40 करोड़ रुपयें की प्रतिबंधित कफ सीरप बरामद, 8 शातिर तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थो एवं नशीली दवाओं की तस्करी, फरार/वांछित/ईनामिया अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं रोकथाम के क्रम में जनपद सोनभद्र पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रतिबंधित Eskuf व Phensedyl Cough Syrup की तस्करी में लिप्त अन्तर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। दिनांक 03/04.11.2025 की रात्रि में सोनभद्र पुलिस की सूचना पर कमिश्नरेट गाजियाबाद की स्वाट टीम, क्राइम ब्रांच, थाना नंदग्राम पुलिस एवं सोनभद्र पुलिस टीम द्वारा मेरठ रोड स्थित मछली गोदाम परिसर से 08 शातिर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार व कब्जे से प्रतिबंधित कफ सीरप की कुल 1,57,350 शीशियाँ (Eskuf व Phensedyl), 02 ट्रक, 02 आयशर कैंटर, 01 क्रेटा कार (UP14FB2244), ₹20 लाख नगद, 02 लैपटॉप, 10 मोबाइल, फर्जी सिम कार्ड, मुहरें, तथा Tapentadolटेबलेट्स (19 स्टिप) इत्यादि बरामद किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना नंदग्राम कमिश्नरेट गाजियाबाद में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ के क्रम में बताया गया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में मुख्य अभियुक्त सौरव त्यागी है, जबकि संतोष भड़ाना उसका मुख्य ट्रांसपोर्टर है, जिसके गोदाम से प्रतिबंधित कफ सीरप ट्रकों में लोड किया गया था। सौरव त्यागी ने बताया कि इन कफ सीरप Eskuफ, Phensedyl) में कोडीन होने से यह नशे के रूप में प्रयुक्त होते हैं, जिनकी भारत में बिक्री प्रतिबंधित है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि इस तस्करी का संचालन मुख्य सरगना आसिफ व वसीम (मेरठ) तथा शुभम जायसवाल (वाराणसी) द्वारा किया जाता था। सौरव त्यागी एनसीआर क्षेत्र में इस नेटवर्क का प्रमुख था, जो अपने फर्जी फार्मा लाइसेंसों के माध्यम से विभिन्न कंपनियों से कफ सीरप खरीदकर उन्हें ट्रांसपोर्ट गोदाम में छिपाता था। मांग मिलने पर ट्रकों में अन्य सामान के बीच छिपाकर झारखंड, बंगाल, असम आदि राज्यों को भेजा जाता था, जहां से बांग्लादेश तक इसकी तस्करी की जाती थी। अन्य अभियुक्त शादाब व शिवाकांत सौरव के कर्मचारी हैं, जो माल लोडिंग व रिकॉर्ड मेंटेन करते थे, जबकि अम्बुज गोदाम कर्मचारी और अन्य चालक तस्करी में सहयोगी थे।

## निशुल्क नेत्र जांच शिविर का किया गया आयोजन

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। अल्ट्राटेक डाला सीमेंट लिमिटेड के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी स्वास्थ्य सुविधा द्वारा सोमवार को युनिट हेड संदीप हिवरेकर एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी रॉबर्ट्सगंज के दिशा निर्देशन निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन भलुआ टोला में किया गया। सीएसआर प्रमुख निशा तिर्की ने बताया कि चोपन स्वास्थ्य केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है जिसके उपरांत मोतियाबिंद पाए जाने वाले मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा,पूर्व में भी हमारे द्वारा स्वास्थ्य सुविधा के



अंतर्गत डाला एवं आसपास के क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया गया है जिसके लिए ग्रामों में कैंप लगाकर मरीजों का नेत्र जांच कर चयन किया जाता है। इस कार्य हेतु हमारे आसपास की आशा, एएनएम ने मुख्य भूमिका निभाई एवं मरीजों के चयन में सहभागिता दी है। इस दौरान भलुआ टोला विद्यालय की प्रधानाध्यापिका दीपिका, पूनम देवी, बिंदेश्वरी कुमार, मुकेश समेत अन्य लोग मौजूद रहे। शिविर आयोजन एवं संचालन अधिकारी रोहित श्रीवास्तव ने किया।

## पूर्व प्रधान ने बताया मेरे नाम हुए रिबोर फर्जी है, बंदरबांट व भ्रष्टाचार पर हो कड़ी कार्यवाही

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। जहां सरकार पंचायतों को समृद्ध बनाने के लिए कटिबद्ध है, वही पंचायत स्तर पर समग्र विकास कराने में लगी है, वही ग्राम प्रधान फर्जी भुगतान गांव में निजी हित के लिए कराकर अपना जेब भरने में लगे है। यद्यपि सूत्रों पर गौर करे तो ग्राम पंचायत हर्रा में वर्तमान ग्राम प्रधान द्वारा किये गए भ्रष्टाचार की चर्चा सुर्खियों में है। विकास खण्ड - चोपन अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्रा में पेयजल की समस्या की शिकायत से निजात दिलाने के नाम पर बड़े पैमाने पर बंदरबांट की




जानकारी निकल कर सामने आ रही हैं। पूर्व ग्राम प्रधान हर्रा रामदुलारे गोंड ने बताया कि मेरे दरवाजे पर हुए बोर को वर्तमान ग्राम प्रधान अखिलेश द्वारा सचिव की मिली भगत से रिबोर के नाम पर लाखों का भुगतान कर भ्रष्टाचार किया गया है। यह हैंडपंप पूर्व के समय में लगाया गया था लेकिन सचिव की मिलीभगत से बंदरबाँट का खेल खेला गया। यह जानकारी तब हुई जब मैं अपने नाम पर हुए फर्जी रिबोर के भुगतान के सम्बन्ध में ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर देखा। पूर्व ग्राम प्रधान हर्रा रामदुलारे गोड़ ने बताया कि वित्तीय अनियमितता में वर्ष 2020-21 में ग्राम पंचायत हर्रा में मेरे नाम से मेरे घर के पास हैंडपम्प बोर के कार्य पर 16.12.2020 को बाउचर सं०-5THSFC/-5THSFC/2020-21/P/8 से 82447 रुपए का भुगतान कर कार्य कराया गया था। जिसको पुनः वर्तमान ग्राम प्रधान अखिलेश के द्वारा दूसरी बार मेरे ही नाम पर घर के पास उसी बोर को दिख कर फर्जी रिबोर दिखाकर गलत तरीके से बाउचर सं० XVFC/2022-23/P/50 से धनराशी 92100 रुपए पंचायत खाते से निकाल कर सरकारी धन की लूट एवं बन्दरबाट किया गया है। वैसे तो निष्पक्ष जांच हो तो कई मामले सामने आएंगे। वही सहायक विकास अधिकारी पंचायत चोपन द्वारा करायी गयी जांच में भ्रष्टाचार की पुष्टि भी हो चुकी है। वही ग्रामपंचायत हर्रा के जनता का जिलाधिकारी से यह अपील है कि इसमें संलिप्त दोषियों पर कड़ी कार्यवाही आवश्यक हैं। भ्रष्टाचार में हुए भुगतान नियम विरुद्ध है तथा वित्तीय अनियमित्ता की श्रेणी में आता है, इसमें संलिप्त दोषियों पर कार्यवाही कर बंदरबांट हुए सरकारी धनराशि की वसूली की जाय है।

## चोपन सोन नदी तट घाट पर, भव्य देव दीपावली का हुआ आयोजन

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। देव दीपावली के शुभ अवसर पर सोन नदी के घाट पर पूजन व आरती करते हुए चोपन में माननीय समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ माननीय विधायक सदर श्री भूपेश चौबे जिलाधिकारी श्री बद्रीनाथ सिंह पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी अपर जिलाधिकारी वगीश कुमार शुक्ला,




जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी सहित सम्मानित जनप्रतिनिधि गण व अधिकारी गण उपस्थित रहे'

## थाना जुगैल पुलिस की बड़ी कार्रवाई – शांति व्यवस्था भंग करने के प्रयास में 22 अभियुक्त गिरफ्तार, भेजे गए मा0 न्यायालय

**समाज जागरण**

जुगैल/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक थाना जुगैल द्वारा गठित पुलिस टीम ने प्रार्थना पत्र की जांच के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रभावी कार्यवाही करते हुए कुल 22 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई में अभियुक्तगणों को धारा 170, 126, 135 बी.एन.एस. एस. के अंतर्गत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष चालान प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार किए गए




अभियुक्त 1. विजय पुत्र शिवलोचन, उम्र 28 वर्ष, निवासी घटिहटा टोला चंदौली, थाना जुगैल। 2. मजनू पुत्र शिवलोचन, उम्र 20 वर्ष, निवासी घटिहटा टोला चंदौली, थाना जुगैल। 3. श्यामलाल पुत्र शिवलोचन, उम्र 25 वर्ष, निवासी घटिहटा टोला चंदौली, थाना जुगैल। 4. रामबली पुत्र लक्ष्मण, उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम शेखा, थाना चितरंगी, जनपद सिंगरौली (म.प्र.)। 5. सोनू पुत्र सोबराती, उम्र 32 वर्ष, निवासी जलकडवा टोला जुगैल। 6. मोनू पुत्र सोबराती, उम्र 25 वर्ष, निवासी जलकडवा टोला जुगैल। 7. महेन्दर बैगा पुत्र शिवबरन, उम्र 40 वर्ष, निवासी टोला चरका जुगैल। 8. शिवकुमारी पत्नी महेन्दर, उम्र 39 वर्ष, निवासी टोला चरका जुगैल। 9. सुखवन्ती पत्नी गुड्डू, उम्र 35 वर्ष, निवासी टोला चरका जुगैल। 10. सीता पुत्री धनीलाल, उम्र 19 वर्ष, निवासी टोला चरका जुगैल। 11. सुगिया पुत्री महेन्दर, उम्र 18 वर्ष, निवासी टोला चरका जुगैल। 12. छन्दू बैगा पुत्र परसू, उम्र 35 वर्ष, निवासी टोला चरका जुगैल। 13. हरिराम पुत्र रामलच्छन, उम्र 30 वर्ष, निवासी टोला चरका जुगैल। 14. मैनेजर कुमार पुत्र नन्दू, उम्र 23 वर्ष, निवासी टोला चरका जुगैल। 15. धनराज पुत्र घीनू, उम्र 30 वर्ष, निवासी टोला चरका जुगैल। 16. राजपति पुत्र गिरधारी, उम्र 40 वर्ष, निवासी टोला चरका जुगैल। 17. शिवपती पुत्र गिरधारी, उम्र 30 वर्ष, निवासी टोला चरका जुगैल। 18. तुलसी पुत्र कतवारू, उम्र 27 वर्ष, निवासी टोला चरका जुगैल। 19. फुलेश्वर पुत्र शुक्ला प्रसाद, उम्र 26 वर्ष, निवासी टोला चरका जुगैल। 20. सवाईलाल पुत्र रामकरन, उम्र 45 वर्ष, निवासी टोला चरका जुगैल। 21. प्रसादी लाल पुत्र राजपती, उम्र 19 वर्ष, निवासी टोला चरका जुगैल। 22. जितेन्द्र गौड़ पुत्र गुलाब सिंह, उम्र 26 वर्ष, निवासी टोला चरका जुगैल।

## थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित प्रकरण में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तथा क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित प्रकरण में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

थाना रॉबर्ट्सगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 978/24, धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त धनदेव पुत्र मंगल प्रसाद, निवासी खोजवा बाजार किरहिया थाना भेलूपुर जनपद वाराणसी, अस्थाई पता हाउस नं0 217 एसबीआईपी गली नं0 10 इस्कॉन टेम्पल अमृतपुरी गढ़ी भीटीसी, ईस्ट ऑफ कैलाश, श्रीनिवासपुरी, साउथ दिल्ली-110065, उम्र 25 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर ईदगाह के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे माननीय न्यायालय भेजा गया।

## थाना ओबरा पुलिस द्वारा यातायात माह नवंबर के तहत चलाया गया चेकिंग अभियान

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

ओबरा/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में यातायात माह नवंबर 2025 के तहत सड़क सुरक्षा एवं नियमों के पालन को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) व क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पांडेय के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया के नेतृत्व टिम बनाकर कस्बा इंचार्ज विष्णु प्रताप सिंह ,उ०नि०राम सिंह का० यशवंत सरोज का० अरुण यादव म०का० अर्चना थाना ओबरा जनपद सोनभद्र द्वारा ओबरा के सुभाष तिराहे पर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने ओबरा कस्बे के विभिन्न मुख्य मार्गों एवं चौराहों पर वाहन चालकों की सघन जांच की। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन सवारों, सीट बेल्ट न लगाने वाले चारपहिया चालकों तथा ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई।



क्षेत्राधिकारी हर्ष पांडे ने बताया कि यातायात माह के दौरान लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है, इसलिए नियमों का पालन करना जरूरी है।

चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मियों ने लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की हिदायत दी।

## थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस की कार्रवाई–वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कार व ₹16,000/- नकदी बरामद

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा पंजीकृत मु0अ0सं0 803/25, धारा 126(2), 115(2), 352, 351(2), 140(1) भारतीय न्याय संहिता से संबंधित वांछित अभियुक्त अमित पुत्र नागेन्द्र, निवासी ऐलाही, थाना रॉबर्ट्सगंज,

जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 25 वर्ष को आज दिनांक 05.11.2025 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम ऐलाही नहर मार्ग स्थित पीपल के पेड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

# साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज का 556 वां प्रकाश उत्सव के अखंड पाठ का हुआ समापन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

शहर के महावीर मार्ग स्थित गुरूद्वारा में साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज की जयंती पर 556 वें प्रकाश पर्व के अंतिम दिन अखंड पाठ का समापन हुआ। इस अवसर पर लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।




प्रकाश उत्सव को लेकर सुबह से ही लोग गुरुद्वारे जाकर मत्था टेक रहे थे। इस खास दिन पर गुरुद्वारे में भजन और कीर्तन का विशेष आयोजन भी किया गया था। बुधवार को गुरुद्वारों में संगत का सैलाब उमड़ पड़ा, जिसमें बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ गुरुद्वारे में मत्था टेकने पहुंचे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार जायसवाल सहित शहर के गणमान्य लोग भी गुरुद्वारा पहुंचे और मत्था टेका। गुरुनानक देव जी की जयती पर गुरुद्वारे में विशेष आयोजन किया गया था, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

गुरुद्वारे में आयोजित लंगर में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। सिख धर्म के संस्थापक गुरू नानक देव जी का अवतार 15वीं सदी में हुआ था। गुरू जी ने उस समय में प्रचलित धर्म में आई कुरितियों का खंडन कर के धर्म का सही रूप संसार के लोगों के सामने रखा और संसार के लोगों को एक सांझा उपदेश दिया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में आयोजित कार्यक्रमों में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को याद किया।

# क्लबफुट से पीड़ित साक्षी और परी को मिला नया जीवन अवसर

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

05 नवंबर। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जन्मजात विकृतियों से जूझ रहे बच्चों को नया जीवन देने की दिशा में किशनगंज जिले में एक और सराहनीय पहल हुई है। जिले के सदर अस्पताल किशनगंज से आज क्लबफुट से पीड़ित दो बच्चियों – साक्षी कुमारी और परी कुमारी – को विशेषज्ञ इलाज के लिए जेएलएनएमसीएच भागलपुर रवाना किया गया। दोनों बच्चियों के माता-पिता ने आरबीएसके टीम के इस सहयोग के लिए आभार जताया और कहा कि उन्हें उम्मीद है उनकी बेटियां अब सामान्य जीवन जी सकेंगी।



आरबीएसके टीम द्वारा नियमित स्वास्थ्य जांच के दौरान दोनों बच्चियों में क्लबफुट (जन्मजात पैर विकृति) की पहचान की गई थी। जांच के बाद उनके परिवारों को परामर्श दिया गया और इलाज के लिए भागलपुर मेडिकल कॉलेज भेजने की प्रक्रिया पूरी की गई।आरबीएसके टीम के एक सदस्य ने बताया कि प्रारंभिक अवस्था में इलाज से यह विकृति पूरी तरह ठीक की जा सकती है।आरबीएसके टीम ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि किसी भी बच्चे को जन्मजात विकृति के कारण जीवनभर परेशानी न झेलनी पड़े। हम हर ऐसे मामले की पहचान कर विशेषज्ञ इलाज सुनिश्चित करते हैं।

क्लबफुट एक जन्मजात विकृति है जिसमें बच्चे का पैर अंदर की ओर मुड़ जाता है और चलने में कठिनाई होती है। समय रहते इलाज मिलने पर यह स्थिति पूर्ण रूप से सुधर सकती है। सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि आरबीएसके कार्यक्रम के अंतर्गत जन्मजात विकृतियों से ग्रसित बच्चों की शीघ्र पहचान और उपचार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे मामलों में जल्दी उपचार से बच्चे पूरी तरह सामान्य जीवन जी सकते हैं। हमारी टीम हर प्रखंड में स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर जाकर बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर रही है।उन्होंने आगे कहा कि साक्षी और परी जैसी बच्चियां आने वाले समय में स्वस्थ होकर समाज में प्रेरणा बनेंगी।

साक्षी और परी दोनों ही आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से हैं। उनके माता-पिता ने बताया कि वे इलाज को लेकर काफी चिंतित थे, परंतु आरबीएसके टीम ने घर जाकर उन्हें पूरी प्रक्रिया समझाई और निःशुल्क इलाज के लिए भागलपुर भेजने की व्यवस्था की।परी की मां ने कहा, सरकार और डॉक्टरों के इस सहयोग से हमें उम्मीद की किरण दिखी है। अब हमारी बच्ची भी बाकी बच्चों की तरह चल सकेगी।

जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से बताया गया कि आरबीएसके के तहत जिले में चार डीईआईसी टीम सक्रिय हैं, जो शिशुओं और स्कूली बच्चों में जन्मजात विकृतियों, रोगों व विकलांगताओं की जांच कर उनका उपचार सुनिश्चित करती हैं।जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ मुनजिम ने कहा कि किशनगंज जिले में अब तक कई बच्चों का सफल उपचार आरबीएसके के माध्यम से कराया गया है। यह कार्यक्रम बच्चों के स्वस्थ बचपन के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच है। हम हर सप्ताह रिपोर्ट की समीक्षा करते हैं और आवश्यकता अनुसार मरीजों को रेफर करते हैं।

# बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के दौरान आज डाले जाएंगे मत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत राजधानी पटना समेत कई जिलों में आज गुरुवार को मतदान होगा। इसको लेकर जिला प्रशासन और पुलिस महकमे ने पूरी तैयारी कर ली है। मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील और अति-संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जा रहे हैं, जबकि हर बूथ की रियल-टाइम निगरानी के लिए सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे लगाए गए हैं। पटना जिला प्रशासन ने बताया कि मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी बूथों की समीक्षा पूरी कर ली गई है। मतदान दलों को मंगलवार देर शाम ही रवाना कर दिया गया था। प्रत्येक बूथ पर मतदाताओं की सुविधा के लिए बुनियादी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इनमें पीने के पानी, रैंप, शौचालय और बैठने की व्यवस्था जैसी सुविधाएं शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हर मतदान केंद्र पर सुरक्षा के साथ-साथ मतदाताओं को लाइन में खड़े होकर मतदान करने की सुविधा दी जाएगी। मतदान केंद्रों पर भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहेंगे। चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या हिंसक घटना को रोकने के लिए प्रशासन ने विशेष सुरक्षा योजना बनाई है। संवेदनशील और अति-संवेदनशील बूथों पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। इसके अलावा प्रत्येक बूथ पर पुलिसकर्मी और माइक्रो ऑब्जर्वर की निगरानी रहेगी। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे पटना जिले को अलग-अलग जोनों में बांटा गया है। हर जोन का नेतृत्व एक वरीय अधिकारी करेंगे। साथ ही, ड्रोन से हवाई निगरानी की जाएगी ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। मोबाइल फ्लाइंग स्क्वॉड टीमों को भी सक्रिय कर दिया गया है जो चुनावी आचार संहिता के उल्लंघन या पैसे, शराब वितरण जैसी गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाएंगी। प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक भागीदारी करें। अधिकारियों का कहना है कि मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा और मतदाताओं को सलाह दी गई है कि वे समय पर अपने बूथों पर पहुंचे ताकि भीड़ के कारण किसी को असुविधा न हो। प्रशासन ने बताया कि अगर किसी मतदाता का वोटर आईडी कार्ड खो गया है या किसी कारण से घर पर रह गया है, तो वह 12 वैध दस्तावेजों में से किसी एक को



दिखाकर वोट डाल सकता है। ये दस्तावेज चुनाव आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त हैं और पहचान की पुष्टि के लिए पर्याप्त माने जाएंगे। जिनमे मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड, बैंक या डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, श्रम विभाग का स्मार्ट कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र या राज्य सरकार द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र, सांसद, विधायक या विधान परिषद सदस्य का पहचान पत्र, विशिष्ट विकलांगता (यूडीआईडी) पहचान पत्र शामिल है। प्रशासन ने इस बार महिला और दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की है। दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वहीं, कई बूथों को ह्लपिंक बूथह्व के रूप में सजाया गया है, जहां केवल महिला कर्मी तैनात रहेंगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मतदान के दिन किसी भी प्रकार के प्रचार, रैली या नारेबाजी की अनुमति नहीं होगी। मतदान केंद्र से 200 मीटर के दायरे में किसी भी राजनीतिक गतिविधि पर रोक रहेगी। आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर चुनावी प्रचार या मतदाताओं को प्रभावित करने वाले संदेश प्रसारित करने वालों पर भी निगरानी रखी जाएगी।

# पटना के बिहटा मे 20 लाख नगदी, हथियार व शराब के साथ दो गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बुधवार की अहले सुबह एसटीएफ ने गुप्त सूचना के आधार पर बिहटा थाना क्षेत्र के कन्हौली गांव में दो स्थानों पर छापेमारी कर करीब 20 लाख रुपये नकद, एक पिस्टल, एक दोनाली बंदूक, दो देशी कट्टा और दर्जनों जिंदा कारतूस के साथ शराब की कई बोतलें बरामद की। इस दौरान दो आरोपितों इंद्रजीत कुमार और ललित कुमार को




गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार एसटीएफ को सूचना मिली थी कि मनेर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से दोनों आरोपित नकदी और हथियारों की सप्लाई की तैयारी में थे। सूचना के आधार पर टीम ने छापेमारी कर इंद्रजीत कुमार के घर से करीब 7.25 लाख रुपये नगद और हथियार जब्त किए, जबकि ललित कुमार के घर से 12 लाख रुपये, हथियार, कारतूस और शराब की बोतलें मिलीं। पुलिस गिरफ्तार दोनों से पूछताछ कर रही है।

# मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित कर एनडीए प्रत्याशी गोपाल कुमार अग्रवाल के लिए मांगे वोट

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

ठाकुरगंज में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनसभा को संबोधित कर एनडीए प्रत्याशी गोपाल कुमार अग्रवाल के पक्ष में वोट मांगे। उन्होंने प्रसाद यादव के विरुद्ध परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा की राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने जीवनभर परिवारवाद को ही बढ़ावा दिया, उन्होंने पत्नी को मुख्यमंत्री बनाया, बेटा बेटी को ही आगे बढ़ाने का काम किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि 2005 से पहले बिहार में कोई काम नहीं किया, हमलोग जब 2005 के बाद सत्ता में आए तब से हर क्षेत्र में बिना भेदभाव किए विकास किए। एनडीए की सरकार में



सभी तबकों के साथ साथ मुसलमानों के आर्थिक सामाजिक राजनीतिक और शैक्षणिक विकास के लिए बहुत काम किया।

सीएम ने कहा कि 2006 के बाद हमारी सरकार ने मदरसों को सरकारी दर्जा दिया और मदरसा शिक्षकों को सरकारी कर्मचारियों के समान वेतन देने का काम किया है। मुसलमानों की कब्रिस्तानों की घेराबंदी, मदरसाओं की तरक्की समेत, जीविका दीदियों को सहायता, मुफ्त बिजली, पेंशन योजना, मुस्लिम छात्र छात्राओं के लिए अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय और छात्रवास का निर्माण कराया। हमने हिंदुओं के मंदिरों को भी चहारदीवारी से घेरने का काम किया।आदि विकास कार्यों को गिनाते हुए एनडीए को मजबूत करने को लेकर लोगों से की अपील। उन्होंने आगे कहा कि बिजली फ्री की और आज उपभोक्ताओं को बिजली बिल नही देना पड़ता है। हमने सड़क स्वास्थ्य शिक्षा पेयजल सहित तमाम आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में काफी काम किया है जो पूर्व की राजद सरकार ने कभी नहीं किया। बिहार के विकास में केंद्र सरकार काफी मदद कर रही है। नीतीश कुमार ने मंच से हाथ उठाकर जदयू प्रत्याशी गोपाल कुमार अग्रवाल को भारी मतों से जीताने की अपील की साथ ही कोचाधामन से भाजपा प्रत्याशी वीना देवी के पक्ष में भी वोट देने की अपील किया।

वही बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने भी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में एक बार फिर बहुमत से एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी। डॉ जायसवाल ने आगे कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने जो विकास का रफ्तार पकड़ा है उसे एक-एक जनता जान चुकी है। वही कार्यक्रम में बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार जायसवाल, नौशाद आलम,गोपाल कुमार अग्रवाल, वीना देवी सहित कई नेता एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# टेढ़ागाछ- खनियाबाद पंचायत का अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र उद्घाटन के एक वर्ष बाद भी बदहाल, सेवाओं से वंचित ग्रामीण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिले के टेढ़ागाछ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा से सटे खनियाबाद पंचायत के फुलवारी गांव वार्ड संख्या 5 में करोड़ों की लागत से निर्मित अतिरिक्त उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन 1 दिसंबर 2024 को बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने रिमोट के माध्यम से किया था। उद्घाटन को आज एक वर्ष पूरा हो गया, लेकिन अब तक यहां स्वास्थ्य सेवाओं की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।




स्थानीय ग्रामीणों—सीताराम पासवान, सुबोध शर्मा, संकेत शर्मा, गोपी शर्मा, बहादुर ऋषिदेव, गंगा पासवान, नेकी मुर्मू, बबलु हंसदा, चंदन ऋषिदेव, बहादुर पासवान, अशर्फी पासवान, मंगल मुरमुर, शांति देवी, निर्मला देवी, पुष्पा देवी तथा मुखिया प्रतिनिधि शहजाद आलम—ने बताया कि उद्घाटन के बाद से आज तक न तो डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति हुई है और न ही नर्स की तैनाती। यहां तक कि ग्रामीणों को एक साधारण दवा या टैबलेट तक उपलब्ध नहीं हो पाई है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र सरकार की लापरवाही के कारण मात्र शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। मुखिया प्रतिनिधि शहजाद आलम ने कहा कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को डॉक्टर की तैनाती हेतु कई बार आवेदन दिया गया, लेकिन विभागीय स्तर पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। परिणामस्वरूप बीमार ग्रामीणों को मजबूरी में प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टेढ़ागाछ जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही डॉक्टर और नर्स की नियुक्ति कर स्वास्थ्य सेवाओं की शुरूआत नहीं की गई तो आने वाले विधानसभा चुनाव में वे वोट बहिष्कार करेंगे। एक करोड़ की लागत से निर्मित यह नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के बजाय उपेक्षा का शिकार हो गया है। ग्रामीणों ने सरकार और जिला प्रशासन से अविलंब पहल कर केंद्र को चालू करने और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

# नबीनगर विधान सभा सीट पर निर्दलीय बिगाड़ सकते हैं दिग्गजों का भविष्य

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर विधान सभा सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी बिगाड़ सकते है दिग्गजों के भाग्य का फैसला।एक तरफ जदयू उम्मीदवार के विरोध कर रहे जदयू के पूर्व प्रवक्ता और नीतीश कुमार के काफी करीबी रहे नबीनगर के प्रखंड प्रमुख लव सिंह अपने पूरे लाव लश्कर के साथ एनडीए गठबंधन के जदयू उम्मीदवार चेतन आनंद का बाहरी प्रत्याशी बताकर विरोध कर रहे हैं।इनका कहना है कि नबीनगर का बेटा ही विधायक बनेगा ।लव सिंह चेतन आनंद को गंगा पर भेजने की बात कर रहे है तो दूसरी ओर निर्दलीय प्रत्याशी मृत्युंजय यादव पूरे जोर शोर से चुनाव मैदान में डटे हुए है। इनकी उम्मीदवारी से राजद उम्मीदवार आमोद चंद्रबंशी को भारी क्षति है।राजद का मुख्य वोट बैंक माई समीकरण है जहां कहा जाता है कि यादव समुदाय लालू यादव को ही अपना नेता मानती है।मंगलवार को निर्दलीय मृत्युंजय यादव ने नबीनगर में ऐतिहासिक भीड़ इकठ्ठा कर अपनी शक्ति प्रदर्शन किया। निर्दलीय मृत्युंजय यादव और राजद प्रत्याशी दोनो ही लालू यादव को भगवान माना है।वही बहुजन समाज



पार्टी से स्थानीय चिकित्सक डॉक्टर बिनोद कुमार भी पूरे दमखम के साथ मैदान में डटे हुए है और गांव गांव घूमकर अपने लिए जन समर्थन जुटा रहे हैं। डॉ बिनोद भी चंद्रवंशी समाज से आते है और इस क्षेत्र के लिए नए नहीं है।डॉ बिनोद का कहना है कि वे पहचान के मोहताज नहीं हैं पेशे से चिकित्सक रहने की वजह से जाने पहचाने है। उनका कहना है कि चिकित्सक के रूप में सेवा का लाभ इस चुनाव में उन्हें मिल रहा है। ऐसे में नबीनगर विधानसभा सीट पर जदयू के चेतन आनंद,राजद से आमोद चंद्रवंशी और जन सुराज से अर्चना चन्द्र यादव के बीच चुनावी संघर्ष की संभावनाएं है। वैसे जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर के बिहार बदलाव की नारा का असर अर्चना चन्द्र के चुनावी भविष्य पर भी पड़ेगा।अर्चना चन्द्र ने प्रशांत किशोर के बिहार बदलाव यात्रा से ही नबीनगर विधान सभा क्षेत्र में गांव गांव घूमकर जन संपर्क कर अपनी उम्मीदवारी जता दी थी।नबीनगर विधान सभा क्षेत्र में नबीनगर और बारुण प्रखण्ड के मतदाता शामिल है। अर्चना चन्द्र बारुण प्रखण्ड से है और बारुण प्रखण्ड के पूर्व प्रमुख भी रही है।अर्चना एक प्रखर वक्ता भी है साथ ही महिलाओं के बीच महिला होने का लाभ भी अर्चना को मिल रहा है।अर्चना का कहना है कि यदि वो चुनाव जीतती है तो जन सुराज पार्टी क्षेत्र की जनता की आवाज बन कर काम करेगी।अब ऐसे में ये देखना है कि नबीनगर विधान सभा सीट पर चेतन आनंद,आमोद चंद्रवंशी , अर्चना चन्द्र यादव या निर्दलीय में कौन बाजी मारता है।

# पटना में ट्रक ऑटो के टक्कर में महिला सहित तीन की मौत, छह गम्भीर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के सिमरी फोरलेन के ओएस बुधवार की सुबह जहानाबाद से गंगा स्नान के लिए पटना आ रहे श्रद्धालुओं से भरे एक ऑटो को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) में चल रहा है।




जानकारी के अनुसार मृतक और घायल सभी लोग जहानाबाद जिले के रहने वाले थे। वे बुधवार की सुबह गंगा स्नान के लिए पटना जा रहे थे। करीब 22 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद जैसे ही उनका ऑटो सिमरी फोरलेन के पास पहुंचा, सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो पलटकर सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में जा गिरा। टक्कर के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। ऑटो में बैठे लोग बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वाहन उलट जाने के कारण कई लोग फंस गए। स्थानीय लोगों ने किसी तरह सभी यात्रियों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक पुरुष ने पीएमसीएच में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान जहानाबाद निवासी रामनरेश यादव, उनकी पत्नी ललिता देवी और गया जिले के बेलागंज निवासी उषा देवी के रूप में हुई है। तीनों गंगा स्नान के लिए निकले थे और परिवार के अन्य सदस्य भी उनके साथ ऑटो में सवार थे। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद घायलों को तुरंत एंबुलेंस की मदद से पीएमसीएच भेजा गया। डॉक्टरों ने बताया कि घायलों में कई की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों में कुछ बच्चे भी शामिल हैं, जिनका इलाज जारी है। घटना के तुरंत बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है और चालक की तलाश की जा रही है। फिलहाल यह पता लगाया जा रहा है कि ट्रक किस दिशा से आ रहा था और वह किस कंपनी या मालिक के नाम पर रजिस्टर है। पुलिस के अनुसार, हादसा गया-डोभी रोड पर सिमरी फोरलेन के पास हुआ। इस मार्ग पर अक्सर भारी वाहन तेज गति से गुजरते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर पर्याप्त सुरक्षा संकेत और स्पीड ब्रेकर नहीं हैं, जिससे इस तरह के हादसे बार-बार होते रहते हैं। थाना प्रभारी मेनका रानी ने बताया कि हादसे की जानकारी बाइपास जीरो माइल ट्रैफिक थाना को दी गई, जिसके बाद ट्रैफिक पुलिस की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी ने बताया कि ऑटो में 12 से अधिक लोग सवार थे, जो नियमों के खिलाफ है। अधिक लोगों के सवार होने से ऑटो का संतुलन भी बिगड़ सकता है। उन्होंने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषी ट्रक चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कुटुंबा में राहुल गांधी की सभा से राजेश राम के समर्थक में बढ़ी उत्साह

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कुटुंबा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजेश राम के समर्थन में एक बड़ा संदेश दिया। इस सभा के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि बिहार की सरकार नरेंद्र मोदी और



अमित शाह चला रहे हैं।नीतीश कुमार की सरकार शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में कुछ नहीं किया उन्होंने राजेश राम को ईमानदार ,कर्मठ और पार्टी के प्रति समर्पित नेता बताया।उन्होंने मतदाताओं से राजेश राम को वोट देने की अपील किया। राहुल गांधी के इस बयान के बाद कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र में राजेश राम के समर्थन में मतदाताओं की गोलबंदी बढ़ गई है। राजेश राम के प्रति मतदाताओं का झुकाव देखा जा रहा है, जिससे वे हैट्रिक लगाने की उम्मीद कर रहे है।कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सभा के बाद कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी माहौल और भी गर्म हो गया है। राजेश राम के समर्थन में मतदाताओं की बढ़ती गोलबंदी को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि इस बार के चुनाव में राजेश राम अपनी जीत की हैट्रिक पूरी कर पाते हैं या नहीं।

# पटना के पालीगंज में डिस्पैच सेंटर से मतदानकर्मी रवाना

## कड़ी शुरक्षा के बीच होगी मतदान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बुधवार की शाम जिला अंतर्गत पालीगंज विधानसभा के खिरिमोड स्थित डिस्पैच सेंटर से मतदानकमीर्यों ने ईवीएम के साथ पुलिस तथा पैरामिलिट्री फोर्स के साथ अपने अपने मतदान केंद्रों की ओर रवाना हो गया।



जहां आज गुरुवार की सुबह 7 बजे से मतदान की शुरूआत होगी जो संध्या 6 बजे समाप्त हो जाएगी।

जानकारी के अनुसार पटना जिला अंतर्गत पालीगंज विधानसभा चुनाव को लेकर खिरिमोड आईटीआई परिसर में डिस्पैच सेंटर तथा स्ट्रांग रूम बनाया गया। जहां बुधवार को पूरे दिन मतदानकमीर्यों तथा पारा मिलिट्री फोर्स सहित बिहार पुलिस के जवानों की भीड़ जुटी रही। जहां से संध्या तीन बजे से सभी कर्मियों ने ईवीएम रिसीव कर क्षुरक्षाबलो के साथ अपने अपने मतदान केंद्रों की ओर रवाना हो गए। साथ ही मतदान कर्मियों के साथ भारी संख्या में क्षुरक्षाबलो के जवानों को देख लोगो के बीच एक उत्साह देखने को मिली। इलाके के सभी मतदाता निर्भीक दिखाई पड़ने लगे है। पदाधिकारियों का कहना है कि पूर्ण शुरक्षा के बीच मतदान कराई जाएगी। प्रशासन ने मतदाताओं से अपील किया है कि सभी मतदाता निर्भीक होकर अपने मतदान केंद्र पर जाएं तथा अपनी मत का प्रयोग करें। बिहार विधान सभा चुनाव के पहले चरण में गुरुवार की सुबह 7 बजे से संध्या 6 बजे तक मतदान कराई जाएगी।

# सोन नदी नाव हादसे में 26 दिन बाद छठा और अंतिम शव बरामद

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) सोन नदी नाव हादसे में छठा और अंतिम शव 26 दिन बाद बरामद हुआ है। मृतका सुरेंद्र चौरसिया की 20 वर्षीय पुत्री मंजू कुमारी का शव महुआव के समीप सोन नदी क्षेत्र से बरामद किया गया है। ग्रामीणों



की सूचना पर बड़ेम थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए भेज दिया है।

गौरतलब है कि बड़ेम थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव के समीप 10 अक्टूबर को हुए नाव हादसे में छह महिलाएं डूब गई थीं। नाव पर सवार होकर ये महिलाएं आलू की खेती करने के लिए जा रही थीं, तभी नदी के बीच में नाव पलट गई। इस हादसे में अब तक पांच महिलाओं का शव बरामद किया जा चुका था, और अब अंतिम शव के मिलने से पीड़ित परिवारों को थोड़ी राहत मिली है।

# नशे की चपेट में युवा भविष्य

## खुले आम बिकते है गांजा व अन्य नशीला पदार्थ।

**राहुल कुमार गुप्ता,संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण**

विष्णुगढ़। प्रखंड के कई गांव की युवा पीढ़ी तेजी से नशे की चपेट मे आ रही है। 12 से 30 साल के युवा तेजी से नशे की चपेट में आ रही है।युवा वर्ग गांजा व अन्य नशीला पदार्थ का सेवन कर अपना भविष्य चौपट कर रहे है।ऐसे युवाओं की मानसिक स्थिति बिगड़ती जा रही है।बुधवार की सुबह बगोदर मार्ग स्थित फॉरेस्ट चेकनाका के पास ग्रामीणों ने दो किशोर युवाओं को गंजे के साथ पकड़ा।पूछने पर युवाओं ने बताया पास के ही दुकान से ही गंजे की खरीदारी की।जिसके बाद ग्रामीणों ने हिदायत देकर युवाओं को छोड़ा।वर्तमान में सात मिल क्षेत्र समेत प्रखंड के कई क्षेत्रों खुलेआम गांजा की बिक्री की जा रही है।जिससे सबसे ज्यादा रमुआ,भेलवारा,बेड़ा हरियारा,चेडरा,विष्णुगढ़, कुसुंभा समेत आस-पास क्षेत्र के युवा नशे की गिरफ्त में हैं।बताते है फॉरेस्ट चेकनाका के समीप दुकानों पर सुबह से रात्रि तक गांजे की बिक्री खुलेआम जारी है।



# भूगोल विभाग द्वारा पांचेत एवं मैथन डैम का शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़।टेकलाल महतो डिग्री महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान एवं स्थल अध्ययन के उद्देश्य से एक दिवसीय भौगोलिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में स्नातक सेमेस्टर- छह के



विद्यार्थियों ने सहभागिता की।भ्रमण का प्रमुख गंतव्य पांचेत एवं मैथन डैम (डीवीसी प्रोजेक्ट) रहा।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने डैम निर्माण की भौगोलिक पृष्ठभूमि, जल विद्युत उत्पादन की प्रक्रिया, बांध क्षेत्र की भूमि उपयोग संरचना, तथा पर्यटन एवं पर्यावरणीय प्रभावों का स्थल निरीक्षण किया। विद्यार्थियों ने स्थल पर भू-आकृतिक विशेषताओं एवं जल संसाधन प्रबंधन से संबंधित व्यावहारिक जानकारियाँ प्राप्त कीं।

इस शैक्षणिक भ्रमण में सहायक प्राध्यापक (भूगोल) ललित कुमार, सहायक प्राध्यापक (हिंदी) जयनंदन कुमार महतो, सहायक प्राध्यापक (इतिहास) सुमति कुमारी, सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) सुशील कुमारी, सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) किशन राज, तथा सहायक प्राध्यापक पवन प्रताप सिंह आदि ने सक्रिय सहयोग किया।

कार्यक्रम का मार्गदर्शन महाविद्यालय के प्राचार्य श्री राम चंद्र राम द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे शैक्षणिक भ्रमणों के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने और ज्ञान को व्यवहार से जोड़ने की प्रेरणा दी।

भ्रमण का समापन शाम को सफलता एवं उत्साहपूर्वक हुआ।

# पदमा के अविनाश बने चार्टर्ड अकाउंटेंट, अब स्थानीय व्यापारियों को देंगे नई दिशा

**पंकज कुमार पाठक,संवाददाता पदमा, दैनिक समाज जागरण**

पदमा-हजारीबाग जिले के पदमा प्रखंड के रोमी पंचायत निवासी पीरु प्रसाद के पुत्र अविनाश कुमार ने चार्टर्ड एकाउंटेंट (उअ) बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रोमी गांव से निकलकर अपनी मेहनत और लगन के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। हाल ही में अविनाश ने अपने पहले कार्यालय का शुभारंभ भी किया है।

खास बात यह है कि अविनाश ने लाखों रुपये की नौकरी छोड़कर झारखंड में ही अपना करियर बनाने का निर्णय लिया। उनका मानना है कि अब भी ग्रामीण और छोटे शहरों के व्यापारी टैक्स, जीएसटी और अकाउंटिंग से जुड़ी जटिलताओं से जूझ रहे हैं। पेशेवर मार्गदर्शन के अभाव में कई बार उनका व्यवसाय



सही दिशा नहीं ले पाता।

अविनाश का उद्देश्य है कि वे स्थानीय व्यवसायियों को सही आर्थिक सलाह देकर उनके व्यापार को सशक्त बनाएं और व्यापार जगत तथा सरकार के बीच एक मजबूत समन्वय स्थापित करें। उन्होंने कहा कि यदि गांव और छोटे शहरों के युवा अपने क्षेत्र में रहकर काम करें, तो स्थानीय विकास को नई गति मिल सकती है।

# प्रवासी मजदूर अनिल का शव पैतृक गाँव भरखर पहुचते ही मचा कोहराम, गांव में छाया मातम।

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता – समाज जागरण**

बेरमो/ डुमरी : डुमरी विधानसभा के डुमरी थाना क्षेत्र के भरखर निवाशी पोखी महतो के पुत्र अनिल महतो (33) का शव मुंबई से जैसे ही पैतृक आवास भरखर गांव पहुँचा तो परिजनों के हृदय विदारक चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। मृतक अनिल महतो का शव जैसे ही उनके घर पहुंचा तो ह्लक्या बूढ़े, क्या नौजवान एका-एक उसके घर के तरफ दौड़ पड़े। अनिल की पत्नी प्रमिला देवी और उनके माता, पिता का रोते-रोते बुरा हाल हो चुका हैं। वे लगातार अचेत हो जा रही हैं। जिनको आस-पास के महिलाओं द्वारा सम्भाला जा रहा हैं, लेकिन उनकी पत्नी प्रमिला देवी पति खोने के गम में वह किसी की नही सुन रही हैं, उनके एक ही शब्द सभी को रुला दे रहे हैं कि हम केकर बिगाडले रहनी हा,अब हमनी के केकरा सहारे रहब। उसकी पत्नी और माँ की यह कह कर दहाड़ मार रही थी। पत्नी, पुत्र, पुत्री और माँ, पिता की बिलाप सुन कर उपस्थित लोग भी अपने-अपने आंसू को नही रोक पाए, मिली जानकारी के मुताबिक अनिल महतो की तबीयत अचानक 02 नवम्बर को बिगड़ गयी। जिससे नजदीकी अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहा



चिकितस्को ने मृत घोषित कर दिया। जिनका मोसमार्डम 03 नवम्बर को किया गया। और 4 नवम्बर को मुम्बई से रांची फ्लाईट से शव को घर भेजा गया। मृतक अपने पीछे पत्नी प्रमिला देवी , बेटी लक्ष्मी कुमारी (10), बेटा अनुज कुमार (03) सहित पिता और माँ छोड़ गया। मृतक का परिवार बेहद गरीब है। अनिल महतो के मौत की खबर सुनकर आदर्श श्रमिक एकता समाजिक संस्था के सदस्यों तथा अन्य प्रवासी मजदूर इकट्ठा हुए और इस घटना को मुआवजा दिलाने के लिए सभी लोग एक साथ मृतक के मालिक से मिले और आपसी सहमति से मालिक की तरफ से टोटल 4,20000 /- (चार लाख बीस हजार) मुवाजे देने की बात बनी। जिसमे 1,20000/- (एक लाख बिस हजार) श्रद्धांक्रम और 3,00000 (तीन लाख) बच्चे के नाम पर फिक्स व पांच महीने तक 5,000/- (पांच हजार) रुपए देने पर सहमती बनी है । वही प्रवासी मजदूरों के हितार्थ मे कार्य कर रहे सह समाजसेवी भुनेश्वर कुमार महातो ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि झारखंड के प्रवासी मजदूरों का मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है. इससे पहले भी कई प्रवासी मजदूरों की मौतें देश एवं विदेशों में हो चुकी है. प्रवासी मजदूरों के साथ किसी तरह का हादसा व किसी तरह का समस्या आती है, तो झारखंड के विधायक, सांसद व मंत्री किसी तरह की मदद नहीं करते हैं. मदद के नाम पर सिर्फ आश्वासन दिया जाता है। वही आदर्श श्रमिक एकता समाजिक संस्था के संस्थापक हेमंत कुमार महतो, प्रमोद महतो ,राजू पटेल ,परमेश्वर महतो, कालेश्वर महतो ,रूपलाल महतो ,अनिल कुमार महतो ,महेंद्र महतो , जगलाल महतो , जगदीश महतो इत्यादि कई मजदूरों ने मुवाजे दिलाने व शं को गाँव भेजने में पहल किया है।

# अजय प्रजापति बने कांग्रेस ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष, कांग्रेस कार्यकताओं ने दी बधाई

**संवाददाता समाज जागरण हजारीबाग।**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ओबीसी विभाग ने हजारीबाग जिले में संगठन को सशक्त करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अजय प्रजापति को हजारीबाग जिला कांग्रेस कमिटी ओबीसी विभाग का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन अभिलाष साहू ने पत्र जारी करते हुए कहा कि आपके कांग्रेस पार्टी के प्रति आस्था और समर्पण को देखते हुए आपको यह जिम्मेदारी दी जा रही है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आप निष्ठा, कर्मठता और सक्रियता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि अजय प्रजापति कांग्रेस की नीतियों और सिद्धांतों को आम जनता तक पहुंचाने के साथ-साथ पार्टी के शीर्ष नेतृत्व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष



मल्लिकार्जुन खड़गे, ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. अनिल जयहिंद और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के हाथों को मजबूत करेंगे। साथ ही वे पिछड़ा वर्ग के उत्थान और संगठन की मजबूती में अहम भूमिका निभाएंगे। अजय प्रजापति की नियुक्ति पर जिले भर में हर्ष की लहर देखी जा रही है। उन्हें बधाई देने वालों में साजिद अली खान, आधार प्रकाश कुमार, सुरजीत नगवाल, शैलेंद्र यादव, मनोज नारायण भगत, संजय तिवारी, परवेज अहमद, दिलीप कुमार, रवि विजय सिंह, सद्गुरु संतोष कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, राजू मेहता, धनंजय मेहता, मनोज सिंह, परमेश्वर यादव, रविंद्र कुमार, कैलाश यादव, दीपक कुमार, नरेश राम, कन्हाई राम, गोविंद राम, गुड्डू सिंह (नगर अध्यक्ष), परवेज, रामकुमार पटेल, संतोष सिंह, धीरज सिंह, लाल बिहारी सिंह (सचिव), मोहन सिंह, अवधेश सिंह, मनोज मोदी, असगर अली, नरसिंह प्रजापति, सरजू यादव, मुकेश पासवान, रोहन राम सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हैं। सभी ने अजय प्रजापति को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में हजारीबाग जिले में कांग्रेस ओबीसी विभाग नई ऊर्जा के साथ सक्रिय भूमिका निभाएगा।

# जीप सदस्य प्रतिनिधि सह आजसू नेता को फोन पर मिली जान से मारने की धमकी।

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता – समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : बोकारो जिला के बेरमो अनुमण्डल स्थित नावाडीह प्रखण्ड के ऊपरघाट जिला परिषद सदस्य के प्रतिनिधि टिकैत कुमार महतो को बीते रात किसी अज्ञात नंबर (+918294455775 ) से कॉल आया और जान से मार देने की धमकी दी है। इसकी जानकारी सदस्य प्रतिनिधि ने खुद अपने सोशल साइट्स के एकाउंट से शेयर कर बताया है। जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों मे



काफी आक्रोश है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र आते ही थाना मे लिखित आवेदन सोप कर आगे की कार्यवाई की माँग की जाएगी। वही जीप सदस्य प्रतिनिधि कुमारी खुशबू महतो ने संवाददाता से बात करके बताया कि हमारे प्रतिनिधि को अगर किसी भी तरह से कुछ खरोच भी आया तो धमकी देने वाला और उनके समर्थको को ऐसा हाल करूँगी जो कभी सोचा भी नही होगा। बता दे की जीप सदस्य के प्रतिनिधि सह आजसू नेता टिकैत कुमार महतो फिलहाल घाटशीला के उपचुनाव मे प्रचार प्रसार मे व्यस्त हैं। पार्टी ने उन्हें घाटशीला के स्टार प्रचारक बनाया है।

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गडवाल में गिरी, कार में सवार लोग बाल-बाल बचे।

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता – समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र नावाडीह प्रखण्ड के ऊपरघाट स्थित पेंक - नारायणपुर थाना क्षेत्र के पेंक पंचायत स्थित धवाइयाँ में मंगलवार की देर रात 09:00 बजे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गडवाल में जा गिरी। जिसमे सवार लोग बाल-बाल बचे। मिली जानकारी के मुताबिक कार बुडगड़ा की बताई जा रही है। स्थानीय ग्रामीणो ने ठीकेदार पर गंभीर आरोप लगाया है की ठीकेदार की लापरवाही से इस तरह की दुर्घटना लगातार दिनों दिन



हो रही हैं। वही घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने 12 घंटे बाद घटना स्थल पर गढ़वाल में उत्तर कर रेस्क्यू अभियान चलाया। कार मे एयरबेग की वजह से सवार लोगों को किसी तरह से कोई खरोच नही आयी है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने जमशेदपुर के नदी घाटों पर स्नान कर जल चढ़ाया और सुख, समृद्धि व शांति की कामना की

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ,कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 05 नवंबर 2025: जमशेपदुर में कार्तिक पूर्णिमा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, जिसके चलते शहर के दोमुखानी समेत विभिन्न नदी घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही, जहां उन्होंने डुबकी लगाई और स्नान कर भगवान सूर्य को जल चढ़ाकर परिवार की सुख, समृद्धि व शांति की कामना की। साथ ही गरीबों में दान-पुण्य की परंपरा भी निभाई गई। कहा जाता है कि सनातन धर्म में पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व है। यह तिथि भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को समर्पित



है। इस दिन श्री हरि की पूजा करने से भक्त को जीवन में आशीर्वाद मिलता है।

सभी सुखों की प्राप्ति होती है। साथ ही हर मनोकामना पूरी होती है। इस दिन गंगा स्नान के बाद अन्न, धन आदि दान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, कार्तिक मास की पूर्णिमा के दिन सभी देवी-देवता पृथ्वी पर आते हैं और गंगा तट पर दिवाली मनाते हैं, इसलिए इसे देव दिवाली भी कहा जाता है। इसके अलावा, यह भी मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का वध किया था, जिसके कारण इसे त्रिपुरारी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है।

# बोकारो के लुगूबुरु महोत्सव में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का भावुक संबोधन - कहा यह परंपरा हमारी पहचान है

**भुनेश्वर कुमार महातो ,संवाददाता – समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र गोमिया प्रखंड स्थित ललपनिया में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय लुगूबुरु घांटाबाड़ी धोरोम गाढ़ राजकीय महोत्सव- 2025 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन। पुनाय थान में पारंपरिक विधि-विधान से लुगूबुरु बाबा की पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख- समृद्धि, खुशहाली एवं शांति की मुख्यमंत्री ने की कामना। मुख्यमंत्री ने यहां भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि।



**हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री**

यह सिर्फ एक महोत्सव नहीं है बल्कि अपनी परंपरा और संस्कृति के प्रति हमारी अटूट आस्था श्रद्धा और भक्ति का परिचायक है। हमें अपनी परंपरा एवं संस्कृति को संरक्षित रखते हुए इसे और मजबूती प्रदान करना है ताकि आने वाली पीढ़ी इससे अवगत रहे और अपनी इन परंपराओं को और आगे ले जाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड स्थित ललपनिया में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय लुगूबुरु, घांटाबाड़ी, धोरोम गाढ़ राजकीय महोत्सव-2025 के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपनी परंपरा और संस्कृति को जितनी अच्छी तरह समझेंगे , उतना ही बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं।

**यहां आने वाले तमाम श्रद्धालुओं का आभार प्रकट करता हूं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि लुगू बुरु विशेष रूप से संताल समाज के लिए एक ऐसा पवित्र स्थल है , जहां हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले लुगूबुरु, घांटाबाड़ी धोरोम गाढ़ राजकीय महोत्सव में झारखंड के अलावा देश के अन्य प्रदेशों तथा विदेशों से भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं। वे यहां लुगू बाबा का दर्शन और पारंपरिक विधि- विधान से पूजा- अर्चना कर खुशहाली की कामना करते हैं। यह परंपरा यहां वर्षों से चली आ रही है। इस वर्ष भी तीन दिनों के इस राजकीय महोत्सव में यहां आये सभी श्रद्धालुओं का मैं आभार जताता हूं। यह महोत्सव आगे और भी भव्यता और समृद्ध हो, लुगू बाबा के दरबार में हम यही आराधना करते हैं।

**हमारे पूर्वजों ने जो व्यवस्था बनाई है, उसका पालन करते आ रहे हैं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि लुगूबुरु संताल समुदाय का एक ऐसा गढ़ है, जहां हमारे पूर्वजों ने एक ऐसी व्यवस्था बनाई है, जिसका पालन हम हमेशा से करते आ रहे हैं। संताल समाज को बेहतर एवं व्यवस्थित बनाने में हम अपने पूर्वजों के योगदान को कभी भूल नहीं सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अबुआ समाज, संस्कृति, परंपरा और रीति- रिवाज को समृद्ध तथा आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार सदैव से गंभीर रही है।

**यहां की व्यवस्था को कर रहे हैं बेहतर, श्रद्धालुओं को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिले**

मुख्यमंत्री ने कहा कि लुगूबुरु, घांटाबाड़ी हमारे लिए असीम आस्था का केंद्र है। हर वर्ष यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं और लुगू बाबा के दर्शन करते हैं। ऐसे में देश - विदेश से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को ज्यादा से ज्यादा सुविधा और सहूलियत देने के लिए यहां की व्यवस्था को बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है। यह तीर्थ स्थल विश्व के मानचित्र में एक अलग पहचान बनाने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है।

**दिशोम गुरु के बताये राह पर आगे बढ़ाना है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन शुरू से ही लुगूबुरु, घांटाबाड़ी के प्रति उनकी असीम आस्था थी। वे हमेशा लुगू बाबा के दरबार में आते थे । लुगूबुरु के प्रति उनकी जो सोच थी। उनका जो मार्गदर्शन मिला था, उसे हम सभी मिलकर आगे बढ़ाएं, ताकि यह धरोहर हमारे भावी पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा का काम हमेशा करता रहे।

पर्यावरण को बचाने की आज सबसे ज्यादा जरूरत है

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज हमेशा से ही प्रकृति को सुरक्षित और संरक्षित करता आ रहा है। लेकिन, आज विकास की होड़ में जल- जंगल और जमीन खत्म होते जा रहे हैं। यह प्रकृति के लिए बहुत बड़ा खतरा है । अगर पर्यावरण संरक्षण की खातिर आगे नहीं बढ़ेंगे तो इसके खतरनाक परिणाम भुगतान को तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह भगवान बिरसा मुंडा और सिदो- कान्हू जैसे हमारे पूर्वजों ने जल -जंगल और जमीन की खातिर हमेशा संघर्ष करते रहे, उसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में पर्यावरण को बचाने के लिए सामाजिक कानून को बनाकर उसका पालन करने की जरूरत पर जोर दिया।

अलग-अलग धर्म के लोग रहते हैं, लेकिन सभी एक- दूसरे से जुड़े है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में अलग-अलग धर्म और संप्रदाय के लोग रहते हैं, लेकिन सभी एक-दूसरे से जुड़े हैं और एक -दूसरे की परंपराओं और रीति -रिवाजों का सम्मान तथा आदर करते हैं। विभिन्न धर्मो के प्रति हमारी यह सोच हमें विशेष बनाती है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि धर्म किसी एक व्यक्ति से नहीं बढ़ता है । धर्म से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को मिल- जुलकर बनाते हैं और उसका पालन करते हैं। धर्म से हमें सामाजिक ताकत मिलती है।

**लुगूबुरु में दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी की स्थापित होगी प्रतिमा**

दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी की प्रतिमा लुगूबुरु में स्थापित की जाएगी। इस बाबत मुख्यमंत्री ने टेराकोटा शैली में निर्मित स्मृति शेष शिबू सोरेन जी की प्रतिमूर्ति लुगुबुरू घांटाबाड़ी धोरोम गाढ़ राजकीय महोत्सव आयोजन समिति को सौंपी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन अपनी धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन संग लुगुबुरू घांटाबाड़ी धोरोम गाढ़ पुनाय थान में पारंपरिक विधि -विधान के साथ लुगूबुरु बाबा की पूजा -अर्चना कर राज्य की सुख- समृद्धि, खुशहाली एवं शांति की कामना की। इसके साथ उन्होंने यहां भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मंत्री चमरा लिंडा, मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक उमाकांत रजक, जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी, पुलिस महानिरीक्षक, कोयला प्रक्षेत्र सुनील भास्कर, क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक आर. टी. पंडियान, टीटीपीएस के महाप्रबंधक अनिल कुमार शर्मा, बोकारो जिला के उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, लुगुबुरू घांटाबाड़ी धोरोम गाढ़ राजकीय महोत्सव- 2025 आयोजन समिति के अध्यक्ष बबुली सोरेन, सचिव श्री लोबिन मुर्मू एवं अन्य सदस्यगण तथा हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# लालू यादव के शासन में 60 से अधिक जातीय नरसंहार और 30 हजार से अधिक अपहरण हुए: योगी

गया, 5 नवंबर: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2005 के पहले बिहार में अपराध, जातीय संघर्ष, माओवाद, नक्सलवाद था। यूपी-बिहार के नाम पर देश-दुनिया में सम्मान नहीं मिलता था। बिहार में लालू प्रसाद यादव के शासन में 60 से अधिक जातीय नरसंहार, 30 हजार से अधिक अपहरण हुए। व्यापारी, डॉक्टर, इंजीनियर, संभ्रांत व्यक्ति सुरक्षित नहीं थे। बिहार के 30-40 फीसदी लोगों की आबादी गोरखपुर व वाराणसी में है, क्योंकि उस समय जंगलराज था, लेकिन नीतीश बाबू के नेतृत्व में 20 वर्ष में सुशासन की सुदृढ़ नींव रखी गई। बिहार में रोड, रेल, एयर कनेक्टिविटी के साथ अब वाटरवे की कनेक्टिविटी बिहार से होते हुए यूपी को जोड़ रही है। किसानों के उत्पाद हों या बिहार का मखाना, जल मार्ग से दुनिया के बाजारों में पहुंचाया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश में तमाम व्यस्तताओं के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को भी बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार करने पहुंचे। उन्होंने पहली रैली वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक व भाजपा प्रत्याशी बीरेंद्र सिंह के पक्ष में की। सीएम ने यहां भाजपा के विकास कार्यों को गिनाया तो राजद-कांग्रेस गठबंधन पर करारा प्रहार भी किया। सीएम ने गया को ज्ञान, मुक्ति व अध्यात्म की धरा बताते हुए यहां की ऐतिहासिकता पर प्रकाश डाला। बोले कि गया की धरती बहुत पवित्र है, सनातन धर्म की परंपरा है कि स्वर्ग लोक के पितर भी इसी धरती पर आकर तृप्त होते हैं।

**राजद व कांग्रेस वाले हिंदुओं को नकार देंगे, इसलिए हमें भी इन्हें नकार देना चाहिए**

सीएम योगी ने कहा कि हर सच्चा भारतीय राम को पूर्वज मानता है। कांग्रेस, सपा व राजद जब राम मंदिर का विरोध कर रही थी तब भी रामभक्त नारा लगाते थे कि रामलला हम आएंगे, लाठी-गोली खाएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस ने कहा था कि राम हुए ही नहीं, जैसे लगता है कि कांग्रेस का ही खानदान पैदा हुआ है, बाकी हुए ही नहीं। यह लोग राम-कृष्ण, विष्णु को नकारने लगते हैं। यह हिंदुओं को नकार देंगे, इसलिए हमें भी इन्हें नकार देना चाहिए। राजद ने राम मंदिर के रथ रोक दिया था। सपा ने रामभक्तों पर गोली चलाकर अयोध्या को लहुलूहान कर दिया। यूपी में भाजपा सरकार बनने के बाद हमने संकल्प पूरा किया। अयोध्या में भव्य राम मंदिर और काशी में काशी विश्वनाथ धाम का निर्माण का निर्माण हो गया। मथुरा-वृंदावन में कार्य कर रहे हैं। हर तीर्थ को सजा रहे हैं, जबकि सपा के लोग हमारे पैसे को कब्रिस्तान की बाउंड्री के लिए देते थे। हमने कहा कि यह पैसा मंदिरों-तीर्थों के सुंदरीकरण, हिंदू श्रद्धालुओं की सुविधा और गरीब हित में खर्च होगा।

**पहले पशुओं का चारा खाया, अब आए तो गरीबों का राशन खा जाएंगे**

सीएम योगी ने कहा कि बिहार में आज एनआईटी, आईआईएम, एम्स, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज आदि की लंबी श्रृंखला है। बिहार का नौजवान दुनिया में फिर से अपनी मेधा की छाप छोड़ रहा है और बिहार के विकास में भी योगदान दे रहा है। 11 वर्ष में मोदी जी ने विकास व विरासत का सम्मान किया है। सीएम ने केंद्र सरकार की विकास योजनाओं को भी गिनाया। बोले कि कांग्रेस व राजद झूठे वायदे कर रहे हैं। पहले यह पशुओं का चारा खाए, अब अवसर दिया तो गरीबों का राशन खा जाएंगे। सीएम ने अपील की कि कांग्रेस-राजद की घोषणा पर विश्वास न करना, क्योंकि जो राम का नहीं, वह हमारे किसी काम का नहीं। जो रामद्रोही है, वह हमारा भी विरोधी है। रामद्रोही रामराज्य नहीं ला सकता, वह जंगलराज ही लाएगा।

# 'पांच पांडवों' ने लिया है संकल्प, बिहार में फिर जंगलराज नहीं आने देना है: योगी

सासाराम, 5 नवंबर: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नीतीश कुमार, उपेंद्र कुशवाहा, जीतनराम मांझी और चिराग पासवान को पांडव की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि 1990 से 2005 के बीच राजद ने बिहार में जंगलराज लाया था, लेकिन पीएम मोदी व नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार का विकास कर रही है। देश का उत्थान करते हुए भारत को वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित किया जा रहा है। पांच पांडव (मोदी, नीतीश कुमार, उपेंद्र कुशवाहा, जीतनराम मांझी और चिराग पासवान) के नेतृत्व में मजबूत गठबंधन एनडीए के रूप में संकल्प लेकर बढ़ा है कि बिहार में फिर से जंगलराज नहीं आने देना है। सीएम ने बिहार वासियों से अपील की कि जंगलराज के खिलाफ सुशासन की सुदृढ़ नींव पर मजबूत व समृद्ध बिहार के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना है।

उत्तर प्रदेश की व्यस्तताओं के बीच बुधवार को भी बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार किया। दूसरी रैली में सासाराम विधानसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार स्नेहलता कुशवाहा के पक्ष में रैली की।सीएम ने यहां भी राजद-कांग्रेस गठबंधन पर करारा प्रहार भी किया। उन्होंने कार्तिक पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं।

**योगी का तंज- ठगी की दुकान खोलकर चुनाव के बहाने आपके बीच आए हैं महागठबंधन वाले**

सीएम ने वाराणसी के देव दीपावली का जिक्र करते हुए मिट्टी से बनने वाले दीप से प्रजापति समाज को लाभ होगा। इसमें लगे तेल का पैसा किसानों के पास जाएगा। पुजारी, माली, कुम्हार समेत हर व्यक्ति इससे जुड़कर आस्था का सम्मान व रोजगार का सृजन कर रहा है। सीएम योगी ने मां जानकी के साथ ही बिहार के अनेक महापुरुषों का भी स्मरण किया। सीएम ने कहा कि बिहार की तरह सासाराम व रोहतास जनपद का भी गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन कांग्रेस व राजद ने नागरिकों के सामने पहचान, बहन-बेटियों, व्यापारियों व उद्यमियों के सामने सुरक्षा का संकट खड़ा किया था तो किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया। आज जो लोग घोषणाएं कर रहे हैं, वह लोग महागठबंधन बनाकर ठगी की दुकान खोलकर चुनाव के बहाने आपके बीच आए हैं, इन्हें फिर से नहीं आने देना है।

**सीएम ने दिलाया विश्वास- वाराणसी में हुई घटना की कर रहे जांच, दोषियों पर करेंगे कड़ी कार्रवाई**

सीएम योगी ने कहा कि साल भर पहले यहां की बेटी परीक्षा की तैयारी की कोचिंग के लिए वाराणसी गई थी। उसके साथ दुखद घटना हुई, हम उसकी जांच कर रहे हैं। एसआईटी गठित करेंगे और दोषियों को सख्त सजा देंगे। बेटी की सुरक्षा व सम्मान होगा। बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का यमराज के घर का टिकट कटवा देंगे।

बिहार को भी त्रस्त करने वाले माफिया के आतंक को समाप्त किया और उसकी हवेली को धराशायी कराया

# जहरीली होती हवा से गहराता सांसों का संकट

दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में अभी दीपावली आने में कुछ दिन है, उससे पहले ही जहरीली हवा एवं वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनने लगा हैं और जहरीली होती हवा सांसों पर भारी पड़ने लगी है। एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी एक्यूआइ बहुत खराब की श्रेणी में पहुंच चुका है। दिल्ली में औसत एक्यूआइ 293 पहुंच गया है। दिल्ली के अनेक क्षेत्रों में यह अभी से 300 पार जा चुका है। अतीत का अनुभव बताता है कि आने वाले दिनों में यह और बढ़ेगा। बढ़ते वायु प्रदूषण से जनता की सांसों पर गहराते संकट के समाधान के लिए सरकार के पास विभिन्न चरणों में लगाए जाने वाले प्रतिबंधों के अलावा कोई योजना नजर नहीं आती। दिल्ली सरकार जो भी तर्क दें, पर हकीकत यही है कि लोगों का दम घुटेगा, बच्चों एवं बुजुर्गों के सामने बड़ा संकट खड़ा होगा, अगर दिल्ली सरकार सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर नहीं हैं, वह गंभीर होती तो पहले से कोई ठोस योजना बनाती। दिल्ली के वायु प्रदूषण एवं हवा के जहरीले होने में पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा जलाई जाने वाली पराली का बड़ा योगदान बताया जाता है। उससे निपटने के प्रयासों के दावे भी राज्य सरकारों द्वारा किए जाते हैं पर वांछित परिणाम नजर नहीं आते। वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए बना आयोग भी जिम्मेदारी के निर्वाह में नाकाम नजर आता है।प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही दिल्ली को कोई समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती। सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? वैसे प्रदूषण कम करने और दिल्ली सहित देश के अन्य महानगरों-नगरों को रहने लायक बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है, बल्कि हम सबकी है। हालांकि लोगों को सिर्फ एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है, एंटीडस्ट अभियान भी निरन्तर चलाया जाना चाहिए। लोगों को खुद भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी। लोगों को खुली जगह में कूड़ा नहीं फैंकना चाहिए और न ही उसे जलाया जाए। वाहनों का प्रदूषण लेवल चैक करना चाहिए। कोशिश करें कि हम निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें। प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता। सुप्रीम कोर्ट राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर कठोर टिप्पणियां करने के साथ सरकार को कठोर एवं प्रभावी कदम उठाने के लिये जागरूक करती रही है। हाल ही सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने से रोकने में पंजाब सरकार की नाकामी पर सख्त टिप्पणी भी की। पंजाब और दिल्ली, दोनों ही राज्यों में आम आदमी पार्टी की सरकारें हैं, इसलिए यह आप और भाजपा के बीच राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप का मुद्दा भी बनता रहता है। ध्यान रहे कि पंजाब और दिल्ली के बीच स्थित राज्य हरियाणा में भाजपा की सरकार है। उत्तर प्रदेश में भी भाजपा सरकार है, जिसके पश्चिमी क्षेत्र के किसानों पर पराली जलाने का आरोप लगता रहता है। आम आदमी की सेहत ही नहीं, जीवन से भी जुड़े इस जानलेवा मुद्दे पर राजनीति नहीं, बल्कि ठोस समाधान की राह निकलनी चाहिए। हमारे राजनीति दल संवेदनहीन नहीं बल्कि संवेदनशील बने। दीपावली पर आतिशबाजी न हो, इसके लिये व्यापक प्रयत्न किये जाये। क्योंकि पटाखे जलाने से न केवल बुजुर्गों बल्कि बच्चों के जीवन पर खतरनाक प्रभाव पड़ने और अनेक रोगों के पनपने की संभावनाएं हैं। आम जनता की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाली पटाखे जलाने की भौतिकतावादी मानसिकता को विराम देना जरूरी है। प्रदूषण मुक्त पर्यावरण की वैश्विक अभिधारणा को मूर्त रूप देने के लिये इको फ्रेंडली दीपावली मनाने की दिशा में पिछले कुछ सालों में कई पायदान हम ऊपर चढ़े हैं, एक सकारात्मक वातावरण बना। लेकिन पटाखों से ज्यादा खतरनाक हैं पराली का प्रदूषण। पराली आज एक राजनीतिक प्रदूषण बन चुका है। तमाम बंदीशों एवं चेतावनियों के दीपावली की रात आतिशबाजी जमकर होती है, इसके कारण पिछले साल अगले दिन वायु प्रदूषण 999 के बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया था। यह आम आदमी की सेहत, खासकर बुजुर्गों और बच्चों के लिए कितना खतरनाक साबित हो सकता है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि 401 से 500 तक के एक्यूआइ को ही 'गंभीर' एवं खतरनाक माना जाता है। वायु प्रदूषण से जुड़े आंकडे हमें बार-बार सतर्क एवं सावधान करने के साथ डराते भी है। यह डराने वाला ही आंकड़ा है कि भारत में हर साल वायु प्रदूषण से 20 लाख मौतें होती हैं। देश में होने वाली मौतों का यह पांचवां बड़ा कारण है। दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण में पराली और पटाखों की ही तरह वाहनों एवं भवन-निर्माण से जुड़ा प्रदूषण भी खतरनाक होता है। भू-विज्ञान मंत्रालय के एक रिसर्च के अनुसार वायु निर्माण में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी वाहनों की रहती है। भवन निर्माण आदि से उड़नेवाली धूल 21.5 प्रतिशत के दूसरे स्थान पर है। दिल्ली परिवहन विभाग के आंकड़े के मुताबिक पिछले 30 साल में वाहन और उनसे होने वाला प्रदूषण तीन गुणा बढ़ गया है। फिर भी सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को बेहतर और विश्वसनीय बनाने की दिशा में कुछ खास नहीं किया गया। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। क्या हमें किसी चाणक्य के पैदा होने तक इन्तजार करना पड़ेगा, जो जड़ों में मठ्ठा डाल सके।...नहीं, अब तो प्रत्येक राजनीतिक मन को चाणक्य बनना होगा। तभी विकराल होती वायु प्रदूषण की समस्या से मुक्ति मिलेगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिल्ली के प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत के आसपास है। अभी से हर दिन पराली जलाने की घटनाएं दर्ज होने लगी है। क्या इसे रोकना वाकई इतना कठिन है? आखिर दिल्ली, पंजाब के साथ केंद्र सरकार इसके लिए क्या कर रही है कि किसान पराली न जलाएं? सच यह है कि इसके लिए कोई प्रभावी कोशिश हो ही नहीं रही है। किसानों से बात करने का साहस कोई भी सरकार नहीं दिखा रही है। ऐसा माहौल बना दिया गया है, मानो खेती के नाम पर कुछ भी करने की छूट है। इसका कारण राजनीतिक ही है। कोई किसान है, इसका यह अर्थ नहीं कि उसे वातावरण को दमघोंटू बनाने एवं लोगों के जीवन को संकट में डालने का अधिकार है। अभी से दिल्ली की आबोहवा बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से खतरनाक होने लगती है। दिल्ली की हवा में उच्च सांद्रता है, जो बच्चों को सांस की बीमारी और हृदय रोगों की तरफ धकेल रही है। शोध एवं अध्ययन में यह भी पाया गया है कि यहां रहने वाले 75.4 फीसदी बच्चों को घुटन महसूस होती है। 24.2 फीसदी बच्चों की आंखों में खुजली की शिकायत होती है। सर्दियों में बच्चों को खांसी की शिकायत भी होती है। बुजुर्गों का स्वास्थ्य तो बहुत ज्यादा प्रभावित होता ही है। सर्दियों के मौसम में हवा में घातक धातुएं होती हैं, जिससे सांस लेने में दिक्कत आती है। हवा में कैडमियम और आर्सेनिक की मात्रा में वृद्धि से कैंसर, गुर्दे की समस्या और उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इसमें पराली के प्रदूषण से घातकता कई गुणा बढ़ जाती है। पटाखों का प्रदूषण उससे भी घातक है। 300 से अधिक एक्यूआइ वाले शहरों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले सांस के रूप में जहर खींचने को क्यों विवश है, इसके कारणों पर इतनी बार चर्चा हो चुकी है कि उन्हें दोहराने की आवश्यकता नहीं।

# फेयर से डस्की तक.स्किन टोन के हिसाब से कैसे चुनें सही फाउंडेशन, ये टिप्स आयेंगे काम

**मेकअप न सिर्फ चेहरे के फीचर्स को डिफाइन करता है. बल्कि खूबसूरती को और बढ़ा देता है. परफेक्ट मेकअप के लिए सबसे जरूरी होता है फाउंडेशन. ये चेहरे के दाग-धब्बे को छिपाने का काम करता है और चेहरे को एक क्लीन लुक देता है. फाउंडेशन सही नहीं हो तो पूरा मेकअप ही खराब है. एक परफेक्ट बेस के लिए सही शेड का फाउंडेशन होना बेहद जरूरी है. लेकिन अक्सर महिलाएं फाउंडेशन खरीदते समय अपने चेहरे से लाइट या डार्क शेड का फाउंडेशन खरीद लेती हैं. इससे या तो उनका चेहरा बहुत ज्यादा सफेद दिखता है या फिर काला.**

कुछ महिलाओं का अक्सर ये सवाल रहता है कि आखिर सही शेड के फाउंडेशन का चुनाव कैसे करें. अगर आप भी इसी दुविधा में हैं तो आज हम आपको कुछ टिप्स बताएंगे , जिसकी मदद से आप फाउंडेशन खरीदते समय अपने लिए सही शेड चुन सकेंगी. ये आपके मेकअप को परफेक्ट बनाएंगा और फ्लॉलेस बेस देगा.





## अंडरटोन पहचानें

सही फाउंडेशन चुनने के लिए सबसे पहले आपको अपनी अंडरटोन पहचाननी है. अंडरटोन की तरह की होती है इससे जानने के लिए आपको अपनी कलाई की




नसों को नेचुरल लाइट में देखना है. अगर नसों का कलर हरा है तो आप वॉर्म टोन हैं. अगर नसों का कलर बैंगनी या नीला है तो कूल अंडरटोन है. वहीं अगर नसों का कलर दोनों तरह का है तो आपका टोन न्यूट्रल है.

## स्किनटाइप के हिसाब से चुने फाउंडेशन

सही फाउंडेशन शेड के लिए स्किनटाइप का पता होना भी बहुत जरूरी है. जैसे आपकी स्किन ऑयली है, ड्राई है या फिर कॉम्बिनेशन. अगर आपकी स्किन ऑयली है तो सुपर स्टे वाला फाउंडेशन चुनें. वहीं, अगर आपकी स्किन ड्राई है तो छ्द्ग24 या सैटिन फिनिश वाला फाउंडेशन सेलेक्ट करें और कॉम्बिनेशन स्किन के लिए आप किसी भी तरह का फाउंडेशन चुन सकती हैं.

## कैसे चुनें सही शेड?

फाउंडेशन का सही शेड चुनने के लिए आप थोड़ा सा फाउंडेशन लें और उससे अपनी जॉलाइन पर लगाएं. इसके बाद इसे हल्के हाथों



से रब करें. अगर ये आपकी स्किन में अच्छे से मैच होता है तो ये सही शेड है. वहीं अंडरटोन के हिसाब से फाउंडेशन चुनने के लिए आप अपनी कलाई पर फाउंडेशन लगाएं और उसे ब्लेंड करें. फाउंडेशन नसों के कलर से मेल खाता है तो आपका शेड सही है.